कार्यालय प्राचार्य

**शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही, जिला – बालोद (छ.ग.)**

**Website - http://www.govtcollegegunderdehi.in/** **Email Id – gskycollege@gmail.com**

गुण्डरदेही, दिनांक – 30-10-2025

## // सूचना //

महाविद्यालय में अध्ययनरत् समस्त छात्र–छात्राओं को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में दिनांक 04-11-2025 को अपरान्ह 02:00 बजे कक्ष क्रमांक 17 में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। इस हेतु इच्छुक छात्र–छात्राएं श्री दीपांशु राठौर अथवा श्री हितेश कुमार के पास दिनांक 03-11-2025 तक अपना नाम अंकित करावें।

नोट – क्विज से संबंधित अध्ययन सामग्री कक्षाओं के व्हाट्सअप ग्रुप में साझा किया जायेगा।

30/10/2025

प्रभारी प्राध्यापक

प्राचार्य

PRINCIPAL
Govt. Shahid Koushal Yadav College
Gunderdehi, Distt.-Balod (C.G.)

NEW NOTICE_300

# जाति, जनजाति

1 'मलार' जनजाति के व्यावसायिक देव का नाम क्या है?

(A) लोहा झाड़ (B) बूढ़ा देव
(C) मौरा देव (D) नरम बाबा

*PSC RTI 2023-24*

उत्तर-(A)

व्याख्या- मलार जनजाति के व्यावसायिक देवता है-लोहा झाड़.

2 प्रमुख जनजाति एवं उनके प्रमुख जिला निवास के आधार पर सही जोड़ी बनाइये-

| स्तंभ – I | स्तंभ– II |
|---|---|
| (a) कोंध जनजाति | (I) बिलासपुर |
| (b) परजा जनजाति | (II) बीजापुर |
| (c) परधान जनजाति | (III) बस्तर |
| (d) बैगा जनजाति | (IV) महासमुंद |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें-

(A) a–I, b–II, c–III, d–IV
(B) a–IV, b–III, c–II, d–I
(C) a–II, b–I, c–III, d–IV
(D) a–III, b–II, c–IV, d–I

*Vya. FDFG 2024*

उत्तर-(B)

व्याख्या- जनजातियों और उनके प्रमुख जिलों की सही जोड़ी इस प्रकार है- कोंध- महासमुंद, परजा- बस्तर, परधान- बीजापुर, बैगा- बिलासपुर, मुंगेली, G-P-M

3 शहीद वीर नारायण सिंह किस जनजातीय समाज से है?

(A) गोंड (B) बिंझवार
(C) हल्या (D) कँवर

*Vya. FDFG 2024*

उत्तर-(B)

व्याख्या- सोनाखान के जमींदार शहीद वीर नारायण सिंह बिंझवार जनजाति से थे।

4 निम्नलिखित में कौन सा प्रतीक छत्तीसगढ़ के रामनामी संप्रदाय का प्रमुख प्रतीक नहीं है?

(A) जैत खाम्भ (B) भजन खाम्भ
(C) मोर मुकुट (D) लाल वस्त्र

*Vya. FDFG 2024*

उत्तर-(D)

व्याख्या- रामनामी संप्रदाय के लोग मोर मुकुट धारण करते हैं साथ ही भजन खाम्भ या जैत खाम्भ उनसे संबंधित है जबकि लाल वस्त्र उनका प्रमुख प्रतीक नहीं है।

5 निम्न में से किस जनजाति की व्युत्पत्ति बाण से मानी जाती है?

(A) भतरा (B) भैना
(C) कंडरा (D) धनवार

*Vya. HELT 2024*

उत्तर-(C)

व्याख्या- कंडरा जनजाति अपनी उत्पत्ति कांड या बाण से मानती है। यह जनजाति छत्तीसगढ़ के रायपुर, धमतरी, राजनांदगांव एवं दुर्ग क्षेत्रों में निवास करती है.

6 कुछ अनुसूचित जनजातियों को 'पी.वी.टी.जी.' के रूप में वर्गीकृत करने का आधार क्या है?

(i) जाति
(ii) घटती जनसंख्या या स्टेटिक जनसंख्या
(iii) साक्षरता का निम्न स्तर
(iv) लिंग अनुपात

(A) (i) एवं (ii) सही हैं (B) (iii) एवं (iv) सही हैं
(C) (i) एवं (iv) सही हैं (D) (ii) एवं (iii) सही हैं

*PSC A Pre 2023*

उत्तर-(D)

व्याख्या- PVTG की पहचान का मुख्य आधार है- अर्थव्यवस्था का आधार- कृषि पूर्व तकनीक, जनसंख्या स्थिर होना या घटना, अत्यधिक कम साक्षरता दर, अन्य जनजाति समूहों से अलगाव

7 2011 की जनसंख्या के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य के कितने जिलों में अनुसूचित जनजातियों की संख्या 25% से अधिक है?

(A) 14 (B) 16
(C) 17 (D) 15

*PSC A Pre 2023*

उत्तर-(विलोपित)

व्याख्या- विलोपित

8 बस्तर के कृषि पर आधारित लोकोत्सव को कृषि कार्य से सुमेलित कीजिए।

| | |
|---|---|
| (a) कारे पण्डुम | (i) कटाई परब |
| (b) बोटिगटी पण्डुम | (ii) बियासी परब |
| (c) पच्चिग पण्डुम | (iii) वृक्ष काटने, जलाने का परब |
| (d) तोर परब | (iv) बीज बोने का |

(a) (b) (c) (d)
(A) (iii) (iv) (ii) (i)
(B) (i) (ii) (iii) (iv)
(C) (iv) (iii) (ii) (i)
(D) (ii) (iv) (iii) (i)

*PSC A Pre 2023*

उत्तर-(A)

व्याख्या- बस्तर क्षेत्र में कृषि पर आधारित लोकोत्सव है- कारे पण्डुम – वृक्ष काट-जला कर खेत तैयार करना। बोटिगटी पण्डुम – बीज बुवाई के दौरान। पच्चिग पण्डुम – बियासी के दौरान। तोरम पण्डुम – फसल कटाई पर।

नीचे दो कथन दिए गए है, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) का नाम दिया गया है।
अभिकथन (A) : घोटुल की उत्पत्ति के जनक 'लिंगोपेन' है।
कारण (R) : 'लिंगो पेन' बस्तर भूमि का खेतीहर देव भी है।
कूट :
(A) A और R दोनों सही हैं (B) A गलत है और R सही है
(C) A सही है और R गलत है (D) A और R दोनों गलत हैं

*PSC A Pre 2023*
उत्तर–(C)

व्याख्या– लिंगोपेन को घोटुल का संस्थापक और नियामक देव माना जाता है।

10 बस्तर की लोकसंस्कृति में 'विवाह– माँडो' (मण्डप) पर 'मोंगरहन खाम' गाड़ने के लिए निम्नलिखित में से किस लकड़ी का प्रयोग किया जाता है?
(A) महुआ (B) बेल
(C) आम (D) सरई

*PSC A Pre 2023*
उत्तर–(*)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में विवाह मण्डप पर मोंगरहन खाम गाड़ने के लिए महुआ, आम आदि लकड़ियों का प्रयोग किया जाता है।

11 मुड़िया जनजाति में मृत्यु के अवसर पर बुजुर्गों द्वारा गाए जाने वाला गीत कहलाता है
(A) लिंगो पाटा (B) घोटुल पाटा
(C) मरम पाटा (D) हुलकी पाटा

*PSC A Pre 2023*
उत्तर–(B)

व्याख्या– मुड़िया जनजाति में मृत्यु के अवसर पर बुजुर्गों द्वारा घोटुल पाटा गाया जाता है। इसमें गोंड़ी भाषा में राजा जोलोंग साय की कथा सुनायी जाती है।

12 निम्नलिखित में से छत्तीसगढ़ के किन स्थानों पर संविधान की पाँचवीं अनुसूची प्रवृत्त हैं?
(i) धर्मजयगढ़
(ii) डोंडी लोहारा
(iii) मानपुर और मोहला विकास खण्ड
(iv) कांकेर जिला
(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) (i), (ii), (iii)
(C) (i), (iii), (iv) (D) (i), (ii), (iv)

*PSC AD Agri. 2023*
उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के धर्मजयगढ़, डोंडी लोहारा, मानपुर, मोहला विकासखण्ड और कांकेर जिला में संविधान की पांचवीं अनूसूची लागू है।

13 हल्बा जनजाति में ककई– पानी किसे दिया जाता है?
(A) प्रसूति को प्रसूति के बाद दिया जाने वाला औषधि–पानी
(B) किशोरी बालिका को रजस्वला होने पर दिया जाता है
(C) कुपोषित बालिकाओं को दिया जाता है
(D) अस्वस्थ्य वयस्क महिला को दिया जाता है

*PSC AD Agri. 2023*
उत्तर–(A)

व्याख्या– हल्बा जनजाति में प्रसूति के पश्चात् प्रसूता को दिए जाने वाला औषधि युक्त पानी ककई पानी कहलाता है।

14 गोंडी बोली में तलुर मुत्ते किस देवी के लिए प्रयुक्त होता है?
(A) बूढ़ी माई (B) ग्राम देवी
(C) कसलाई माई (D) वन देवी

*PSC AD Agri. 2023*
उत्तर–(B)

व्याख्या– गोंडी बोली में ग्राम देवी के लिए तलुर मुत्ते शब्द प्रयोग में लाया जाता है।

15 बस्तर की आदिवासी मान्यता के अनुसार घोटुल की उत्पत्ति के जनक कौन हैं?
(A) सहड़ा देव (B) माटी देव
(C) ठाकुर देव (D) लिंगोपेन

*PSC AD Agri. 2023*
उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर की आदिवासी मान्यता के अनुसार घोटुल की उत्पत्ति के जनक लिंगोपेन हैं।

16 विश्व की सबसे अधिक गुदना प्रिय कौन सी जनजाति है?
(A) कमार (B) कोरवा
(C) भारिया (D) बैगा

*Vya. CBAS 2023*
उत्तर–(D)

व्याख्या– बैगा जनजाति विश्व की सबसे अधिक गोदना प्रिय जनजाति है।

17 घोटुल युवागृह का उद्देश्य नहीं है–
(A) सेवाभाव जागृत करना (B) रोजगार उपलब्ध कराना
(C) सामाजिक शिक्षा देना (D) जीवनसाथी के चुनाव में सहायक

*Vya. CBAS 2023*
उत्तर–(B)

व्याख्या– युवागृह घोटुल के उद्देश्य हैं – सदस्यों को सामाजिक शिक्षा देना, उनमें सेवाभाव जागृत करना, जीवनसाथी के चुनाव में सहायता करना। रोजगार उपलब्ध कराना घोटुल का उद्देश्य नहीं है।

18 निम्नलिखित जनजातियो में से किसे छत्तीसगढ़ का पीवीटीजी (आदिम जन जातीय समूह) माना जाता है?

(A) बैगा (B) कंवर

(C) हलबा (D) गोंड़

*Vya. LVAM 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बैगा, छत्तीसगढ़ में निवासरत PVTGs में से एक जनजाति है।

19 कंवर जनजाति में सुक क्या है?

(A) दहेज (B) दूल्हे की कीमत

(C) A और B दोनों (D) इनमें से कोई नहीं

*Vya. LVAM 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कंवर जनजाति में दहेज को सुक कहते है।

20 कंवर लोग निम्नलिखित में से किस देवता की पूजा करते है?

(A) दूल्हा देव (B) बहान देव

(C) शिकार देव (D) उपरोक्त सभी

*Vya. LVAM 2023*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कंवर जनजाति में दूल्हा देव, बहान देव और शिकार देव की पूजा की जाती है।

21 छत्तीसगढ़ की कुछ जनजातियों का सैला नृत्य कब से आरम्भ होता है?

(A) शरद पूर्णिमा (B) माघी पूर्णिमा

(C) दशहरा (D) दीवाली

*Vya. MBD 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की कुछ जनजातियों का सैला नृत्य शरद पूर्णिमा से आरम्भ होता है।

22 जनजातियों में 'पारद' का संबंध किस क्रियाकलाप से है?

(A) शिकार (B) जन्म

(C) विवाह (D) मृत्यु

*Vya. MBD 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– जनजातियों में पारद शब्द का अर्थ शिकार होता है।

23 छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित जनजाति में प्रसव के लिये महिला हेतु अलग से झोपड़ी बनायी जाती है जिसे कुम्बा कहा जाता है–

(A) पण्डो (B) बैगा

(C) कंवर (D) पहाड़ी कोरवा

*Vya. MBD 2023*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के पहाड़ी कोरवा जनजाति में प्रसव के लिये महिला हेतु अलग से झोपड़ी बनायी जाती है जिसे कुम्बा कहा जाता है।

24 'पठौनी विवाह' छत्तीसगढ़ की किस जनजाति से संबंधित है?

(A) परजा (B) बैगा

(C) गोंड (D) कोरकु

*Vya. MBD 2023*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पठौनी विवाह छत्तीसगढ़ की गोंड जनजाति में प्रचलित है।

25 काकसाड़ नृत्य किस जनजाति द्वारा किया जाता है?

(A) उरांव (B) अबूझमाडिया

(C) कोरवा (D) पंडो

*Vya. MBD 2023*

उत्तर–(B)

व्याख्या– काकसाड़ नृत्य अबूझमाडिया जनजाति द्वारा किया जाता है।

26 कडखडण्डी छत्तीसगढ़ की किस जनजाति का गाथा महाकाव्य है–

(A) कोरवा (B) पण्डो

(C) ओरांव (D) गोंड

*Vya. PHEH 2023*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कडखडण्डी ओरांव जनजाति का गाथा महाकाव्य है।

27 इस राज्य के किस जनजाति में चौखुंटिया नामक एक उपजाति होती है?

(A) भुंजिया (B) भैना

(C) बिंझवार (D) सैंता

*Vya. PHEH 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– चौखटिया एवं छिन्दी भुंजिया की उपजाति है।

28 बस्तर में युद्ध की देवी के रूप में किसकी उपासना की जाती है?

(A) दंतेश्वरी (B) मावली माता

(C) कच्छिन देवी (D) कुदुम तुला

*Vya. PHEH 2023*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर में युद्ध की देवी के रुप में कुदुम तुला देवी की उपासना की जाती है।

29 छत्तीसगढ़ की बिरहोर जनजाति मानव शास्त्रियों के अनुसार निम्नलिखित में से किस प्रजाति समूह के है?

(A) नीग्रोलाइड (B) काकेसाइड

(C) मंगोलाइड (D) प्रोटोआस्ट्रोलाइड

*Vya. PHEH 2023*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की बिरहोर जनजाति प्रोटोआस्ट्रोलाइड प्रजाति से संबंधित है।

30 इस राज्य की लोक संस्कृति में चूरापाट किस वृक्ष में बांधा जाता है?
(A) अमरुद का पेड़ (B) आम का पेड़
(C) बेर का पेड़ (D) बेल का पेड़

*Vya. PHEH 2023*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बेर के पेड़ पर चूरापाट बांधा जाता है।

31 जातीय समूह कुरूख उपनाम का क्या अर्थ है?
(A) फलों का पौधा (B) सजावटी का पौधा
(C) औषधीय पौधा (D) मसाले का पौधा

*Vya. S.I. 2023*

उत्तर–(C)

व्याख्या– जातीय समूह कुरुख का अर्थ है– औषधीय पौधा।

32 बैगा जनजाति छत्तीसगढ़ के किस जिले में प्रमुख रूप से निवास करती है?
(A) बिलासपुर, कवर्धा, राजनांदगाव, मुंगेली
(B) सरगुजा, कोरिया, सुरजपुर, बलरामपुर
(C) दंतेवाड़ा, बस्तर, बीजापुर, सुकुमा
(D) नारायणपुर, कोण्डागांव, कांकेर, धमतरी

*Vya. S.I. Mains 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बैगा जनजाति बिलासपुर, G–P–M, कवर्धा, राजनांदगाव, K–C–G, मुंगेली जिले में निवास करती है।

33 निम्नलिखित कथनों को पढ़िये–
अ) कोरबा जनजाति की पंचायत मयारी कहलाती है।
ब) उत्तरी छत्तीसगढ़ में भोटिया जनजाति पायी जाती है।
स) कुरुख उरॉव जनजाति की भाषा है।
द) धनका उरॉव जनजाति की उप जनजाति है।
सही उत्तर चुनिये
(A) अ, ब, स सही है (B) अ, स, द सही है
(C) ब, स, द सही है (D) उपरोक्त सभी सही हैं

*Vya. S.I. Mains 2023*

उत्तर–(B)

व्याख्या– भोटिया जनजाति मुख्य रूप से उत्तर भारत में पायी जाती है छत्तीसगढ़ में इनका निवास नहीं है।

34 जनगणना 2011 के अनुसार, छत्तीसगढ़ का लगभग कितना क्षेत्र आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के अन्तर्गत आता है?
(A) 78000 वर्ग किमी. (B) 88000 वर्ग किमी.
(C) 98000 वर्ग किमी. (D) 108000 वर्ग किमी.

*PSC A Pre 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– जनगणना 2011 के अनुसार, छत्तीसगढ़ का 88000 वर्ग किमी. क्षेत्र आदिवासी उपयोजना क्षेत्र के अन्तर्गत आता है।

35 छत्तीसगढ़ में घोषित अनुसूचित क्षेत्र के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन–कौन से सही हैं?
(i) सरगुजा – सम्पूर्ण जिला (ii) कोरबा – सम्पूर्ण जिला
(iii) रायगढ़ – सम्पूर्ण जिला (iv) जशपुर – सम्पूर्ण जिला
(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) केवल (i), (ii)
(C) केवल (i), (ii), (iii). (D) केवल (i), (ii), (iv)

*PSC A Pre 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के अनुसूचित क्षेत्र है, पूर्णत: शामिल जिले – बस्तर व सरगुजा संभाग के सभी जिले, कोरवा, G–P–M, मोहला–मानपुर। इसके अलावा अंशत: शामिल जिले हैं– गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बालोद, कवीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर व रायगढ़।

36 जनजातीय विकास प्रशासन में, माडा (MADA) के अन्तर्गत क्षेत्र शामिल हैं :
(i) बलौदा बाजार (ii) नचनिया
(iii) कवर्धा (iv) गौरेला
(A) (i), (ii), (iii), (iv) (B) केवल (i), (ii), (iv)
(C) केवल (i), (ii), (iii) (D) केवल (ii), (iii), (iv),

*PSC A Pre 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से गौरेला आदिवासी विकासखण्ड के अंतर्गत शामिल है शेष विकासखण्ड माडा के अंतर्गत आते हैं।

37 एस.सी. राय के अनुसार बिरहोर जनजाति में कितने गोत्रों की चर्चा हुई है?
(A) 30 (B) 37
(C) 42 (D) 45

*PSC ARO (Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– एस.सी. राय के अनुसार बिरहोर जनजाति में 37 गोत्र हैं.

38 'भारतीय आदिवासी : उनकी संस्कृति और सामाजिक पृष्ठभूमि' पुस्तक किसने लिखी?
(A) एल.पी. विद्यार्थी (B) इन्द्रदेव
(C) एस.सी.दुबे (D) टी.बी. नायक

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– एल.पी. विद्यार्थी की पुस्तक– 'भारतीय आदिवासी : उनकी संस्कृति और सामाजिक पृष्ठभूमि'

39 किसने कहा है कि, एक गोत्र अधिकांश रूप में कुल वंशों का योग होता है और यह अपनी उत्पत्ति एक कल्पित पूर्वज से मानते हैं, जो कि मानव, मानव के समान, पशु, पेड़–पौधा या निर्जीव वस्तु तक हो सकता है?

(A) एस.सी.दुबे (B) एम.एन. श्रीनिवास

(C) मजूमदार एवं मदान (D) आर. के. जैन

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– मजूमदार एवं मदान ने कहा है कि, एक गोत्र अधिकांश रूप में कुल वंशों का योग होता है और यह अपनी उत्पत्ति एक कल्पित पूर्वज से मानते हैं, जो कि मानव, मानव के समान, पशु, पेड़–पौधा या निर्जीव वस्तु तक हो सकता है.

40 किस जनजाति में मातृसत्तात्मक व्यवस्था पाई जाती है?

(A) खासी (B) गारो

(C) जयन्तिया (D) उपरोक्त सभी

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– खासी, गारो तथा जयन्तिया इन सभी जनजातियों में मातृसत्तात्मक व्यवस्था पाई जाती है.

41 छत्तीसगढ़ में गोंड जनजाति की कितनी शाखाएँ पाई जाती है?

(A) 25 (B) 30

(C) 28 (D) 32

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में गोंड जनजाति की 30 शाखाएँ पाई जाती है.

42 ओराँव जनजाति की बोली किस भाषा परिवार के अंतर्गत आती है?

(A) द्रविड़ भाषा परिवार (B) मुण्डा भाषा परिवार

(C) आर्य भाषा परिवार (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– ओराँव जनजाति की बोली कुरूख, द्रविड़ भाषा परिवार अंतर्गत आती है.

43 निम्नलिखित में से कौन–सी गोत्र की विशेषता नहीं है?

(A) बहिर्विवाही (B) अंत: विवाही

(C) सामान्य पूर्वज (D) एकपक्षीय प्रकृति

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– गोत्र बहिर्विवाही होता है, एक ही गोत्र में विवाह वर्जित होता है।

44 छत्तीसगढ़ जनजातीय अनुसंधान केन्द्र कहाँ स्थित है?

(A) बीजापुर (B) दुर्ग

(C) रायपुर (D) बिलासपुर

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ जनजातीय अनुसंधान केन्द्र रायपुर में स्थित है.

45 किस जनजाति में घोड़े को छूना वर्जित है?

(A) बैगा (B) गोंड

(C) हल्बा (D) कमार

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कमार जनजाति में घोड़े को छूना वर्जित है.

46 कोसमा पेय किस जनजाति में प्रचलित है?

(A) बैगा (B) माड़िया

(C) ओराँव (D) गोंड

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कोसमा पेय ओराँव जनजाति में प्रचलित है.

47 जनसंख्यात्मक आधार पर छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी जनजाति कौन–सी है?

(A) बैगा (B) बिरहोर

(C) गोंड (D) कोल

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– जनसंख्यात्मक आधार पर छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी जनजाति गोंड है.

48 अबूझमाड़िया में घोटुल के अन्दर किस देवता की पूजा होती है?

(A) बूढ़ा देव (B) ठाकुर देव

(C) नाग देव (D) तालूरमुन्ते देव

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– अबूझमाड़िया में घोटुल के अन्दर तालूरमुन्ते देव की पूजा होती है.

49 बिलमा किस जनजाति से सम्बन्धित है?

(A) कंवर और पण्डो (B) बैगा और गोंड

(C) ओराँव और बिरहोर (D) मुरिया और भतरा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– बिलमा नृत्य बैगा और गोंड जनजाति द्वारा विजयादशमी के समय किया जाता है।

50 सामान्य तौर पर जामुन की छाल एवं फल आदिवासी किस बीमारी के इलाज हेतु प्रयोग करते है?

(A) कमर दर्द (B) सर दर्द

(C) आँख की बीमारी (D) पेट दर्द

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– सामान्य तौर पर जामुन की छाल एवं फल आदिवासी पेट दर्द के इलाज हेतु प्रयोग करते है.

51 किस जनजाति में परम्परा पंचायत के मुखिया को भोई कहा जाता है?

(A) कमार (B) ओराँव

(C) पण्डो (D) गोंड

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– गोंड जनजाति में परम्परा पंचायत के मुखिया को भोई कहा जाता है.

52 गोल–गधेड़ो प्रथा किस जनजाति में पाई जाती है?

(A) कोरवा (B) भील

(C) बैगा (D) पनका

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– गोल–गधेड़ो प्रथा भील जनजाति में पाई जाती है.

53 किस जनजाति का पारंपरिक पेशा भूमि खोदना है?

(A) कोरकू (B) बैगा

(C) खरिया (D) खैरवार

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कोरकू जनजाति का पारंपरिक पेशा भूमि खोदना है

54 किस जनजाति में गाँव से बाहर ऊँचे खंभे को मेघनाद त्यौहार मनाने हेतु गाड़ा जाता है?

(A) कोरकू (B) पनका

(C) पण्डो (D) कमार

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कोरकू जनजाति मेघनाद पर्व के दौरान गाँव से बाहर ऊंचा स्तंभ गाड़ती है।

55 छत्तीसगढ़ में किस जिले को जनजातियों की भूमि कहा जाता है?

(A) महासमुन्द (B) बीजापुर

(C) बस्तर (D) दुर्ग

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बस्तर जिले को जनजातियों की भूमि कहा जाता है.

56 किस जनजाति में मेयारी की परम्परा का अनुसरण होता है?

(A) माड़िया (B) पहाड़ी कोरवा

(C) बिरहोर (D) अगरिया

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– पहाड़ी कोरवा जनजाति की जातिगत पंचायत को मयारी या मेयारी कहते है.

57 छत्तीसगढ़ की किस जनजाति में घर में सदस्य की मृत्यु होने पर नया घर बना लेते हैं?

(A) मुण्डा (B) कमार

(C) पहाड़ी कोरवा (D) ओराँव

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– कमार जनजाति में घर में सदस्य की मृत्यु होने पर नया घर बना लेते हैं.

58 छत्तीसगढ़ की किस जनजाति में बारिश न होने पर कप्पल पेंडुल अर्थात् मेंढकों का त्यौहार स्त्रियों द्वारा मनाया जाता है?

(A) मुण्डा (B) नगेसिया

(C) पारधी (D) दोरला

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– दोरला जनजाति में बारिश न होने पर कप्पल पेंडुल अर्थात् मेंढकों का त्यौहार स्त्रियों द्वारा मनाया जाता है

59 एक सामान्य संस्कृति निम्न में से किसकी विशेषता है?

(A) पिछड़ा वर्ग (B) वर्ण व्यवस्था

(C) जनजाति (D) उच्च जातियाँ

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– एक सामान्य संस्कृति जनजाति की विशेषता है.

60 छत्तीगढ़ की किस जनजाति में साक्षरता की दर सबसे कम है?

(A) हल्बा (B) मुण्डा

(C) बिरहोर (D) गोण्ड

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार दिये गये विकल्पों में से बिरहोर जनजाति में साक्षरता की दर सबसे कम है.

61 छत्तीसगढ़ की सबसे ज्यादा साक्षर जनजाति कौन–सी है?

(A) हल्बा (B) गोंड

(C) खरिया (D) बैगा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार छत्तीसगढ़ की सबसे ज्यादा साक्षर जनजाति हल्बा है.

62 **किस जनजाति में रजस्वला होने से पूर्व कन्या का विवाह बाण से कराया जाता है?**

(A) भुंजिया (B) अबूझमाड़िया
(C) बैगा (D) पण्डो

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– भुंजिया जनजाति में रजस्वला होने से पूर्व कन्या का विवाह बाण से कराया जाता है.

63 **छत्तीसगढ़ कें किस जनजाति में 'दरहा' परम्परा का पालन किया जाता है?**

(A) पण्डो (B) मुण्डा
(C) कोरवा (D) खरिया

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के कोरवा जनजाति में शरीर पर आग से दागकर निशान बनाते है जिसे दरहा कहते है।

64 **छत्तीसगढ़ की किस जनजाति के देवता का निवास 'धधकती भट्टी ' में माना जाता है?**

(A) परजा (B) अगरिया
(C) खरिया (D) मझवार

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– अगरिया जनजाति के देवता का निवास धधकती भट्टी में माना जाता है, इनका मूल कार्य लोहा गलाना है।

65 **छत्तीसगढ़ की गोंड जनजाति में युवागृह को किस नाम से जानते हैं?**

(A) रंगबंग (B) घोटुल
(C) धूमकुरिया (D) गीतिओरा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में गोंड की उपजाति मुड़िया के युवागृह को घोटुल कहा जाता हैं.

66 **छत्तीसगढ़ के किस जिले में जनजातियों की सर्वाधिक जनसंख्या है?**

(A) दन्तेवाड़ा (B) बस्तर
(C) जशपुर (D) कांकेर

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में जनजातियों की सर्वाधिक जनसंख्या है.

67 **छत्तीसगढ़ में विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह की संख्या कितनी है?**

(A) तीन (B) चार
(C) पाँच (D) सात

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह (PVTG) की संख्या पाँच है.

68 **बेठिया प्रथा का प्रचलन किस क्षेत्र में है?**

(A) जशपुर (B) बिलासपुर
(C) बस्तर (D) राजनांदगाँव

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बेठिया प्रथा का प्रचलन बस्तर क्षेत्र में है यह सहकारिता पर आधारित प्रथा है।

69 **निम्नलिखित में से कौन–सा एक जनजातियों के विस्थापन का प्रभाव नहीं है?**

(A) जीवन–शैली में बदलाव (B) आर्थिक समस्याएँ
(C) भाईचारे में वृद्धि (D) संस्कृति में वृद्धि

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– जनजातियों के विस्थापन से उनके भाईचारे में वृद्धि नहीं होती है.

70 **बस्तर की जनजातियों के नृत्यों के विभाजन में ककसार निम्नलिखित में से किस वर्ग का नृत्य है?**

(A) जात्रा (B) रासबेड़ा
(C) दंडरास (D) क्रीड़ा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– ककसार जात्रा वर्ग का नृत्य है.

71 **भारत की किस जनजाति में सहकष्टी व्यवहार प्रचलित है?**

(A) नागा (B) खस
(C) टोडा (D) सन्थाल

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– भारत की टोडा जनजाति में सहकष्टी व्यवहार प्रचलित है

72 **छत्तीसगढ़ का मड़ई निम्नलिखित में से किससे जुड़ा है?**

(A) अर्थव्यवस्था (B) सांस्कृतिक क्रियाएँ
(C) जीवनसाथी चयन (D) उपरोक्त सभी

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक क्रियाएँ तथा जीवनसाथी चयन ये सभी छत्तीसगढ़ की मड़ई से संबंधित है.

73 निम्नलिखित में से कौन–सी विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह की विशेषता नहीं है?
(A) आधुनिक कृषि (B) कम होती हुई जनसंख्या
(C) अत्यंत कम साक्षरता (D) अत्यंत पिछड़ी आर्थिक स्थिति

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कम होती हुई जनसंख्या, अत्यंत कम साक्षरता तथा अत्यंत पिछड़ी आर्थिक स्थिति ये सभी असुरक्षित जनजातीय समूह (PVTG) की विशेषता है.

74 किस जनजाति में लिंगो–पेन को घोटुल के संस्थापक और नियामक माना जाता है?
(A) ओरॉंव (B) बैगा
(C) गोंड (D) हल्बा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– गोंड जनजाति में लिंगो–पेन को घोटुल का संस्थापक और नियामक माना जाता है.

75 किस जनजाति में भ्रातृक बहुपति विवाह पाया जाता रहा है?
(A) टोडा (B) सन्थाल
(C) ओरॉंव (D) नागा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– टोडा जनजाति में भ्रातृक बहुपति विवाह का प्रचलन पाया जाता है।

76 छत्तीसगढ़ के जनजातियों के पारम्परिक वैद्य कौन–सी जनजाति मानी जाती है?
(A) गोंड (B) पनका
(C) अगरिया (D) बैगा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बैगा को छत्तीसगढ़ के जनजातियों के पारम्परिक वैद्य जनजाति मानी जाती है.

77 लमसेना विवाह किस जनजाति में प्रचलित रहा है?
(A) गोंड (B) मुण्डा
(C) अगरिया (D) बैगा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बैगा जनजाति में प्रचलित सेवा विवाह को ही लमसेना विवाह कहा जाता है।

78 किस जनजाति की विवाह पद्धति बरोखी कहलाती है?
(A) गोंड (B) बैगा
(C) पण्डो (D) भूमिज

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पण्डो जनजाति में वधु मूल्य के अभाव में बरोखी विवाह किया जाता है।

79 छत्तीसगढ़ में कौन–सी जनजाति सबसे अधिक विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह है?
(A) गोंड (B) हल्बा
(C) अबूझमाड़िया (D) ओरॉंव

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– दिये गये विकल्पों में से अबूझमाड़िया छत्तीसगढ़ में निवासरत विशिष्टतः असुरक्षित जनजातीय समूह (PVTG) है.

80 छत्तीसगढ़ की कौन–सी जनजाति आर्थिक रूप से सर्वाधिक सम्पन्न है?
(A) गोंड (B) हल्बा
(C) बैगा (D) मुण्डा

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवासरत जनजातियों में हल्बा जनजाति आर्थिक रूप से सर्वाधिक सम्पन्न है, इनमें शिक्षा का स्तर भी बेहतर है।

81 गैना पाटा किस जनजाति से संबंधित है?
(A) मुरिया (B) हलबी
(C) दण्डामी माड़िया (D) गोंड

*PSC ARTO 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– गैना पाटा का गायन दण्डामी माड़िया जनजाति करती है.

82 छत्तीसगढ़ राज्य की किस जनजाति को 'हरबोला' भी कहा जाता है?
(A) रायपुरिहा देवार (B) बंजारा
(C) अहीर (D) बसदेवा

*PSC ARTO 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य की बसदेवा जनजाति को हरबोला भी कहा जाता है.

83 मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के कार्यक्षेत्र में शामिल है:
(i) सम्पूर्ण राजस्व जिला कोरबा
(ii) रायगढ़ के आंशिक क्षेत्र
(iii) गरियाबंद के आंशिक क्षेत्र
(iv) बालोद के आंशिक क्षेत्र
(A) (i) (ii) (iii) एवं (iv) (B) (i) (ii) एवं (iii)
(C) (ii) (iii) एवं (iv) (D) (i) (ii) एवं (iv)

*PSC Ayurveda Med Off 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मध्यक्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के कार्यक्षेत्र में शामिल हैं– 1. पूर्णतः शामिल जिले – कोरबा, G–P–M, मोहला–मानपुर. 2. अंशतः शामिल जिले – गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद, राजनांदगांव, बलौदाबाजार, बालोद, कबीरधाम, मुंगेली, बिलासपुर, रायगढ़.

84 बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का गठन कब हुआ है?

(A) 2004 (B) 2019

(C) 2020 (D) 2009

*PSC Ayurveda Med Off 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का गठन 2004 में तथा 2019 में पुनर्गठन हुआ है.

85 सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का कार्यक्षेत्र है:

(i) सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर

(ii) रामानुजगंज, जशपुर, कोरिया

(iii) रायगढ़, बिलासपुर, मुंगेली

(iv) मनेन्द्रगढ़, गौरेला–पेन्ड्रा, सारंगढ़

(A) (i) (ii) (iii) एवं (iv)

(B) (i) एवं (ii)

(C) (i) (ii) एवं (iii)

(D) (i) एवं (iii)

*PSC Ayurveda Med Off 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण का कार्यक्षेत्र है– सरगुजा, सूरजपुर, बलरामपुर, रामानुजगंज, जशपुर, कोरिया

86 निम्नलिखित में से कौन–सा सुमेलित नहीं हैं?

(A) कमार विकास प्रकोष्ठ – नगरी

(B) बिरहोर विकास प्रकोष्ठ – धरमजयगढ़

(C) पंडो विकास प्रकोष्ठ – गरियाबंद

(D) कमार विकास प्रकोष्ठ – भानुप्रतापपुर

*PSC Ayurveda Med Off 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों के लिए निर्मित विकास प्रकोष्ठ एवं स्थान निम्न है– 1. कमार विकास प्रकोष्ठ – नगरी, महासमुंद, भानुप्रतापपुर, 2. बैगा विकास प्रकोष्ठ – कोरिया, राजनांदगांव, मुंगेली, 3. पहाड़ी कोरवा विकास प्रकोष्ठ – कोरवा, बलरामपुर, 4. बैगा एवं बिरहोर विकास प्रकोष्ठ – धरमजयगढ़.

87 भारत सरकार के असाधारण राजपत्र भाग–II, अनुभाग–III, उप–अनुभाग–I दिनांक 20 फरवरी, 2003 में छत्तीसगढ़ राज्य में स्थित कितने जिलों को संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र परिभाषित किया है?

(A) पाँच (B) छ:

(C) सात (D) आठ

*PSC Ayurveda Med Off 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– भारत सरकार के असाधारण राजपत्र भाग–II, अनुभाग–III, उप–अनुभाग–I दिनांक 20 फरवरी, 2003 में छत्तीसगढ़ राज्य में सात जिलों को संपूर्ण अनुसूचित क्षेत्र परिभाषित किया है. ये जिले है– बस्तर, सरगुजा, उत्तर बस्तर कांकेर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, कोरिया, जशपुर, कोरबा.

88 गोण्ड जनजाति पुपुल साड़ त्यौहार किस माह में मनाते हैं?

(A) पौष माह (B) अगहन माह

(C) चैत माह (D) बैसाख माह

*PSC Ayurveda Med Off 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– गोण्ड जनजाति पुपुल साड़ त्यौहार पौष माह में मनाते हैं.

89 निम्नलिखित में से कौन–सा सुमेलित नहीं हैं?

(A) कवर्धा – माडा

(B) भानुप्रतापपुर – जनजातीय उपयोजना

(C) गोपालपुर – जनजातीय उपयोजना

(D) रूगजा – माडा

*PSC Ayurveda Med Off 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सुमेलित है– 1. माडा – कवर्धा, रूगजा, गोपालपुर. 2. जनजातीय परियोजना क्षेत्र – भानुप्रतापपुर.

90 गोण्ड आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था से जुड़ा पवित्र स्थल पोल मट्टा कहाँ स्थित है?

(A) कांकेर (B) जगदलपुर

(C) दंतेवाड़ा (D) नारायणपुर

*PSC Ayurveda Med Off 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– गोण्ड आदिवासी समाज की धार्मिक आस्था से जुड़ा पवित्र स्थल पोल मट्टा या पलंग मट्टा नारायणपुर जिले में स्थित है, मान्यतानुसार यह देवताओं का मिलन स्थल है।

91 गोंड़ी में 'डुमा देव' किसे कहते हैं–

(A) मातृ देवी (B) पितृ देव

(C) आदि देव (D) लोक देवी

*PSC ITI Pri 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– गोंड़ी में डुमा देव पितृ देव को कहते हैं.

92 निम्नलिखित में से किस जनजाति को भारत सरकार ने पी.वी.टी.जी. सूची में शामिल किया है–

(A) बिरहोर (B) हल्बा

(C) कंवर (D) बिंझवार

*PSC ITI Pri 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– दिये गये विकल्पों में बिरहोर जनजाति को भारत सरकार ने पी.वी.टी.जी. सूची में शामिल किया है.

93 दोरला जनजाति पूर्व में किस नाम से जानी जाती थी?

(A) माडिया (B) मुरिया

(C) अबूझमाड़िया (D) कोया

*PSC Mining 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– दोरला जनजाति पूर्व में कोया नाम से जानी जाती थी.

94 बस्तर की जनजातियाँ वर्षा के देव भीमा देव को प्रसन्न करने के लिए किस नृत्य का आयोजन करती है?

(A) क्रीड़ी नृत्य (B) छेरका नृत्य

(C) गेड़ी नृत्य (D) डन्डारी नृत्य

*PSC Mining 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर की जनजातियाँ वर्षा के देव भीमा देव को प्रसन्न करने के लिए गेड़ी नृत्य का आयोजन करती है.

95 साल वृक्ष की पूजा–अनुष्ठान में उरॉव जनजाति द्वारा किया जाने वाला नृत्य कहलाता है :

(A) बिल्मा नृत्य (B) गौर नृत्य

(C) सरहुल नृत्य (D) गेड़ी नृत्य

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सरहुल नृत्य उरांव जनजाति द्वारा किया जाता है इसमें साल वृक्ष की पूजा–अनुष्ठान की जाती है।

96 निम्नलिखित में से कौन–सा एक सही नहीं है?

(A) कमार विकास प्रकोष्ठ –नगरी

(B) कमार विकास र्प्रकोष्ठ– भानुप्रतापपुर

(C) कमार विकास प्रकोष्ठ– जगदलपुर

(D) इनमें से कोई नहीं

*PSC SO CMO 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कमार विकास प्रकोष्ठ, नगरी तथा भानुप्रतापपुर में स्थापित है।

97 छत्तीसगढ़ में जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान कहाँ स्थित है?

(A) रायपुर (B) भिलाई

(C) जगदलपुर (D) कोरबा

*Vya. ESC 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में स्थित है।

98 इस राज्य के किस जनजाति का नाम उसके बाण निर्माण करने के कारण पड़ा?

(A) झारा (B) भुंजिया

(C) धनवार (D) कंडरा

*Vya. FCFI 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– धनवार जनजाति का नाम उसके बाण निर्माण करने के कारण पड़ा.

99 'दहका नृत्य' इस राज्य के किस जनजाति का प्रमुख नृत्य है?

(A) परधान (B) दोरला

(C) कोल (D) उरांव

*Vya. FCFI 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कोल दहका नृत्य कोल जनजाति का प्रमुख नृत्य है।

100 इस राज्य के लोक देवता ठाकुर देव का निवास किस वृक्ष में माना जाता है।

(A) पीपल (B) बरगद

(C) इमली (D) सेमल

*Vya. VDAG 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– लोक देवता ठाकुर देव का निवास पीपल वृक्ष में माना जाता है।

101 बस्तर की गोंड जनजाति में नवा खाई त्यौहार को क्या कहते है?

(A) छेरता (B) माटी तिहार

(C) जेठा (D) पण्डुम

*Vya. VDAG 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर की गोंड जनजाति में नवा खाई त्यौहार को पण्डुम कहते है.

102 लाल बँगला किस जनजाति से संबंधित है?

(A) कमार (B) बैगा

(C) भुंजिया (D) पण्डो

*PSC A Pre 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– भुंजिया जनजाति में रसोईघर को लाल बँगला कहा जाता है.

103 छत्तीसगढ़ में काष्ठकला के लिए कौन–सी जनजाति प्रसिद्ध है?

(A) कंवर (B) मुरिया

(C) कमार (D) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले माड़िया, मुरिया जनजाति अपने काष्ठ शिल्प कला के लिए प्रसिद्ध हैं साथ ही बैगा व अगरिया जनजाति भी कलात्मक दरवाजों के निर्माण में निपुण माने जाते हैं.

104 निम्नलिखित जनजातियों को उनके मुख्य निवास क्षेत्र (जिला) के अनुसार सुमेलित कीजिए:

| जनजाति | मुख्य निवास क्षेत्र (जिला) |
|---|---|
| (a) पहाड़ी कोरवा | (i) बलौदाबाजार–भाटापारा |
| (b) भुंजिया | (ii) जशपुर |
| (c) बिंझवार | (iii) गरियाबंद |
| (d) अबूझमाड़िया | (iv) नारायणपुर |

सही विकल्प का चयन कीजिए –

(a) (b) (c) (d)
(A) (i) (iii) (iv) (ii)
(B) (iii) (i) (ii) (iv)
(C) (ii) (iii) (i) (iv)
(D) (iv) (iii) (i) (ii)

*PSC A Pre 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पहाड़ी कोरवा मुख्यतः सरगुजा संभाग, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर जिलों में, भुंजिया जनजाति गरियाबंद जिले में बिंझवार जनजाति, रायपुर बलौदाबाजार जबकि अबूझमाड़िया जनजाति नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में निवास करते हैं.

105 स्त्रियों के माथे पर गोदना गुदवाना किस जनजाति की विशेषता है?

(A) बिरहोर (B) परधान
(C) अगरिया (D) बैगा

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(D)

व्याख्या– स्त्रियों के माथे पर गोदना गुदवाना बैगा जनजाति की विशेषता है, बैगा सर्वाधिक गोदना प्रिय जनजाति मानी जाती है. बैगा गोदना सामान्य गोदना से मोटे होते हैं तथा बैगा महिलाएँ बादी जाति की महिलाओं से गोदना गुदवाती हैं.

106 'रेला गीत' किस् जनजाति का प्रमुख गीत है?

(A) भतरा (B) मुरिया
(C) पण्डो (D) कमार

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– रेला मुरिया जनजाति का प्रमुख गीत है.

107 कोरवा जनजाति में 'मृतक संस्कार' को क्या कहा जाता है?

(A) दमनच (B) ढाना
(C) नवाघानी (D) मरनी

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कोरवा जनजाति में 'मृतक संस्कार' को नवाघानी कहा जाता है जिसमें कुमारी भात नामक संस्कार होता है.

108 'बेवार' आदिम कृषि किस जनजाति द्वारा की जाती है?

(A) हल्बा (B) कोरवा
(C) भतरा (D) बैगा

*PSC AB Engg. Ser. 2021, AD PPO 2017, Sci off.2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह बैगा के द्वारा बेवार नामक स्थानांतरित कृषि की जाती है.

109 किस जनजाति में युवागृह को 'घोटुल' कहते है?

(A) भतरा (B) पहाड़ी कोरवा
(C) मुरिया (D) बिरहोर

*PSC AD Agri 2020, AD Survey 2018, AB Engg. Ser. 2016, PSC Registrar 2021, Librarian 2018, Law Off 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– मुरिया जनजाति में युवागृह को 'घोटुल' कहते है.

110 बहुविवाह हो सकता है :

1.पॉलीएंड्री 2.पॉलीजिनी
3. मोनोगेमी 4. उपरोक्त में से कोई नहीं

निम्न विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) 1, 2 व 3 (B) 1, 2 व 4
(C) 1, व 2 (D) 1, व 3

*PSC AD PPO 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– एक ही समय में एक से अधिक पुरूषों से विवाह करने की प्रथा पॉलीएंड्री या बहुपति जबकि एक ही समय में एक से अधिक महिलाओं से विवाह करने की प्रथा पॉलीजिनी या बहुपत्नी विवाह कहलाता है. ये दोनों ही बहुविवाह के उदाहरण है.

111 छत्तीसगढ़ की निम्नलिखित जनजातियों को उनके निवास के आधार पर उत्तर से दक्षिण क्रम में सजाइए :

अ. बिरहोर ब. भुंजिया
स. दोरला द. पहाड़ी कोरवा

सही क्रम की पहचान कीजिए :

कूट–

(A) अ.4, ब.1, स.2, द.3 (B) अ.1, ब.4, स.2, द.3
(C) अ.1, ब.3, स.2, द.4 (D) अ.1, ब.4, स.3, द.2

*PSC AD PPO 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की जनजातियां एवं संकेंद्रण निम्न है– पहाड़ी कोरवा– सरगुजा संभाग, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर. बिरहोर– जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर. भुंजिया– गरियाबंद, दोरला– सुकमा, बीजापुर.

112 निम्नलिखित में से किस जनजाति में कोल दहका नृत्य प्रचलित है?

(A) बैगा (B) कोल

(C) कोरकू (D) भैना

*PSC AD PPO 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग में निवास करने वाली कोल जनजाति द्वारा कोल दहका या कोलहाई नृत्य किया जाता है.

113 नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन–1: अबूझमाड़िया का ककसाड़ देवी–देवताओं का नृत्य है

कथन–2: मुरिया जनजाति के प्रमुख नृत्य जात्रापरक होते हैं

उपरोक्त कथनों के परिप्रेक्ष्य में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनिए:

(A) कथन–1 सही है तथा कथन–2 सही नहीं हैं

(B) कथन–1 सही नहीं है तथा कथन–2 सही हैं

(C) दोनों कथन, कथन–1 तथा कथन–2 सही हैं

(D) दोनों कथन, कथन–1 तथा कथन–2 सही नहीं हैं

*PSC AD PPO 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– अबूझमाड़िया वर्ष में एक बार ककसार पर्व मनाते हैं जिस दौरान ककसार नृत्य करते है. जात्रा पर्व के दौरान मुड़िया जनजाति अनेक नृत्य करती है.

114 अबुझमाड़ विकास अभिकरण की स्थापना किस वर्ष की गई–

(A) 1976–77 (B) 1978–79

(C) 1989–90 (D) 1991–92

*PSC ADH AR 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– अबुझमाड़ विकास अभिकरण की स्थापना वर्ष 1978–79 में की गई.

115 'घोटुल' पाया जाता है?

(A) गदवा में (B) हल्बा में

(C) मुरिया में (D) पण्डो में

*PSC Law Off 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– घोटुल मुरिया जनजाति का युवागृह है.

116 लोहा बनाने वाली अनुसूचित जनजाति है?

(A) नगेसिया (B) अगरिया

(C) बिंझवार (D) धनवार

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Lib. Sp. Off 2017, Registrar 2021, PSC CMO 2019*

उत्तर–(B)

व्याख्या– अगरिया जनजाति का परंपरागत कार्य लौह अयस्क गलाना है.

117 गौर नृत्य किस जनजाति द्वारा किया जाता है

(A) माड़िया (B) हल्बा

(C) मुरिया (D) भतरा

*PSC Registrar 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले दंडामी माड़िया या बाइसन हॉर्न माड़िया जात्रा पर्व के दौरान गौर नृत्य करती है जिसमें गौर के शिकार का प्रदर्शन किया जाता है.

118 करमा त्यौहार कौन–सी जनजाति मनाती है?

(A) उरांव (B) मुरिया

(C) भतरा (D) माड़िया

*PSC Registrar 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली उरांव, बैगा, बिंझवार, गोंड आदि जनजातियाँ भाद्र मास में करमा पर्व मनाती हैं, यह पर्व जीवन में कर्म की प्रधानता को बताती है. इस अवसर पर करमा नृत्य भी किया जाता है.

119 छत्तीसगढ़ में गोदना गोदने वाली अनुसूचित जाति कौन है?

(A) देवार (B) घसिया

(C) गांडा (D) कतिया

*PSC Registrar 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली देवार, ओझा, बादी, भाट आदि समुदाय की महिलाएँ गोदना गोदने के कार्य में निपुण होती हैं.

120 इस राज्य की निम्नलिखित जनजातियाँ विशेष पिछड़ी जनजाति श्रेणी में आते हैं

1. अबूझमाड़िया 2. अगरिया

3. बिरहोर 4. नगेशिया

(A) 1 2 3 4 (B) 1 2 3

(C) 1 3 (D) उपुर्यक्त में से कोई नहीं

*Vya. AGDO 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बैगा, बिरहोर, अबूझमाड़िया, पहाड़ी कोरवा तथा कमार छत्तीसगढ़ की विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह हैं.

121 बस्तर जनजातियों में गाये जाने वाला वीर गीत का नाम है

(A) डण्डार पाटा (B) हुलकी पाटा

(C) राजा रानी पाटा (D) घोटुल पाटा

*Vya. AGDO 2021*

उत्तर–(D)

व्याख्या– घोटुल पाटा बस्तर क्षेत्र में गाया जाने वाला वीर गीत है, जिसमें राजा जोलोंग साय की गाथा प्रस्तुत की जाती है.

122 इस राज्य के बिरहोर जनजाति के प्रमुख देव कौन हैं?

(A) शिव (B) सूरज

(C) ब्रह्मा (D) भीम

*Vya. SAA 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सूर्य या सूरज बिरहोर जनजाति के प्रमुख देवता हैं.

123 इस वृक्ष की उरॉव जनजाति 'सरहुल त्यौहार' किस वृक्ष के नीचे मनाते हैं?

(A) साल (B) पीपल

(C) बरगद (D) आंवला

*Vya. SAA 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– साल वृक्ष में फूल आने के अवसर पर उरांव जनजाति सरहुल त्यौहार मनाती है.

124 इस राज्य द्वारा मान्यता प्राप्त विशेष पिछड़ी जनजाति भुँजिया मुख्य रूप से निम्नलिखित जिले में निवास करती है

(A) कोंडागांव (B) सूरजपुर

(C) गरियाबंद (D) रायगढ़

*Vya. SGST 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में भुँजिया जनजाति का संकेन्द्रण मुख्य रूप से गरियावंद जिले में पाया जाता है.

125 निम्नलिखित इस राज्य की विशेष पिछड़ी जनजाति नहीं है?

(A) अगरिया (B) बिरहोर

(C) कमार (D) बैगा

*Vya. SGST 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बैगा, बिरहोर, अबूझमाड़िया, पहाड़ी कोरवा तथा कमार छत्तीसगढ़ की विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह हैं.

126 निम्न जनजाति और उनके युवागृहों को सुमेलित कीजिए।

अ. परजा — 1. घसरवासा

ब. भारिया — 2. रंगभंग

स. उरांव — 3. धांगाद बक्सर

द. भुइंया — 4. धुमकुरिया

(A) 4, 1, 3, 2 (B) 3, 1, 4, 2

(C) 1, 2, 4, 3 (D) 2, 3, 4, 1

*Vya. VAPR 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– जनजाति एवं युवागृह– 1. परजा– धांगाद बक्सर, 2. भारिया–घसर वासा 3. उरांव–धुमकुरिया, 4. भुइयां– रंगभंग.

127 जनजातियों के सामाजिक संगठन में उनका बहिर्विवाही समूह होता है

(A) घोटुल (B) वंश

(C) टोटम (D) गोत्र

*Vya. VAPR 2021*

उत्तर–(D)

व्याख्या– जनजातियों में गोत्र के भीतर विवाह वर्जित होता है.

128 बस्तर में 'कोयतूर' प्रजातियों की संख्या कितनी है?

(A) 4 (B) 3

(C) 6 (D) 8

*Vya. VFM 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर में कोयतूर प्रजातियों की संख्या 4 है.

129 इस राज्य के बैगा जनजाति में 'पुनर्विवाह' का क्या नाम है?

(A) पैठू विवाह (B) खड़ोनी

(C) लमसेना (D) खर्ची विवाह

*Vya. VFM 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– खड़ोनी बैगा जनजाति में प्रचलित पुनर्विवाह का एक प्रकार है.

130 इस राज्य में निम्नलिखित में से किस विवाह में दो परिवार आपस में वधू एवं वर का विनिमय करते हैं?

(A) गुरांवट (B) लमसेना

(C) पायसोतुर (D) पारिंग धन

*Vya. VIAD 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– गुरावट विनिमय विवाह का स्वरूप है जिसमें दो परिवार आपस में वर एवं वधु का विनिमय करते हैं.

131 निम्न में से किस जिले में जनजातीय जनसंख्या का प्रतिशत अधिक है?

(A) बीजापुर (B) दन्तेवाड़ा

(C) नारायणपुर (D) बस्तर

*Vya. VPR 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार छत्तीसगढ़ का सबसे अधिक जनजाति प्रतिशत सुकमा तथा उसके पश्चात् बीजापुर जिले में है.

132 मुरिया विवाह में 'माहला' का अर्थ होता है

(A) सगाई (B) तेल चढ़ाना

(C) टीका लगाना (D) मुकुट बंधन

*Vya. VPR 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुरिया विवाह में माहला का अर्थ सगाई से होता है.

133 इस राज्य के बैगा जनजाति में 'बिलमा नाच' कब किया जाता है?

(A) दीवाली (B) दशहरा

(C) विवाह (D) होली

*Vya. VPR 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– बैगा जनजाति दशहरा के अवसर पर बिल्मा नृत्य करती है.

134 निम्नलिखित में से किस जनजाति समूह का अर्थ 'सेवक' होता है?

(A) असुर (B) भतरा

(C) भैना (D) गदबा

*Vya. VPR 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– भतरा जनजाति का शाब्दिक अर्थ सेवक होता है.

135 निम्नलिखित में से कौन–सा बस्तर की जनजाति का एक 'शिकार नृत्य नाटक' है?

(A) करमा नृत्य (B) हुलकीपाटा

(C) डंडामी नृत्य (D) माओपाटा

*Vya. VPR 2021, PSC AD Planning 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– माओपाटा दंडामी माड़िया जनजाति का शिकार नृत्य नाटक है.

136 छत्तीसगढ़ के सरगुजा में कौन–सी जाति धातु मूर्तिकला का कार्य करती है?

(A) घड़वा (B) झारा

(C) मलार (D) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सरगुजा में मलार जाति धातु मूर्तिकला का कार्य करती है.

137 खम्ब स्वाँग किस जनजाति के द्वारा किया जाता है?

(A) कोरकू (B) मुरिया

(C) खड़िया (D) मुण्डा

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कोरकू जनजाति के द्वारा खम्ब स्वाँग किया जाता है.

138 निम्न पेय पदार्थों में कौन–सा जनजातीय पेय पदार्थ नहीं है?

(A) कोसमा (B) धेरसा

(C) हड़िया (D) ताड़ी

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– कोसमा, हड़िया, ताड़ी, पेज, सल्फी, दाड़गो इत्यादि जनजातीय पेय पदार्थ है जबकि धेरसा कोरवा जनजाति द्वारा मनाया जाने वाला एक पर्व है.

139 दुकु विवाह किस जनजाति में प्रचलित है?

(A) परजा (B) कोरवा

(C) मुरिया (D) कमार

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– दुकु विवाह कोरवा जनजाति में प्रचलित है.

140 गीतिओना किस जनजाति के युवागृह को कहा जाता है?

(A) उराँव (B) कमार

(C) बिरहोर (D) बैगा

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– गीतिओना कमार जनजाति के युवागृह को कहा जाता है.

141 छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित में से कहाँ पर संविधान की पाँचवीं अनुसूची लागू है?

1. घरघोड़ा 2. लैलुंगा

3. भानुप्रतापपुर 4. धमधा

(A) 1 एवं 2 (B) 2 एवं 3

(C) 3 एवं 4 (D) 1, 2 एवं 3

*PSC ACF 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– दिये गये विकल्पों में से घरघोड़ा, लैलूंगा, भानुप्रतापपुर आदिवासी विकासखण्ड हैं, जिनमें संविधान की पाँचवीं अनुसूची लागू है.

142 नीचे दो कथन दिए गए हैं :

कथन–1. नातेदारी मानव के रक्त संबंधों को बताता है

2. विवाह द्वारा उत्पन्न समरक्तता संबंध नातेदारी है

उपरोक्त कथनों के परिप्रेक्ष्य में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :

(A) कथन 1 सही है तथा 2 सही नहीं है

(B) कथन 1 तथा 2 दोनों सही है

(C) कथन 1 सही नहीं है तथा 2 सही है

(D) कथन 1 तथा 2 सही नहीं हैं

*PSC ACF 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– नातेदारी मानव के रक्त संबंधों को बताता है, विवाह द्वारा उत्पन्न समरक्तता संबंध नातेदारी हैं.

143 आदिवासी संस्कृति में 'धनकुल' होता है?

(A) युवागृह (B) हथियार

(C) वाद्ययंत्र (D) पूजागृह

*PSC AD Agri 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– आदिवासी संस्कृति में धनकुल वाद्ययंत्र है. धनकुल गीत का गायन बस्तर अंचल के हल्बा और भतरा जनजाति द्वारा हल्बी भाषा में किया जाता है.

144 माथे पर 'गोदना' किस जनजाति की विशेषता है

(A) मुरिया जनजाति (B) बैगा जनजाति

(C) कमार जनजाति (D) बिंझवार जनजाति

*PSC AD Agri 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– माथे पर गोदना बैगा जनजाति की विशेषता है.

145 किस जनजाति की आजीविका पारंपरिक रूप से बाँस पर आधारित है?

(A) बिंझवार (B) सांवरा

(C) कंवर (D) कमार

*PSC AD Agri 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कमार जनजाति की आजीविका पारंपरिक रूप से बाँस शिल्प पर आधारित है. कमार बांस के सुंदर सामान बनाने के लिए विख्यात है,

146 किस आदिवासी समूह का यह विश्वास है कि 'सरना' में देवों का निवास है

(A) बिरहोर (B) मुरिया

(C) उराँव (D) हल्बा

*PSC AD Agri 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उरांव जनजाति के लोग धरमेश नामक ईश्वर की अराधना करते हैं, इनका प्रमुख अनुष्ठान सरना पूजा है. इनका विश्वास है कि 'सरना' में देवों का निवास है.

147 गेड़ी नृत्य' किस जनजाति द्वारा किया जाता है?

(A) हल्बा (B) मुरिया

(C) भतरा (D) पण्डो

*PSC AD Agri 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– घोटुल के मुरिया युवक लकड़ी की गेड़ी पर अत्यंत तीव्र गति का नृत्य करते है जिसे गेड़ी नृत्य या डिटोंग कहा जाता है. इस नृत्य में केवल पुरूष शामिल होते है.

148 किस जनजाति में विवाहित महिलाएं 'सफेद साड़ी' पहनती हैं?

(A) गोंड (B) मुण्डा

(C) उराँव (D) भुंजिया

*PSC AD Agri 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– भुंजिया जनजाति में विवाहित महिलाएं 'सफेद साड़ी' पहनती हैं.

149 किस जनजाति में लाल मिट्टी से बनी रसोईघर, जिसे 'लाल बंगला' कहते हैं, पाया जाता है?

(A) भुंजिया (B) कमार

(C) गोंड (D) हल्बा

*PSC AD Agri 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– भूंजिया जनजाति में लाल मिट्टी से निर्मित रसोईघर को लाल बंगला कहते है.

150 बेवार कृषि किस जनजाति द्वारा की जाती है?

(A) बैगा (B) मुण्डा

(C) उराँव (D) संथाल

*PSC AD Jansampark 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बेवार कृषि बैगा जनजाति द्वारा की जाती है.

151 निम्नलिखित में से कौन बस्तर संभाग की विशेष पिछड़ी जनजाति है?

(A) बिरहोर (B) पहाड़ी कोरवा

(C) बैगा (D) अबूझमाड़िया

*PSC AD Jansampark 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह अबूझमाड़िया बस्तर संभाग में निवास करती है.

152 उराँव जनजाति के मुख्य देवता किस वृक्ष में निवास करते हैं?

(A) पीपल (B) साल

(C) सागौन (D) बरगद

*PSC AD Jansampark 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उराँव जनजाति के मुख्य देवता सागौन वृक्ष में निवास करते हैं.

153 निम्न में से विवाह का कौन–सा प्रकार अधिमान्य विवाह नहीं है?

(A) पैरेलल–कजिन (B) क्रॉस कजिन

(C) लेवीरेट (D) मोनोगेमी

*PSC AD Jansampark 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पैरेलल–कजिन, क्रॉस कजिन, लेवीरेट अधिमान्य विवाह के प्रकार हैं जबकि मोनोगेमी सामान्य विवाह रूप है.

154 निम्नांकित अनुसूचित जनजातियों में धुमकुरिया युवागृह किस जनजाति की थी?

(A) मुरिया (B) माड़िया

(C) कमार (D) उरांव

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016, Asst Geo etc 2020, PSC A Pre 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– उरांव जनजाति के युवागृह को धुमकुरिया कहा जाता है. इसमें युवकों के मुखिया को धांगरमहतो जबकि युवतियों के मुखिया को बारकिन धांगरिन कहा जाता है.

155 निम्न में से कौन–सी छत्तीसगढ़ की प्रमुख जनजाति है?

(A) भील (B) बैगा

(C) कंवर (D) गोंड

*PSC AP 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– गोंड छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी जनजाति समूह है.

156 विवाह का प्रकार जिसमें जाति के अंदर वैवाहिक संबंध बनाए जाते हैं, उसे कहते हैं?

(A) बहुविवाह (B) अनुलोम विवाह

(C) अन्त:विवाह (D) बहिर्विवाह

*PSC AP 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– अन्त:विवाह, विवाह का एक प्रकार है जिसमें जाति के अंदर वैवाहिक संबंध बनाए जाते हैं.

157 निम्न में कौन सी जनजाति विशेष पिछड़ी जनजाति नहीं है?

(A) अबूझमाड़िया (B) बैगा

(C) बिरहोर (D) भतरा

*PSC AP 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– भतरा जनजाति विशेष पिछड़ी जनजाति नहीं है.

158 छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों की संख्या है–

(A) 6 (B) 5

(C) 3 (D) 10

*PSC Asst Geo etc 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में विशेष पिछड़ी जनजातियों की संख्या 5 है.

159 नोग्रिटो तत्व किस जनजाति में विद्यमान है?

(A) हल्बा (B) उरांव

(C) कदार (D) संथाल

*PSC Asst Geo etc 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– नोग्रिटो तत्व कदार जनजाति में विद्यमान है.

160 'लमसेना विवाह' किस जनजाति में होता है?

(A) उरांव (B) बिरहोर

(C) गोंड़ (D) कंवर

*PSC Asst Geo etc 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– 'लमसेना विवाह' या सेवा विवाह का प्रचलन गोंड़ जनजाति में है.

161 बैगा जनजाति के मुख्य देवता कौन है?

(A) दूल्हा देव (B) बूढ़ा देव

(C) बड़ा देव (D) बिलाई माता

*PSC Asst Geo etc 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– बैगा जनजाति के मुख्य देवता बूढ़ा देव है.

162 निम्नलिखित जनजातियों में से किसे विशेष पिछड़ी जनजाति माना जाता है?

(A) हल्बा (B) कंवर

(C) बैगा (D) पण्डो

*PSC Asst Geo etc 2020, PSC Mining 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– दिये गये विकल्पों में से बैगा छत्तीसगढ़ में निवासरत विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह है.

163 नगेशिया जनजाति किस क्षेत्र में निवास करती है?

(A) बस्तर (B) सरगुजा

(C) रायपुर (D) दुर्ग

*PSC Bima Chikitsa 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– नगेशिया जनजाति सरगुजा क्षेत्र में निवास करती है.

164 बिलमा नृत्य किस जनजाति द्वारा किया जाता है?

(A) बैगा (B) उरांव

(C) माड़िया (D) कमार

*PSC A Pre 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बिलमा नृत्य बैगा जनजाति द्वारा किया जाता है.

165 गहिरा गुरु किस जनजाति के थे?

(A) कमार (B) गोंड

(C) कंवर (D) उरांव

*PSC A Pre 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– गहिरा गुरु कंवर जनजाति के थे.

166 किस जनजाति में रसोईघर जिसे लाल बंगला कहते हैं, पाया जाता है?

(A) कमार (B) भुंजिया

(C) हल्बा (D) गोंड

*PSC A Pre 2019*

उत्तर–(B)

व्याख्या– भुंजिया जनजाति में रसोईघर को लाल बंगला कहते हैं.

167 किस जनजाति की आजीविका पारंपरिक रूप से बाँस पर आधारित है?

(A) बिंझवार (B) कंवर

(C) कमार (D) सवरा

*PSC A Pre 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कमार जनजाति की आजीविका पारंपरिक रूप से बाँस पर आधारित है.

168 गोंचा पर्व किस संभाग की जनजातियाँ मनाती है।

(A) सरगुजा (B) बस्तर

(C) दुर्ग (D) रायपुर

*PSC A Pre 2019*

उत्तर–(B)

व्याख्या– गोंचा पर्व बस्तर संभाग की जनजातियाँ मनाती है.

169 किस विशेष पिछडी जनजाति की जनसंख्या छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक है?

(A) अबूझमाड़िया (B) कमार

(C) बैगा (D) पहाड़ी कोरवा

*PSC A Pre 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बैगा विशेष पिछड़ी जनजाति की जनसंख्या छत्तीसगढ़ में सर्वाधिक है.

170 गोदना गोदने वाली अनुसूचित जनजाति कौन है?

(A) ओझा (B) गदबा

(C) नगेसिया (D) खरिया

*PSC A Pre 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– ओझा गोदना गोदने वाली अनुसूचित जनजाति है.

171 मुरिया जनजाति का पारंपरिक निवास क्षेत्र है–

(A) बालोद (B) जशपुर

(C) कवर्धा (D) नारायणपुर

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(D)

व्याख्या– मुरिया जनजाति का संकेन्द्रण मुख्यत: नारायणपुर तथा बीजापुर जिले में पाया जाता है.

172 निम्न में से कौन सी छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जाति नहीं है?

(A) महरा (B) गांडा

(C) पनिका (D) सतनामी

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– महरा, गाड़ा तथा सतनामी छत्तीसगढ़ की अनुसूचित जातियां है जबकि पनिका छत्तीसगढ़ की अन्य पिछड़ा वर्ग जाति है.

173 छत्तीसगढ़ में बरेठ किसे कहते हैं?

(A) तेली (B) केंवट

(C) धोबी (D) कुर्मी

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बरेठ धोबी को कहते हैं.

174 निम्नलिखित में से कौन मुंडारी भाषा परिवार का सदस्य है?

(A) गोंडी (B) हल्बी

(C) परजी (D) पहाड़ी कोरवा

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पहाड़ी कोरवा, मुंडारी भाषा समूह से संबंधित है.

175 मृतक स्तंभ की परंपरा किस जनजाति में है?

(A) बैगा (B) भैना

(C) नगेसिया (D) दंडामी माड़िया

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र की माड़िया जनजाति में मृतक को दफनाते समय मृतक स्तंभ गाड़ने की परंपरा है.

176 किस जनजाति में पारंपरिक रूप से युवागृह का प्रचलन है?

(A) हल्बा (B) भतरा

(C) उरांव (D) बिरहोर

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उरांव जनजाति में पारंपरिक रूप से युवागृह का प्रचलन है.

177 बस्तर की किस जनजाति का मूल निवास उड़ीसा राज्य है?

(A) हल्बा (B) मुरिया

(C) बैगा (D) गदबा

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर की गदबा जनजाति ओडिशा से आकर यहां बसी है. काकतीय शासक महिपाल देव ने पालकी ढोने के कार्य के लिए इनको लाया था.

178 बियार जनजाति मुख्यत: किस जिले में निवास करती है?

(A) सरगुजा (B) कबीरधाम

(C) गरियाबंद (D) दंतेवाड़ा

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बियार जनजाति मुख्यत: सरगुजा में निवास करती है.

179 परधान जनजाति मुख्यत: किस जिले के निवासी है?

(A) दंतेवाड़ा, (B) बलरामपुर

(C) कबीरधाम (D) रायगढ़

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– परधान जनजाति उपरोक्त विकल्पों में से कबीरधाम जिले में निवास करती है.

180 ककसार नृत्य किस जनजाति से संबंधित है?

(A) कोरकू (B) बैगा

(C) अबूझमाड़िया (D) बिरहोर

*PSC CMO 2019, ITI Principal 2016, Vya. Mandal Sanyojak 2008*

उत्तर–(C)

व्याख्या– ककसार नृत्य अबूझमाड़िया जनजाति से संबंधित है.

181 इनमें से कौन एक विशेष पिछड़ी जनजाति है?

(A) कंवर (B) हल्बा

(C) मुरिया (D) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– शासन द्वारा छत्तीसगढ़ की 5 जनजातियों बैगा, बिरहोर, कमार, पहाड़ी कोरवा तथा अबूझमाड़िया को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा दिया गया है.

182 पाइक किस जनजाति से संबंधित है?

(A) कंवर (B) बैगा

(C) उरांव (D) गोंड

*PSC A Pre 2018*

उत्तर–(A)

व्याख्या– पाइक का संबंध कंवर जनजाति से है.

183 माड़िया जनजाति द्वारा 'वैंडू–कुरमा' शब्द का उपयोग किसके लिए होता है?

(A) मकान (B) वस्त्र

(C) आभूषण (D) भोजन

*PSC AD Research 2018*

उत्तर–(A)

व्याख्या– माड़िया जनजाति द्वारा 'वैंडू–कुरमा' शब्द का उपयोग मकान के लिए होता है.

184 कोरवा जनजाति में 'दमनच' का संबंध किस कला विधा से है?

(A) ड्रामा (B) नृत्य

(C) गीत (D) संगीत

*PSC AD Research 2018*

उत्तर–(B)

व्याख्या– कोरवा जनजाति में 'दमनच' का संबंध नृत्य कला विधा से है.

185 परजा जनजाति में गांव का मुखिया क्या कहलाता है?

(A) गुनिया (B) जानी

(C) मडूली (D) दिसारी

*PSC AD Research 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– परजा जनजाति में गांव का मुखिया मडूली कहलाता है.

186 गोदना शिल्पी किस जाति के होते है–

(A) देवार (B) गांड़ा

(C) गड़वा (D) बैगा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC DSP Radio MI Asst Geo 2018*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की देवार जाति गोदना गोदने का परम्परागत कार्य करती है, इसके अलावा बादी, भाट तथा ओझा जनजातियां भी यह कार्य करती है.

187 शिकारी जनजाति का परम्परागत कार्य क्या है?

(A) धातु शिल्प (B) काष्ठ शिल्प

(C) कपड़ा बुनना (D) चटाई और झाड़ू निर्माण

*PSC Librarian 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– शिकारी जाति पारधी छिंद पत्ते से विभिन्न निर्माण कार्य करते हैं जैसे चटाई बनाना, झाड़ू निर्माण करना, खिलौने बनाना इत्यादि.

188 छत्तीसगढ़ की एक विशेष पिछड़ी जनजाति है–

(A) मुरिया (B) नगेसिया

(C) उरांव (D) अबुझमाड़िया

*PSC Librarian 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कुछ जनजाति समूह ऐसे हैं जो अन्य जनजातियों से भी अधिक पिछड़े हुए हैं इन्हें विशेष पिछड़ी जनजाति या आदिम जनजाति कहा जाता है. छत्तीसगढ़ में 5 जनजातियों को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान किया गया है जिनमें बैगा, बिरहोर, कमार, अबूझमाड़िया तथा पहाड़ी कोरवा शामिल है. इनके अलावा राज्य शासन द्वारा वर्ष 2002–03 में पंडो तथा भुंजिया जनजाति को भी विशेष पिछड़ी जनजाति के समतुल्य माना गया है.

189 खैरवार जनजाति का पारम्परिक व्यवसाय क्या है?

(A) लौह शिल्प (B) काष्ठ शिल्प

(C) कत्था शिल्प (D) बांस निर्माण

*PSC Librarian 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– मुख्य रूप से सरगुजा क्षेत्र में निवास करने वाली खैरवार जनजाति खैर वृक्ष से कत्था निकालने का परंपरागत कार्य करती है, वर्तमान में पेड़ कटाई में प्रतिबंध लगने के पश्चात कृषि कार्य में संलग्न है.

190 पेद्दा कृषि करने वाली जनजाति कौन है?

(A) उरांव (B) भतरा

(C) अबूझमाड़िया (D) हलबा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Sci Off 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से अबूझमाड़िया जनजाति पेड्डा या पेद्दा नामक स्थानांतरित कृषि करती है.

**191 गोदना गोदने का कार्य करने वाली (टैटू बनाने वाली) जनजाति कौन है?**

(A) ओझा (B) कमार

(C) बैगा (D) गदबा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Sci Off 2018*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली बादी, भाट, ओझा आदि जनजातियाँ गोदना गोदने का परम्परागत कार्य करती हैं जबकि बैगा सर्वाधिक गोदना प्रिय जनजाति है.

**192 इस राज्य की उरांव जनजाति का प्रमुख त्यौहार निम्नलिखित में से कौन–सा है?**

(A) भगोरिया (B) धुमकुरिया

(C) ककसार (D) सरहुल

*Vya. Fieldman 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– चैत्र माह की पूर्णिमा को साल वृक्ष पर फूल आने की खुशी में उरांव जनजाति द्वारा सरहुल नृत्य किया जाता है, साथ ही करमा नृत्य भी करते हैं.

**193 इस राज्य की विभिन्न जनजातियाँ अपना उद्‌गम एक विशिष्ट तत्व से मानती है। वह तत्व कहलाता है:**

(A) गोत्र (B) टोटेम

(C) येरूंग (D) सारूंग

*Vya. Fieldman 2018*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य की विभिन्न जनजातियां अपना उद्‌गम एक विशेष तत्व से मानती हैं जिसे टोटम कहा जाता है. टोटम का अर्थ विश्वास होता है.

**194 निम्न में से किस नाम से इस राज्य की जनजातियों में अपहरण विवाह को पुकारा जाता है?**

(A) लमसेना (B) पायसोतुर

(C) ढुकु (D) गुरांवट

*Vya. Fieldman 2018*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में की जनजातियों में अपहरण विवाह को पायसोतुर के नाम से जाना जाता है, जिसमें लड़का लड़की अपने माता–पिता के इच्छा के विरुद्ध जाकर विवाह करते हैं.

**195 रायपुर संभाग की विशेष पिछड़ी जनजाति कौन है?**

(A) बिंझवार (B) कंवर

(C) कमार (D) हलबा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– रायपुर संभाग की विशेष पिछड़ी जनजाति कमार है.

**196 बांस बर्तन बनाने वाली अनुसूचित जनजाति कौन नहीं है?**

(A) कंडरा (B) कमार

(C) धनवार (D) कंवर

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कमार, कंडरा, धनवार, सौंता, दांरला, बैगा, माझी, मुड़िया जनजाति [illegible] को अपना परंपरागत कार्य मानती हैं.

**197 धनवार जनजाति का परम्परागत कार्य क्या है?**

(A) लौह शिल्प (B) काष्ठ शिल्प

(C) बांस शिल्प (D) कत्था शिल्प

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– धनवार शब्द का शाब्दिक अर्थ धनुर्धारी होता है धनवार जनजाति में धनुष का विशेष महत्व होता है तथा यह जनजाति बांस शिल्प कला के परंपरागत कार्य में संलग्न है.

**198 छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग की अनुसूचित जनजाति कौन नहीं है?**

(A) उरांव (B) कंवर

(C) हल्वा (D) गोंड़

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ACF 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– इनमें से हलवा जनजाति मुख्य रूप से रायपुर जिले के दक्षिणी क्षेत्र तथा [illegible] के क्षेत्र में निवास करती है.

**199 अगरिया जनजाति का परम्परागत कार्य क्या है?**

(A) लौह शिल्प (B) काष्ठ शिल्प

(C) गोदना शिल्प (D) बांस शिल्प

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ACF 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुख्यतः रायपुर व बिलासपुर जिले में निवास करने वाली अगरिया जनजाति परंपरागत रूप से लौह अयस्क गलाने का कार्य करती है, इनके द्वारा सामाजिक व धार्मिक कार्य के दौरान उड़द की दाल का प्रयोग किया जाता है.

**200 निम्नांकित में से पेंदा कृषि करने वाली अनुसूचित जनजाति कौन सी है?**

(A) पाव (B) परघान

(C) अबुझमाड़िया (D) परजा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD PPO 2017, PSC Sci off. 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में पाये जाने वाले अबूझमाड़िया जनजाति द्वारा पेंदा नामक स्थानांतरित कृषि की जाती है.

201 छत्तीसगढ़ की बांस बर्तन बनाने वाली अनुसूचित जनजाति कौन नहीं है?

(A) कमार (B) बिरहोर

(C) धनवार (D) हल्बा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Sericulture 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली कमार, कंडरा, बिरहोर, धनवार, मुड़िया, सौंता आदि जनजातियां बांस शिल्प के परम्परागत कार्य में संलग्न है.

202 लौह कार्य करने वाली अनुसूचित जनजाति है?

(A) अगरिया (B) लोहा

(C) कमार (D) भुंजिया

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Sericulture 2017, PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– अगरिया जनजाति का परंपरागत कार्य लौह अयस्क गलाना है.

203 अबूझमाड़ का क्या अर्थ होता है?

(A) अज्ञात (B) मेटाभूम

(C) पहाड़ी (D) अनपढ़

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Homeo Librn Lectr 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– अबूझमाड़ का अर्थ अज्ञात होता है, जबकि मेटाभूम का अर्थ पर्वतीय भूमि है.

204 बैगाओं पर ट्राइबल इकॉनमी नामक पुस्तक की रचना किसने की है?

(A) वेरियर एल्विन (B) दयाशंकर नाग

(C) मधुकर नाग (D) मणिशंकर लाल

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Lib. Sp. Off 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– दयाशंकर नाग द्वारा ट्रायबल इकॉनमी नामक किताब लिखी गई है, यह बैगा जनजाति पर आधारित है.

205 छत्तीसगढ़ के बस्तर प्रभाव की अनुसूचित जनजाति है–

(A) कमार (B) बैगा

(C) अबूझमाड़िया (D) बिरहोर

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Registrar 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उपरोक्त जनजातियों में बैगा कवर्धा, मुंगेली तथा पेंड्रा जिलों में पाई जाती है जबकि कमार जनजाति मुख्य रूप से गरियाबंद के बिंद्रानवागढ़, मैनपुर, फिंगेश्वर आदि क्षेत्र में पाई जाती है. बिरहोर जशपुर क्षेत्र में पाई जाने वाली जनजाति है. अबूझमाड़िया जनजाति बीजापुर, नारायणपुर आदि क्षेत्रों में मुख्य रूप से पाई जाती है.

206 निम्नांकित में चिवड़ा (पोहा) बनाने वाली अनुसूचित जनजाति कौन है?

(A) पाव (B) परधान

(C) परजा (D) हल्बा

*PSC Registrar 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– धमतरी क्षेत्र में उत्तम कृषक के रूप में पहचान रखने वाली हलबा जनजाति चिवड़ा (पोहा) बनाने का कार्य भी करती है. इस जनजाति के अधिकतर लोगों ने कबीर पंथ को अपना लिया है.

207 इनमें से किसने इस राज्य की जनजातियों की संस्था घोटुल का अध्ययन किया?

(A) श्यामाचरण दुबे (B) वेरियर एल्विन

(C) फ्युरर हेमनडॉर्फ (D) हीरालाल शुक्ल

*Vya. ADEO 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– प्रसिद्ध समाजशास्त्री वेरियर एल्विन के द्वारा मुड़िया जनजाति के युवागृह घोटुल का विशेष अध्ययन किया गया तथा उस पर मुड़िया एंड देयर घोटुल नामक ग्रंथ की रचना की गई है.

208 भारतीय संविधान की अनुसूची की धारा 20 में इस राज्य की कितनी जनजातियां सूचीबद्ध हैं?

(A) 24 (B) 30

(C) 36 (D) 42

*Vya. ADEO 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– भारतीय संविधान के अनुच्छेद 342 की धारा 20 में सूचीबद्ध कुल जनजातियों में से 42 जनजाति समूह छत्तीसगढ़ में निवास करती है.

209 मारिया, मुरिया एवं डोरला इस राज्य की निम्नलिखित में से किस जनजाति की उप–जनजातियां हैं?

(A) बैगा (B) कमार

(C) गोंड़ (D) कंवर

*Vya. ADEO 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– माड़िया, मुड़िया, दोरला आदि जनजातियां गोंड जनजाति की उपजातियां हैं.

210 इस राज्य की निम्नलिखित में से किस जनजाति का युवा लड़की और लड़कियों का मिलन–स्थल घोटुल रहा है?

(A) गोंड़ (B) हलबा

(C) माड़िया (D) मुरिया

*Vya. Ameen 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवासरत मुड़िया जनजाति के युवागृह को घोटुल कहा जाता है.

**211 अबूझमाड़िया में कांडाबरा (पुष्प विवाह) नामक संस्कार किससे संबंधित हैं?**

(A) सगाई संस्कार

(B) कौमार्य संस्कार

(C) निश्चित समय के लिये विवाह

(D) तेलहल्दी संस्कार

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– अबूझमाड़िया जनजाति में कांडाबरा या पुष्प विवाह नामक एक कौमार्य संस्कार किया जाता है.

**212 इस राज्य की निम्नलिखित में से किस जनजाति का युवा–गृह धुमकुरिया है?**

(A) गोंड़ (B) माड़िया

(C) मुड़िया (D) उरांव

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवासरत उरांव जनजाति का युवागृह धुमकुरिया के नाम से जाना जाता है, इसमें युवकों के प्रमुख को धांगरमहतो तथा युवतियों के प्रमुख को बारकिन धांगरिन कहा जाता है.

**213 निम्न में से कौन छत्तीसगढ़ की जनजातियों में से नहीं है?**

(A) इरूलर (B) मुरिया

(C) गोंड़ (D) धुर्वा

*Vya. RBOS 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुड़िया तथा धुरवा छत्तीसगढ़ में गोंड़ की उपजातियां हैं.

**214 कत्था बनाने वाली अनुसूचित जनजाति है?**

(A) बिंझवार (B) धनवार

(C) खैरवार (D) मझवार

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सरगुजा क्षेत्र में निवास करने वाली खैरवार जनजाति खैर वृक्ष से कत्था निकालने का परंपरागत कार्य करती रही है, परंतु वर्तमान में वृक्ष कटाई पर रोक लगने के बाद इन्होंने कृषि कार्य को अपना लिया है.

**215 छत्तीसगढ़ की सबसे साक्षर जनजाति है?**

(A) बिंझवार (B) उरांव

(C) कंवर (D) भतरा

*PSC A Pre 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– दिए गए विकल्पों में से उरांव सबसे साक्षर जनजाति है। जशपुर, सरगुजा, रायगढ़, कोरबा आदि क्षेत्र में निवास करने वाली उरांव जनजाति में शिक्षा का स्तर बेहतर होता है, इस कारण सरकारी व निजी सेवा क्षेत्र में इनकी उपस्थिति उल्लेखनीय है.

**216 मृतक स्तंभ स्थापित करने की परंपरा किस जनजाति की विशेषता है?**

(A) माड़िया (B) भतरा

(C) हल्बा (D) उरांव

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर की माड़िया जनजाति मृतक को गाड़ने के बाद स्मृति के तौर पर एक स्तंभ स्थापित करती है इसे हनाल गढ्या या मृतक स्तंभ कहा जाता है.

**217 कुरूख किस जनजाति की मातृभाषा है?**

(A) हल्बा (B) भतरा

(C) बिंझवार (D) उरांव

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की उरांव जनजाति बोलचाल में कुरूख भाषा का प्रयोग करते हैं साथ ही सदरी व छत्तीसगढ़ी बोली का प्रयोग भी करते हैं.

**218 गोदना गोदने वाली अनुसूचित जनजाति कौन है?**

(A) गदबा (B) बैगा

(C) ओझा (गोंड़) (D) देवार

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Industry 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली बादी, भाट, ओझा जैसी जनजाति परंपरागत रूप से गोदना गोदने का कार्य करती हैं, देवार जाति भी गोदना गोदने का कार्य करती है बैगा जनजाति सबसे अधिक गोदना प्रिय जनजाति है.

**219 सलवा जुडूम का हिन्दी अर्थ है–**

(A) शांति की ओर लौटो (B) जनजागरण

(C) आदिवासी शिक्षा (D) वंदे मातरम्

*PSC AP 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– सलवा जुडूम का शाब्दिक अर्थ 'शांति की ओर लौटो' होता है, नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सलवा जुडूम कार्यक्रम चलाया गया था, 2011 में इसे न्यायालय द्वारा बंद करवा दिया गया.

**220 छत्तीसगढ़ के सोनाखान स्टेट के जमींदार किस जनजाति के थे?**

(A) कंवर (B) बिंझवार

(C) गोंड़ (D) हल्बा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सोनाखान के जमीदार बिंझवार जनजाति से संबंधित थे. बिंझवार जनजाति विंध्यवासिनी देवी की पूजा करती है तथा तीर को अपना जाति चिन्ह मानती है.

221 निम्नलिखित में से हनालगढ़ा (स्मृति स्तंभ) कौन अनुसूचित जनजाति बनाते हैं?

(A) कमार
(B) बिंझवार
(C) मैना
(D) माड़िया
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाली माड़िया जनजाति कलात्मक हनाल गढ़ा या मृतक स्तंभ के निर्माण के लिए जानी जाती है.

222 निम्नलिखित में से कौन अनुसूचित जनजाति नहीं है?

(A) मुरिया
(B) उरांव
(C) मझवार
(D) मल्लाह
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से मल्लाह अनुसूचित जनजाति नहीं है.

**223 छत्तीसगढ़ की निम्न में से किस आदिवासी जनजाति को केन्द्र सरकार ने विशेष पिछड़ी जनजाति घोषित किया है?**

(A) कोल
(B) कमार
(C) हल्बा
(D) कंवर
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की 5 जनजातियों को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान किया गया है जिनमें बैगा, बिरहोर, कमार, पहाड़ी कोरवा तथा अबूझमाड़िया शामिल है.
जनजाति समूह जो अन्य जनजातियों से भी अधिक पिछड़े हुए हैं इन्हें विशेष पिछड़ी जनजाति या आदिम जनजाति कहा जाता है, इनकी पहचान निम्न बिंदुओं के आधार पर की जाती है–

-आर्थिक अर्थव्यवस्था का आधार कृषि से पूर्व की तकनीक
-जनसंख्या या तो स्थिर बनी हुई है या घट रही है
-साक्षरता दर अत्यधिक कम
-अन्य जनजाति समुदाय से भी अलगाव

**224 बस्तर के अनुसूचित जनजातियों का पारद क्या है?**

(A) पहाड़
(B) विवाह
(C) शिकार
(D) त्यौहार
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पारद का शाब्दिक अर्थ शिकार होता है.

**225 निम्न में से बांस बर्तन बनाने वाली अनुसूचित जनजाति कौन है?**

(A) उरांव
(B) नगेसिया
(C) कंडरा
(D) कंवर

*PSC AP 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कमार, कंडरा, धनवार, सौंता, दोरला, बैगा, माझी, मुड़िया जनजाति बांस शिल्प को अपना परंपरागत कार्य मानती हैं.

**226 छत्तीसगढ़ की कमार जनजाति की पंचायत का प्रधान क्या कहलाता है?**

(A) मांझी
(B) पंच
(C) पटेल
(D) कुरहा

*PSC AP Engg 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– गरियाबंद जिले के मैनपुर, बिंद्रानवागढ़, फिंगेश्वर क्षेत्र में निवास करने वाली कमार जनजाति में जाति पंचायत के प्रमुख को कुरहा कहा जाता है. कमार जनजाति दाही या दाहिया नामक अस्थाई कृषि करती है तथा सरकार द्वारा इन्हें विशेष पिछड़ी जनजाति घोषित किया गया है.

**227 निम्न में कौन गोंड़ अनुसूचित जनजाति की उपजाति नहीं है?**

(A) मुरिया
(B) कंडरा
(C) ओझा
(D) मुड़हा
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP Engg 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– मुड़िया, माड़िया, कंडरा, ओझा, दोरला आदि सभी गोंड जनजाति की उप समूह है जबकि मुड़हा इसका उप समूह नहीं है.

**228 भुंजिया अनुसूचित जनजाति का लाल बंगला क्या है?**

(A) डाकघर
(B) शयनकक्ष
(C) मेहमान घर
(D) रसोईघर
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP Engg 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– मुख्य रूप से गरियाबंद जिले में निवास करने वाली भुंजिया जनजाति अपने रसोईघर को लाल रंग से पुताई करती है, जिस कारण उसे लाल बंगला कहा जाता है. इनमें कछुए को विशेष पूजनीय माना जाता है. राज्य शासन द्वारा 2002–03 में इन्हें विशेष की जनजाति के समतुल्य माना गया है.

**229 कौन सी जनजाति बांस बर्तन नहीं बनाती?**

(A) कमार
(B) धनवार
(C) कंडरा
(D) कंवर
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ITI Principal 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कमार, कंडरा, धनवार, सौंता, दोरला, बैगा, माझी, मुड़िया जनजाति बांस शिल्प को अपना परंपरागत कार्य मानती हैं.

230 छींद पत्ते से चटाई व टोकरी कौन बनाते हैं?

(A) कमार (B) शिकारी

(C) कंडरा (D) सौंता

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ITI Principal 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाले शिकारी पारधी जनजाति छिंद पत्ते से विभिन्न निर्माण कार्य करते हैं, जैसे–चटाई बनाना, झाडू निर्माण करना, खिलौने बनाना इत्यादि.

231 निम्नलिखित में से कौन इस राज्य की अत्यधिक पिछड़ी जनजातियों में सम्मिलित नहीं है?

(A) अबूझमाड़िया (B) कंवर

(C) कमार (D) बैगा

*Vya. Hostel Sup. 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य में 5 जनजातियों बैगा, बिरहोर, कमार, अबूझमाड़िया तथा पहाड़ी कोरवा को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान है.

232 अबूझमाड़िया इस राज्य की निम्नलिखित में से किस जनजाति की उपजाति है?

(A) गोंड़ (B) बैगा

(C) कमार (D) कंवर

*Vya. Patwari 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवासरत अबूझमाड़िया जनजाति यहां की सबसे बड़ी जनजाति समूह गोंड की एक उप जनजाति है.

233 इस राज्य की विशेष परम्परा विनिमय विवाह को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है?

(A) लमसेना (B) पैठुल

(C) गुरांवट (D) पायसोतुर

*Vya. Patwari 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की जनजातियों में विनिमय में विवाह को गुरांवट या अदला–बदली के नाम से जाना जाता है, जिसमें एक परिवार के भाई–बहनों की शादी दूसरे परिवार के भाई–बहनों से की जाती है.

234 इस राज्य की जनजातियों में विधवा पुनर्विवाह को निम्न में से किस नाम से जाना जाता है?

(A) अर–उतो (B) पायसोतुर

(C) पोटा–ब्याह (D) लमसेना

*Vya. POWS 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– अर–उतो, विधवा पुनर्विवाह की एक पद्धति है जो छत्तीसगढ़ की जनजातियों में प्रचलित है.

235 कोरकू जनजाति में स्त्री पुनर्विवाह को कहा जाता है।

(A) हुरू ब्याह (B) पठोनिया विवाह

(C) राजी विवाह (D) पाटो ब्याह

*Vya. Sahayak Samparikshak 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कोरकू जनजाति में स्त्री के द्वारा अपने पति का परित्याग कर किसी अन्य पुरुष से विवाह कर लेना, पाटो विवाह के नाम से जाना जाता है. यह पैठूल विवाह का एक स्वरूप है.

236 इस राज्य के बिंझवार जनजाति का जाति चिह्न है?

(A) मनभौंरा (B) तलवार

(C) तीर (D) सिंह

*Vya. Sahayak Samparikshak 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवासरत बिंझवार जनजाति तीर को अपना जाति चिन्ह मानते हैं, यह विंध्यवासिनी देवी की पूजा करते हैं. प्रसिद्ध स्वतंत्रता संग्राम शहीद वीर नारायण सिंह इसी जनजाति से संबंधित थे.

237 इनमें से किस आदिवासी समुदाय को अत्यधिक पिछड़ा घोषित किया गया है?

(A) कमार (B) भुंजिया

(C) बिरहोर (D) उपरोक्त सभी

*Vya. Acct Markfed 2015*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवासरत 5 जनजातियों बैगा, बिरहोर, अबूझमाड़िया, कमार तथा पहाड़ी कोरवा को विशेष पिछड़ी जनजाति घोषित किया गया है.

238 इस राज्य के सरगुजा क्षेत्र में प्रमुखतः निवासरत निम्न में से कौन सी जनजाति है?

(A) उरांव (B) बैगा

(C) बिंझवार (D) गोंड़

*Vya. L.O./L.I. 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– उरांव जनजाति मुख्य रूप से सरगुजा संभाग में निवासरत है इसके अलावा कोरबा, रायगढ़ आदि जिलों में भी इनकी उपस्थिति पाई जाती हैं.

239 युवागृह घोटुल के युवती सदस्यों की प्रमुख होती है–

(A) केवरा (B) बालीफूल

(C) बेलोसा (D) मोटियारिन

(E) टुरी

*PSC A Pre 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– घोटुल मुरिया जनजाति का युवागृह है. घोटुल में युवक सदस्यों को चेलिक तथा युवतियों को मुटियारिन कहा जाता है, जबकि युवकों का प्रमुख सिरदार और युवतियों की प्रमुख बेलोसा कहलाती है.

240 घोटुल के संदर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये।
1. सामाजिक शिक्षा देना
2. जीवन साथी के चुनाव में सहायक
3. सेवा भाव जागृत करना
सही उत्तर का चुनाव कीजिये।
(A) 1 और 2 सही है (B) 1, 2 और 3 सही है
(C) 2 और 3 सही है (D) 1 और 3 सही है
(E) केवल 2 सही है

*PSC AB Engg. Ser. 1 2014*

उत्तर–(B)

व्याख्या– घोटुल मुड़िया जनजाति का युवागृह है, जिसके सदस्य अविवाहित युवक तथा युवतियां होती हैं. घोटुल में इन्हें सामाजिक शिक्षा दी जाती है, अपनी परंपराओं के बारे में बताया जाता है, उन्हें सामुदायिकता का पाठ पढ़ाया जाता है. साथ ही घोटुल में जीवन साथी चुनाव करने की परंपरा भी है.

241 निम्न जनजातियों में से अधिक गोदना प्रिय जनजाति है–
(A) कमार (B) भतरा
(C) मुरिया (D) बैगा
(E) उरांव

*PSC AB Engg. Ser. 1 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बैगा जनजाति को सर्वाधिक गोदना प्रिय जनजाति है.

242 बस्तर में अंगादेव का निर्माण किससे किया जाता है?
(A) पत्थर (B) धातु
(C) मिट्टी (D) काष्ठ
(E) रेत

*PSC AB Engg. Ser. 1 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– मुड़िया जनजाति अंगादेव का निर्माण लकड़ी से करती है.

243 कोरवा जनजाति की मुख्य देवी है–
(A) खुड़िया रानी (B) कुदुर गढ़िन
(C) लंकेश्वरी (D) बिलई माता
(E) बेलगहिन

*PSC AB Engg. Ser. 2 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुख्य रूप से सरगुजा संभाग, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर जिले में निवास करने वाली कोरवा जनजाति खुड़िया रानी की विशेष आराधना करती हैं. यह दो भागों में विभाजित है जिसमें से एक पहाड़ी कोरवा को शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान किया गया है. यह जनजाति प्रत्येक 5 वर्ष में सिंगरी नामक त्यौहार मनाती है.

244 गुरावट है–
(A) गंधर्व विवाह (B) सेवा विवाह
(C) हठ विवाह (D) विनिमय विवाह
(E) क्रय विवाह

*PSC AB Engg. Ser. 1 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में विनिमय विवाह पद्धति को गुरावट, अदला–बदली आदि नामों से भी जाना जाता है.

245 भारत में अनुसूचित जनजातियां का लगभग ...... प्रतिशत छत्तीसगढ़ में है.
(A) 5 प्रतिशत (B) 7.5 प्रतिशत
(C) 15 प्रतिशत (D) 20 प्रतिशत
(E) 25 प्रतिशत

*PSC ARO APO 2014*

उत्तर–(B)

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार भारत की कुल अनुसूचित जनजातियों का लगभग 7.5 प्रतिशत जनजाति छत्तीसगढ़ में निवास करती है.

246 इनमें किसे जनजातियों की भूमि के नाम से भी जाना जाता है–
(A) बस्तर (B) रायपुर
(C) जांजगीर (D) जाजपुर
(E) बीजापुर

*PSC Librarian 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र को जनजाति बाहुल्य होने के कारण जनजातियों की भूमि के नाम से भी जाना जाता है.

247 छत्तीसगढ़ की ओरांव जनजाति का एक लोक नृत्य है जो साल वृक्ष की पूजा से जुड़ा है–
(A) सरहुल नृत्य (B) सैला नृत्य
(C) पंथी नृत्य (D) संस्कार नृत्य
(E) डंडा नृत्य

*PSC Librarian 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– चैत्र माह में साल वृक्ष पर फूल आने पर उरांव जनजाति सरहुल नृत्य करती है .

248 कुडास और किसान इनमें से किस जनजाति की उपजातियां है–
(A) ओरांव (B) गोंड़
(C) बैगा (D) मुंडा
(E) हलबा

*PSC Librarian 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुख्य रूप से सरगुजा संभाग, रायगढ़ व कोरबा जिले में निवास करने वाली उरांव जनजाति की उपजातियां कुडास और किसान है. यह जनजाति स्थाई कृषि करती है तथा इनमें शिक्षा का बेहतर स्तर पाया जाता है.

249 किस जनजाति द्वारा घोटुल या युवा गृह की परंपरा अपनाई जाती है?

(A) कोरवा (B) नागेशिया

(C) गोंड (D) भुंजिया

(E) बैगा

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली मुड़िया जनजाति में युवागृह घोटुल की परंपरा पाई जाती है. मुड़िया गोंड जनजाति का एक उप समूह है.

250 छत्तीसगढ़ सरकार का जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान कहाँ स्थित है?

(A) रायपुर (B) भिलाई

(C) जबलपुर (D) निमोरा

(E) कोरबा

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ सरकार का जनजातीय अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान रायपुर में स्थित है.

251 नाहर एक उप जनजाति है:

(A) ओराँव की (B) हलवा की

(C) कंवर की (D) भटारा की

(E) बैगा की

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(E)

व्याख्या– मुख्य रूप से पेंड्रा, कवर्धा एवं मुंगेली जिले में निवास करने वाली बैगा जनजाति अनेक उपजातियों में विभाजित है जिसमें बिंझवार, नरोटिया, भरोटिया, नाहरभैना, काढ़भैना आदि प्रमुख उपजातियां हैं.

252 बस्तर जिले के कोंडागांव तहसील में ...... मुरिया जनजातियों के देवता है–

(A) रामदेव (B) कृष्ण देव

(C) कुवेर देव (D) बुद्ध देव (बूढ़ा देव)

(E) अरूण लाल

*PSC RDA 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कोंडागांव जिले के मुड़िया जनजाति बूढ़ादेव को अपने प्रमुख आराध्य मानते हैं.

253 निम्न में से कौन सी जनजाति छत्तीसगढ़ में नहीं पाई जाती है–

(A) गोंड़ (B) बैगा

(C) कोरवा (D) जुलु

(E) हल्वा

*PSC RDA 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– उपरोक्त में से गोंड़, बैगा, कोरवा, हल्बा आदि जनजाति छत्तीसगढ़ में पाई जाती है, जबकि जुलू छत्तीसगढ़ से बाहर की जनजाति है.

254 छत्तीसगढ़ के किस जिले में आदिवासी जनसंख्या का प्रतिशत सर्वाधिक है–

(A) कांकेर (B) बस्तर

(C) सुकमा (D) सरगुजा

(E) जशपुर

*PSC A Pre 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार सबसे अधिक आदिवासी जनसंख्या प्रतिशत वाले जिले क्रमश: सुकमा, बीजापुर, नारायणपुर, दंतेवाड़ा हैं.

255 छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जनजातियों की सूची निम्नलिखित में से किसमें है–

(A) भारत का संविधान

(B) मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2000

(C) मध्यप्रदेश लोकसेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994

(D) छत्तीसगढ़ लोकसेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए आरक्षण) अधिनियम 1994

*PSC A Pre 2013*

उत्तर–(B)

व्याख्या– मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 में छत्तीसगढ़ की जनजातियों की सूची दी गई है.

256 छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक जनसंख्या किस आदिवासी समूह की है-

(A) उरांव (B) गोंड़

(C) बैगा (D) माड़िया

*PSC A Pre 2013*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की जनजातियों में गोंड जनजाति समूह सबसे बड़ा समूह है.

257 जनजातीय अंचल में प्रचलित सल्फी क्या है?

(A) पेय (B) पशु

(C) कृषि उपकरण (D) धान का एक प्रकार

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ABEO 2013*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुड़िया जनजाति में प्रचलित सल्फी उनका एक प्रिय पेय पदार्थ है जो सल्फी नामक वृक्ष से प्राप्त होती है.

258 उरांव जनजाति के धुमकुरिया का अभिप्राय क्या है?

(A) देवस्थल (B) मुखिया का घर

(C) युवागृह (D) पगडंडी

*PSC ABEO 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उरांव जनजाति में प्रचलित युवा गृह को धुमकुरिया के कहा जाता है, इसमें धांगर महतो युवक प्रमुख तथा बारकिन धांगरिन युवतियों की प्रमुख होती है.

259 छत्तीसगढ़ की निम्नलिखित में से किस जनजाति के जीवनयापन का प्रमुख स्रोत बांस शिल्प है?

(A) मुरिया (B) उरांव
(C) भतरा (D) कमार
(E) कंवर

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की जनजातियों में कमार, कंडरा, धनवार, सोंता, दोरला, बैगा, मुड़िया आदि बांस शिल्प कला के कार्य में संलग्न जनजातियां हैं.

260 छत्तीसगढ़ की पहाड़ी कोरवा जनजाति में ढुकू विवाह का स्वरूप निम्नलिखित में से क्या है?

(A) बहुपत्नी विवाह
(B) गोत्र के बाहर विवाह
(C) बहु पति विवाह
(D) महिला द्वारा पुरूष के घर घुस कर विवाह
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013, S.Karmi 2009*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पहाड़ी कोरवा जनजाति में प्रचलित ढुकू विवाह हठ विवाह का एक स्वरूप है, जिसमें महिला भाग कर अपने प्रेमी के घर आकर रहने लगती है.

261 छत्तीसगढ़ की प्रमुख जनजाति गोंड के उपविभागों में निम्नलिखित में से कौन सा सत्य नहीं है?

(A) मारिया गोंड (B) मुरिया गोंड
(C) कमार गोंड (D) पाडल गोंड
(E) कोइकोपाल गोंड

*PSC AD PPO 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कमार गोंड़ की उपजाति नहीं है, यह एक पृथक जनजाति समूह है.

262 छत्तीसगढ़ की गोंड जनजाति में निम्नलिखित में से कौन सा विवाह प्रथा/प्रथाएँ प्रचलित है?

(A) भगेली विवाह (B) लमसेना विवाह
(C) चढ़ विवाह (D) पठोनी विवाह
(E) उपरोक्त सभी

*PSC AD PPO 2013*

उत्तर–(E)

व्याख्या– भगेली विवाह में कन्या भागकर अपने प्रेमी की घर आ जाती है, यह हठ विवाह का एक प्रकार है. लमसेना विवाह सेवा विवाह का एक रूप है जिसमें लड़का अपने होने वाले ससुराल में आकर रहने लगता है. चढ़ विवाह में लड़के बारात लेकर आते हैं जबकि पठौनी विवाह में लड़की बारात लेकर आती है. उपरोक्त सभी विवाह के स्वरूप गोंड जनजाति में प्रचलित है.

263 छत्तीसगढ़ में पुनर्विवाह को सामान्यतः निम्नलिखित में से किस नाम से जाना जाता है?

(A) चूरी पहिरई (B) गुरांवट
(C) बिहाव (D) मायमौरी
(E) नहडोरी

*PSC AD PPO 2013*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में पुनर्विवाह को समान्यत: चूड़ी पहराई के नाम से जाना जाता है. इसे हल्दी पानी और अरउतो आदि नामों से भी जाना जाता है.

264 छत्तीसगढ़ की विभिन्न जनजातियों के युवागृह हैं–

अ. घोटुल ब. धुमकुरिया
स. पायसोतुर द. अरउतो

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ एवं ब (B) ब एवं स
(C) अ एवं स (D) ब एवं द

*PSC Naap Taul 2013*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली जनजातियों में मुड़िया जनजाति में युवागृह घोटुल तथा उरांव जनजाति में यह धुमकुरिया के नाम से जाना जाता है.

265 सूची–अ (छत्तीसगढ़ की जनजातियां) को सूची–ब (जिले) से सुमेलित कीजिये।

| सूची–अ | सूची–ब |
|---|---|
| अ. हल्बा | 1. सरगुजा, कोरिया |
| ब. कमार | 2. बिलासपुर, कवर्धा |
| स. मुण्डा | 3. बस्तर, कांकेर |
| द. बैगा | 4. रायपुर, धमतरी |

(A) अ.3, ब.1, स.2, द.4 (B) अ.3, ब.1, स.4, द.2
(C) अ.3, ब.2, स.4, द.1 (D) अ.3, ब.4, स.1, द.2

*PSC Naap Taul 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– हल्बा जनजाति बस्तर, कोंडागांव, कांकेर आदि क्षेत्रों के साथ ही धमतरी क्षेत्र में भी निवास करती हैं. कमार जनजाति मुख्य रूप से गरियाबंद के बिंद्रानवागढ़, फिंगेश्वर तथा मैनपुर तहसील साथ ही धमतरी जिले में निवास करती है. मुंडा जनजाति मुख्य रूप से सरगुजा तथा कोरिया जिले में निवास करती है जबकि बैगा कवर्धा, मुंगेली व पेंड्रा क्षेत्र में निवास करते हैं.

266 निम्न में कौनसी जोडी (जनजाति–युवागृह) सुमेलित है?

(A) गोंड– घोटुल (B) मुरिया– बेलोसा
(C) उरांव– धुमकुरिया (D) कमार– लहुरा
(E) कंवर– हरछट

*PSC A Pre 2012*

उत्तर–(विलोपित)

व्याख्या– मुड़िया जनजाति के युवागृह को घोटुल कहा जाता है, जबकि उरांव जनजाति के युवागृह को धुमकुरिया के नाम से जाना जाता है.

267 निम्न सूचियों को सुमेलित कीजिये –

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| (जनजातीय विवाह) | (वास्तविक नाम) |
| अ. क्रय विवाह | 1. पारिंगधन |
| ब. सेवा विवाह | 2. लमसेना |
| स. अपहरण विवाह | 3. पायसोतुर |
| द. गंधर्व विवाह | 4. पोटा |

(A) अ.1, ब.2, स.3, द.4 (B) अ.2, ब.3, स.4, द.1
(C) अ.3, ब.4, स.1, द.2 (D) अ.4, ब.3, स.1, द.2
(E) अ.4, ब.1, स.2, द.3

*PSC A Pre 2012*

उत्तर–(A)

व्याख्या– जनजातियों में प्रचलित क्रय विवाह में वधू मूल्य को पारिंगधन के नाम से जाना जाता है. सेवा विवाह में लड़का अपने होने वाले ससुराल पक्ष के लोगों की सेवा करता है तथा उनका मन जीतने का प्रयास करता है. पायसोतुर अपहरण विवाह का एक स्वरूप है जबकि कोरकू जनजाति में प्रचलित पाटो विवाह में स्त्री अपने पति का त्याग कर किसी अन्य से विवाह कर लेती है.

268 निम्न में किस जनजाति को छत्तीसगढ़ सरकार ने विशेष पिछड़ी जनजाति में अलग से शामिल किया है?

(A) भुजिया (B) बिरहोर
(C) बैगा (D) अबूझमाड़िया
(E) मुरिया

*PSC A Pre 2012*

उत्तर–(A)

व्याख्या– वर्ष 2002–03 में पंडो तथा भुंजिया जनजाति को राज्य शासन द्वारा विशेष पिछड़ी जनजाति के समतुल्य माना गया है.

269 छत्तीसगढ़ के आदिवासियों के संबंध में कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) जनजातीय समाज पितृसत्तात्मक है
(B) जनजातियों में गणचिन्ह का विशेष महत्व है
(C) जनजातीय समाज में स्त्रियां गौरवान्वित होती है
(D) जनजातीय समाज में अनेक देवताओं की पूजा होती है
(E) जनजातीय समाज मातृसत्तात्मक होता है

*PSC A Pre 2012*

उत्तर–(E)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवासरत आदिवासी समूह पितृसत्तात्मक, पितृवंशीय तथा पितृस्थानीय हैं. जनजाति समाज के अपने आराध्य देवी–देवता होते हैं. जनजातियों में टोटम का विशेष महत्व होता है तथा जनजाति समाज में महिलाओं का स्तर ऊंचा होता है.

270 निम्न में से किस समाजविज्ञानी ने इस राज्य की मुड़िया जनजाति में प्रचलित घोटुल प्रथा का गहन अध्ययन किया है–

(A) श्यामाचरण दुबे (B) वेरियर एल्विन
(C) जी.एस. धुर्वे (D) इरावती कर्वे

*Vya. ADEO 2012*

उत्तर–(B)

व्याख्या– प्रसिद्ध मानव शास्त्री वेरियर एल्विन ने इस राज्य की मुड़िया जनजाति पर शोध किया तथा उन पर मुड़िया एंड देयर घोटुल नामक ग्रंथ की रचना की.

271 इस राज्य में गोंड़ जनजाति में निम्नलिखित में से कौनसा विवाह प्रचलित है, जिसमें वर द्वारा वधु का अपहरण किया जाता है–

(A) पारिंगधन (B) लमसेना
(C) गुरावट (D) पायसोतुर

*Vya. ADEO 2012*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पायसोतुर अपहरण विवाह का एक स्वरूप है, जो गोंड समाज में प्रचलित है.

272 राज्य के किस जिले में कमार जनजाति के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं?

(A) बस्तर (B) सरगुजा
(C) गरियाबंद (D) दुर्ग

*Vya. ASO 2012*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कमार जनजाति गरियाबंद जिले की बिंद्रानवागढ़, फिंगेश्वर तथा मैनपुर जिले में मुख्य रूप से निवास करती है. डॉ. श्यामाचरण दुबे द्वारा इन पर द कमार नामक ग्रंथ की रचना की गई है.

273 निम्न में से कौन सी जनजाति छत्तीसगढ़ में नहीं पायी जाती है?

(A) भोटिया (B) गोंड
(C) मारिया (D) बनिया

*PSC A Pre 2011*

उत्तर–(A)

व्याख्या– उपरोक्त में से भोटिया जनजाति छत्तीसगढ़ में निवासरत नहीं है.

274 घोटुल परम्परा निम्नलिखित में से किस जनजाति से संबंधित है?

(A) हो (B) गोड़
(C) मरिया (D) बिरहोर

*PSC A QMains 2011*

उत्तर–(B)

व्याख्या– मुड़िया जनजाति के युवागृह को घोटुल के नाम से जाना जाता है.

275 निम्नलिखित में किस जनजाति में धुमकुरिया युवा आवासगृह के रूप में लोकप्रिय है?

(A) ओंगे (B) मुरिया

(C) सौंरा (D) ओरांव

*PSC A QMains 2011*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के उरांव जनजाति के युवा गृह को धुमकुरिया कहा जाता है. इनमें युवकों के प्रमुख को धांगरमहतो तथा युवतियों के प्रमुख को बारकिन धांगरिन कहा जाता है.

276 निम्नलिखित में से कौन सी (छत्तीसगढ़ की जनजाति एवं उप जनजाति) सुमेलित है?

(A) कंवर– बिंझवार (B) बैगा– तंवर

(C) गोंड़– डोरला (D) उरांव– कमार

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–(C)

व्याख्या– माड़िया, मुड़िया, दोरला, धुरवा, ओझा आदि गोंड की उपजातियां हैं.

277 छत्तीसगढ़ की जनजातियों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य है?

(A) छत्तीसगढ़ की आधी से अधिक जनसंख्या जनजातियों की है

(B) भारतीय संविधान की अनुसूची में छत्तीसगढ़ की 42 जनजातियां शामिल है

(C) जनजातियों की सबसे अधिक आबादी मध्य छत्तीसगढ़ में है

(D) छत्तीसगढ़ की विधानसभा में जनजातियों के लिए 50 सीटों का आरक्षण है

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–(B)

व्याख्या– संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत जनजाति समूह को सूचीबद्ध किया जाता है इसमें छत्तीसगढ़ के कुल 42 समूह भी विद्यमान है.

278 निम्न में से कौन सी जोड़ी (जनजातियों का विवाह प्रकार एवं उसका अर्थ) सुमेलित नहीं है–

(A) पायसोतुर– बड़ों की सहमति से विवाह

(B) लमसेना– सेवा विवाह

(C) गुरांवट– विनिमय विवाह

(D) पारिंगधन– वधूमूल्य देकर विवाह

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–(A)

व्याख्या– पायसोतुर अपहरण विवाह का एक स्वरूप है, लमसेना सेवा विवाह का स्वरूप है, गुरांवट विनिमय विवाह का एक प्रकार है जबकि पारिंगधन वधू मूल्य को कहा जाता है.

279 छत्तीसगढ़ की अत्यधिक पिछड़ी जनजातियां चुनिए –

अ. कमार ब. पहाड़ी कोरवा

स. भतरा द. बैगा

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ, ब एवं स (B) ब, स एवं द

(C) अ, ब एवं द (D) अ, स एवं द

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवासरत 5 जनजातियों बैगा, बिरहोर, कमार, अबूझमाड़िया तथा पहाड़ी कोरवा को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान किया गया है. साथ ही 2002–03 में राज्य शासन द्वारा पंडो तथा भुंजिया जनजाति को भी विशेष पिछड़ी जनजाति के समतुल्य माना गया है.

280 निम्नलिखित कथनों को पढ़िये–

अ. छत्तीसगढ़ की सबसे प्रमुख जनजाति गोंड़ है

ब. गोंड़ द्रविड़ियन समूह की भाषा की बोली बोलते हैं

स. गोंड़ छत्तीसगढ़ के दक्षिणी भाग में निवास करते हैं।

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ, ब एवं स सही है (B) अ एवं ब सही है

(C) ब एवं स सही है (D) अ एवं स सही है

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के जनजातियों में गोंड समूह सबसे बड़ी है जिसके लगभग 41 उप समूह छत्तीसगढ़ में पाए जाते हैं. यह द्रविड़ मूल की जनजाति है, गोंड दक्षिण छत्तीसगढ़ समेत पूरे छत्तीसगढ़ में निवासरत है.

281 छत्तीसगढ़ में अदला–बदली विवाह को कहा जाता है–

(A) गुरांवट (B) लमसेना

(C) भगोरिया (D) पायसोतुर

*PSC Asst Geologist 2011*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में एक परिवार के भाई–बहन की शादी दूसरे परिवार के भाई–बहन से कराए जाने की प्रथा को गुरांवट विवाह के नाम से जाना जाता है.

282 छत्तीसगढ़ के किस जिले में ओरांव जनजाति निवास नहीं करती?

(A) सरगुजा (B) कोरिया

(C) जशपुर (D) कबीरधाम

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के उत्तरी भाग सरगुजा संभाग समेत रायगढ़ और कोरबा जिलों में उरांव जनजाति मुख्यत: निवास करती है.

**283 भारत सरकार द्वारा घोषित निम्नलिखित अति पिछड़ी जनजातियां छत्तीसगढ़ में पाई जाती है–**

अ. परजा ब. कमार

स. पहाड़ी कोरवा द. बैगा

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ, ब एवं स (B) ब, स एवं द

(C) अ, ब एवं द (D) अ, स एवं द

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली बैगा, बिरहोर, अबूझमाड़िया, कमार तथा पहाड़ी कोरवा जनजातियों को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान है.

**284 छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज में विवाह के निम्नलिखित प्रकार विद्यमान है–**

अ. लमसेना ब. पोटा

स. बुधिया द. पेरूंग

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ एवं ब (B) ब एवं स

(C) अ एवं स (D) ब एवं द

*PSC Mining Ins 2010*

उत्तर–(A)

व्याख्या– दिए गए विकल्पों में से लमसेना तथा पोटा विवाह पद्धतियां हैं जो कि छत्तीसगढ़ के आदिवासी समाज में प्रचलित है.

**285 बिलासपुर तथा रायपुर के निकट बसे बसोड़ परिवारों के लोग विभिन्न प्रकार के सजावटी तथा उपयोगी वस्तुओं का निर्माण ...... से करते हैं–**

(A) पत्थर (B) लकड़ी

(C) चिकनी मिट्टी (D) बांस

*Vya. ASO 2010*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बिलासपुर तथा रायपुर शहर के निकट निवासरत बंसोड़ परिवार बांस शिल्प के कार्य में संलग्न है.

**286 छत्तीसगढ़ के बैगा आदिवासी ...... पेड़ की पूजा करते हैं–**

(A) सागौन (टेक्टोना ग्रेन्डिस)

(B) बीजा (टेरोकारपस मरसूपीयम)

(C) साजा (टर्नसाईनेसिया टोर्नरटोसा)

(D) साल (सोरिया रोबस्टा)

*Vya. ASO 2010*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बैगा आदिवासी साल वृक्ष की पूजा करते हैं, इनकी मान्यता अनुसार इनके आराध्य बूढ़ादेव का निवास साल वृक्ष में होता है.

**287 निम्न अनुसूचित जनजातियों में से कौन सी जनजाति कोरिया सरगुजा जशपुर अंचल में निवास नहीं करती है–**

(A) खेरवार (B) भतरा

(C) नगेशिया (D) उरांव

*Vya. S.Karmi 2009*

उत्तर–(B)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से भतरा जनजाति मुख्यत: दक्षिण रायपुर क्षेत्र में निवास करती है. भतरा का शाब्दिक अर्थ सेवक होता है तथा यह शिकर देवी की पूजा करते हैं.

**288 छत्तीसगढ़ की निम्नलिखित अनुसूचित जनजाति साल वृक्ष को पूजनीय मानती है–**

(A) कमार (B) भैना

(C) भतरा (D) बैगा

*Vya. S.Karmi 2009*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कवर्धा, मुंगेली पेण्ड्रा जिलों में निवासरत बैगा जनजाति की मान्यता अनुसार उनके देवता बूढ़ादेव साल वृक्ष में निवास करते हैं.

**289 निम्नलिखित जनजातियों में से कौन कांकेर एवं बस्तर जिलों में नहीं पाई जाती है?**

(A) भतरा (B) खरिया

(C) गदवा (D) पारधी

*Vya. S.Karmi 2009*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पारधी शिकारी जनजाति मुख्य रूप से सरगुजा, रायगढ़ और कोरबा जिलों में पाई जाती है.

**290 निम्नलिखित में से कौन सी अनुसूचित जनजाति कोरिया सरगुजा जशपुर क्षेत्र में नहीं पाई जाती है–**

(A) परजा (B) बिंझवार

(C) उरांव (D) भैना

*Vya. S.Karmi 2009*

उत्तर–(A)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में बिंझवार, उरांव, भैना सरगुजा संभाग में पायी जाती है किंतु परजा बस्तर क्षेत्र की जनजाति है.

**291 नगेशिया जनजाति मुख्यत: छत्तीसगढ़ के निम्न जिलों में पाई जाती है–**

(A) दंतेवाड़ा, बस्तर एवं कांकेर (B) राजनांदगांव, कबीरधाम एवं दुर्ग

(C) बस्तर, कांकेर एवं धमतरी (D) रायगढ़, सरगुजा एवं जशपुर

*Vya. Supervisor 2009, S.Karmi 2009*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के रायगढ़, सरगुजा एवं जशपुर क्षेत्र में निवास करने वाली नगेशिया जनजाति स्वयं को सर्प का वंशज मानती है तथा कृषि कार्य में संलग्न है.

292 निम्न कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़िये–
1. छत्तीसगढ़ में गोंड सबसे बड़ा जनजाति समूह है।
2. उरांव सबसे छोटा जनजाति समूह है।
3. कमार और पहाड़ी कोरवा विशेष पिछड़ी जनजातियाँ है
उत्तर कूटों के आधार पर दीजिए
(A) 1, 2 एवं 3 सही है (B) 1 एवं 2 सही है
(C) 1 एवं 3 सही है (D) 2 एवं 3 सही है

*PSC A Pre 2008*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली जनजातियों में गोंड जनजाति सबसे बड़ा जनजाति समूह है, कुल जनजातियों का लगभग 50 प्रतिशत से भी अधिक इस समूह से संबंधित हैं. जबकि सौंर सबसे छोटा जनजाति समूह है. कमार, पहाड़ी कोरवा समेत अबूझमाड़िया, बैगा और बिरहोर जनजाति को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्राप्त है.

293 छत्तीसगढ़ की जनजातियों से निम्न कथन संबंधित है:
1. छत्तीसगढ़ की जनजातियों में गोंड़ सबसे बड़ा समूह है।
2. जनजातियों का जीवनयापन मुख्यत: शिकार पर निर्भर है।
3. जनजातियां छत्तीसगढ़ के उत्तरी तथा दक्षिणी पहाड़ी क्षेत्रों में निवास करती है।
उत्तर निम्न कूट के आधार पर दीजिए :
(A) 1, 2 एवं 3 सही है। (B) 1 एवं 2 सही है।
(C) 2 एवं 3 सही हैं। (D) 1 एवं 3 सही है।

*PSC A QMains 2008*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के जनजातियों में गोंड़ सबसे बड़ा जनजाति समूह है, जिसकी 30 शाखाएं विद्यमान है. छत्तीसगढ़ में जनजाति मुख्य रूप से उत्तर तथा दक्षिण क्षेत्र में निवासरत है जबकि अंशत: मध्य छत्तीसगढ़ विभिन्न निवास करती हैं. जनजातियों का जीवन यापन मुख्य रूप से आखेट, वनोपज संग्रहण, कृषि आदि पर निर्भर है इसके साथ उनके अपने परंपरागत कार्य भी हैं.

294 सूची–I (जनजाति) का सूची–II (क्षेत्र) से कूट के आधार पर मिलाइये–

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| 1. भुजिया | अ. कोण्डागांव |
| 2. उरांव | ब. अबूझमाड़ |
| 3. मुरिया | स. बिन्द्रानवागढ़ |
| 4. माड़िया | द. जशपुर |

निम्न कूट में से अपना उत्तर चुनिए–
(A) 1.स, 2.द, 3.ब, 4.अ (B) 1.स, 2.द, 3.अ, 4.ब
(C) 1.द, 2.स, 3.अ, 4.ब (D) 1.ब, 2.स, 3.अ, 4.द

*PSC AD IHS 2008*

उत्तर–(B)

व्याख्या– भुंजिया जनजाति मुख्य रूप से गरियाबंद के बिंद्रानवागढ़, मैनपुर, फिंगेश्वर तहसील में निवास करती है. उरांव जनजाति का संकेंद्रण सबसे अधिक सरगुजा संभाग विशेष रूप से जशपुर जिले में पाया जाता है. मुड़िया जनजाति बस्तर संभाग के कोंडागांव जिले में जबकि माड़िया जनजाति नारायणपुर के अबूझमाड़ क्षेत्र में निवास करती है.

295 गोंड जनजाति में उस विवाह को क्या कहते हैं, जिसमें विवाह से पूर्व वर वधू के यहाँ रहकर सेवा करता है?
(A) भगोरिया (B) चरघिया
(C) आटा–साटा (D) गंधर्व

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(B)

व्याख्या– गोंड जनजाति में वधु मूल्य देने में असमर्थ लड़का अपने ससुराल में जाकर रहने लगता है तथा ससुराल वालों की सेवा कर उनका मन जीतने का प्रयास करता है, विवाह के इस स्वरूप को लमसेना विवाह कहा जाता है, इसे चरघिया विवाह पद्धति भी कहा जाता है.

296 जनसंख्या की दृष्टि से छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा जनजाति–समूह कौन–सा है?
(A) उराँव (B) कंवर
(C) गोंड (D) बैगा

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवासरत 42 जनजाति समूह में से गोंड़ सबसे बड़ा जनजाति समूह है, जिसके 41 उप समूह छत्तीसगढ़ में विद्यमान हैं.

297 छत्तीसगढ़ की जनजाति एवं उप–जनजातियों की कौन–सी जोड़ी सही नहीं है?
(A) गोंड–प्रधान (B) बैगा–बिझवार
(C) कंवर– अबूझमाड़िया (D) उरांव– कुरूख

*PSC ACF 2007*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उरांव जनजाति को धनका या धनगढ़ के नाम से भी जाना जाता है, यह बोलचाल में कुरुख बोली का प्रयोग करते हैं साथ ही सदरी व छत्तीसगढ़ी बोली का प्रयोग भी करते हैं. कुडास तथा किसान इनकी प्रमुख उपजातियां हैं.

298 छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी जनजाति है–
(A) गोंड़ (B) बैगा
(C) संथाल (D) मुंडा

*Vya. Food Ins 2007*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में पाई जाने वाली जनजातियों में गोंड़ सबसे बड़ा जनजाति समूह है, कुल जनजाति जनसंख्या का 50 प्रतिशत से भी अधिक इस जनजाति समूह से संबंधित है. छत्तीसगढ़ में गोंड जनजाति की 41 उप समूह पाए जाते हैं.

299 छत्तीसगढ़ में आदिवासियों की जनसंख्या है–
(A) 30% से अधिक (B) 25% से अधिक
(C) 20% से अधिक (D) 28% से अधिक

*Vya. S.I. Mains 2005*

उत्तर–(A)

व्याख्या– 2011 की जनगणना के अनुसार छत्तीसगढ़ में जनजातियों की संख्या कुल आबादी का 30.62 प्रतिशत है.

**300 निम्न में गोंड जनजाति के प्रमुख देवता हैं?**

(A) शंकर देव (B) बूढ़ा देव

(C) बाघ देव (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(B)

व्याख्या– बूढ़ादेव गोंड़ जनजातियों के प्रमुख आराध्य देवता हैं.

**301 कौन सी जनजाति लकड़ी की खुदाई कार्य में प्रवीण है?**

(A) मुड़िया–माड़िया (B) हल्बा

(C) कँवर (D) उराँव

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र की माड़िया, मुड़िया जनजाति लकड़ी में कलात्मक खुदाई कार्य करने के लिए विशेष रूप से जाने जाते हैं.

**302 कौरवों को अपना पूर्वज मानने वाली तथा सैनिक सेवा को अपना परम्परागत व्यवसाय समझने वाली जनजाति छत्तीसगढ़ में कौन सी है–**

(A) बैगा (B) कोरबा

(C) कंवर (D) खैरवार

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के सरगुजा संभाग समेत कोरबा, रायगढ़, बिलासपुर जिले में निवास करने वाली कंवर जनजाति स्वयं को कौरवों का वंशज मानती है तथा देश सेवा के लिए फौज में कार्य करने को अपना परंपरागत कार्य मानती है.

**303 छत्तीसगढ़ में सूची–1 विशेष पिछड़ी जनजाति को सूची–2 क्षेत्र से सुमेलित करें–**

| सूची 1 | सूची 2 |
|---|---|
| अ. अबूझमाड़िया | 1. गरियाबंद (रायपुर) |
| ब. कमार | 2. नारायणपुर (बस्तर) |
| स. बिरहोर | 3. कोरबा, सरगुजा, जशपुर |
| द. पहाड़ी कोरबा | 4. जशपुर |

(A) अ.1, ब.2, स.3, द.4 (B) अ.3, ब.4, स.1, द.2

(C) अ.2, ब.1, स.4, द.3 (D) अ.4, ब.3, स.2, द.1

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की अबूझमाड़िया जनजाति मुख्य रूप से बस्तर संभाग के नारायणपुर जिले में, कमार जनजाति रायपुर संभाग के गरियाबंद जिले में, बिरहोर जनजाति सरगुजा संभाग के जशपुर जिले में जबकि पहाड़ी कोरबा जनजाति कोरबा, सरगुजा, जशपुर आदि जिलों में निवास करती है.

**304 छत्तीसगढ़ में घोषित अनुसूचित जनजाति समूह की संख्या है?**

(A) 35 (B) 36

(C) 38 (D) 42

उत्तर–(D)

व्याख्या– संविधान के अनुच्छेद 342 में सूचीबद्ध जनजातियों में से कुल 42 जनजातियां छत्तीसगढ़ में निवासरत हैं. इनमें से पांच को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्राप्त है.

**305 पारधी जनजाति की आजीविका का परंपरागत स्रोत है?**

(A) आखेट (B) देवपूजा

(C) कृषि (D) काष्ठ शिल्प

उत्तर–(A)

व्याख्या– पारधी शब्द संस्कृत के पारधू से बना है, जिसका अर्थ शिकार होता है. आखेट या शिकार करना इनका परंपरागत कार्य है.

**306 सिंगराज, कोंडाराज देव किस वृक्ष में निवास करते हैं?**

(A) बांस तना (B) शीशम तना

(C) महुआ तना (D) साजा तना

उत्तर–(B)

व्याख्या– सिंगराज, कोंडाराज देव शीशम वृक्ष के तना में निवास करते हैं।

**307 कौन विशेष पिछड़ी जनजातियों में शामिल नहीं है–**

(A) बैगा (B) अबूझमाड़िया

(C) कमार (D) दिहारी कोरवा

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली बैगा, बिरहोर, कमार, अबूझमाड़िया तथा पहाड़ी कोरवा जनजाति को विशेष पिछड़ी जनजाति का दर्जा प्रदान किया गया है, इनके अलावा राज्य शासन द्वारा वर्ष 2002–03 में पंडों तथा भुजिया जनजाति को विशेष पिछड़ी जनजाति के समतुल्य माना गया.

**308 किस जनजाति का शाब्दिक अर्थ पृथ्वी खोदने वाला है?**

(A) बैगा (B) गोड़

(C) कमार (D) कोरकू

उत्तर–(D)

व्याख्या– कोरकू का शाब्दिक अर्थ पृथ्वी खोदने वाला होता है.

**309 कौन सी जनजाति देश सेवा के लिए फौज में कार्य करने को परंपरागत कार्य मानती है?**

(A) कंवर (B) बिंझवार

(C) भतरा (D) कोल

उत्तर–(A)

व्याख्या– स्वयं को राजपूतों तथा कौरवों का वंशज मारने वाली कंवर जनजाति देश सेवा के लिए फौज में कार्य करने को अपना परंपरागत कार्य मानती है.

**310 किस जनजाति के धार्मिक पुजारी को गायता कहते हैं?**

(A) कमार (B) मुड़िया

(C) सोंर (D) भुंजिया

उत्तर–(B)

व्याख्या– मुड़िया जनजाति के धार्मिक पुजारी को गायता कहते हैं।

311 कुरहा किस जनजाति का प्रमुख व्यक्ति है–
(A) कमार (B) गोंड़
(C) मुड़िया (D) माड़िया
उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में पाई जाने वाली कमार जनजाति में जातिगत पंचायत के प्रमुख को कुरहा के नाम से जाना जाता है.

312 सल्फी नामक पेय किस जनजाति में अत्यधिक लोकप्रिय है?
(A) कमार (B) माड़िया
(C) हिल कोरवा (D) गोड
उत्तर–(B)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में पाई जाने वाली माड़िया जनजाति में सल्फी नामक पेय पदार्थ का प्रचलन है, यह सल्फी नामक वृक्ष के रस से बनती है.

313 कोरवा जनजाति में ज्यादातर किस प्रकार के विवाह का प्रचलन है–
(A) मंगी (B) पोटा
(C) अर–उतो (D) पायसोतुर
उत्तर–(A)

व्याख्या– कोरवा जनजाति में मंगी विवाह का प्रचलन पाया जाता है.

314 'इंटोला' संस्कार किससे संबंधित है?
(A) मुरिया जनजाति (B) भुंजिया जनजाति
(C) गोंड जनजाति (D) उरांव जनजाति
उत्तर–(B)

व्याख्या– 'इंटोला' संस्कार भुंजिया जनजाति संबंधित है।

315 परजा जनजाति का अन्य नाम है?
(A) धुरवा (B) बैगा
(C) कमार (D) दिहारिया
उत्तर–(A)

व्याख्या– परजा गोंड़ की उपजाति है, बस्तर क्षेत्र में इसे धुरवा के नाम से भी जाना जाता है. यह एक पशुपालक जनजाति है.

316 सिंगरी पर्व किस जनजाति का पर्व है–
(A) मुरिया (B) हल्बा
(C) कोरवा (D) भैना
उत्तर–(C)

व्याख्या– कोरवा जनजाति प्रत्येक 5 वर्ष में सिंगरी नामक त्यौहार मनाती है, कोरवा जनजाति विवाह उत्सव पर दमनच नामक नृत्य भी करती है.

317 जून 2009 तक प्रदेश का प्रतिबंधित क्षेत्र था–
(A) अबुझमाड़ (B) जशपुर
(C) तपकरा (D) मरवाही
उत्तर–(A)

व्याख्या– नारायणपुर का अबूझमाड़ क्षेत्र जून 2009 तक प्रतिबंधित क्षेत्र था.

318 भुंजिया जनजाति छत्तीसगढ़ के इस जिले में पायी जाती है?
(A) बिलासपुर (B) बस्तर
(C) कोरबा (D) रायपुर
उत्तर–(D)

व्याख्या– भुंजिया जनजाति छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में मुख्य रूप से पाई जाती है. 2002–03 में राज्य शासन द्वारा इसे विशेष पिछड़ी जनजाति के समतुल्य माना गया है.

319 कमार जनजाति पर शोध करके द कमार किसने लिखा?
(A) ग्रियर्सन (B) डी.एन. मजुमदार
(C) श्यामाचरण दुबे (D) रविन्द्रनाथ मुकर्जी
उत्तर–(C)

व्याख्या– डॉक्टर श्यामाचरण दुबे ने गरियाबंद में निवास करने वाली कमार जनजातियों पर द कमार नामक शोधग्रंथ की रचना की है.

320 इनमें से किस जनजाति के अधिकतर लोग ने कबीर पंथ को अपना लिया है?
(A) हल्बा (B) भतरा
(C) मुड़िया (D) कोरबा
उत्तर–(A)

व्याख्या– धमतरी क्षेत्र में उत्तम कृषक के रूप में पहचान बनाने वाली हल्बा जनजाति के अधिकांश लोगों ने कबीर पंथ को अपना लिया है.

321 कोरवा लोगों की पंचायत कहलाती है–
(A) भगोरिया (B) मयारी
(C) झूमकुरिया (D) गोलगोधड़ी
उत्तर–(B)

व्याख्या– कोरवा जनजाति की जातिगत पंचायत मयारी के नाम से जानी जाती है. कोरवा अपनी उत्पत्ति काग भगोड़ा से मानते हैं तथा इनका एक उप वर्ग पहाड़ी कोरवा बेवारी नामक स्थानांतरित कृषि करता है.

322 छत्तीसगढ़ में दूध लौटावा किस जनजाति में प्रचलित है–
(A) पहाड़ी कोरवा (B) बैगा
(C) कमार (D) गोड़
उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की गोंड जनजाति में ममेरे–फुफेरे भाई बहनों के मध्य विवाह अधिमान्य होते हैं, जिसे दूध लौटावा कहा जाता है.

323 छत्तीसगढ़ में तीर किस जनजाति का प्रतीक चिन्ह है?
(A) पारधी (B) कमार
(C) बैगा (D) बिंझवार
उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवासरत बिंझवार जनजाति तीर को अपना जाति चिन्ह मानती है. यह विंध्यवासिनी देवी की पूजा करते हैं. 1857 की क्रांति में छत्तीसगढ़ से प्रथम शहीद वीर नारायण सिंह इसी जनजाति से संबंधित थे.

324 घोटुल है?

(A) सामूहिक विवाह का स्थान

(B) शिक्षा एवं परंपरा ज्ञान का स्थान

(C) जनजातीय विकास योजना

(D) आदिवासियों के देवता

उत्तर–(B)

व्याख्या– घोटुल छत्तीसगढ़ के मुड़िया जनजाति के युवागृह का नाम है जहां इस जनजाति के अविवाहित युवक–युवतियों को अपनी संस्कृति की शिक्षा एवं परंपरा का ज्ञान प्रदान किया जाता है.

325 दादा भाई, अकोमामा किस जनजाति के उपसमूह हैं–

(A) सौंता (B) कोरकू

(C) अबूझमाड़िया (D) बिरहोर

(E) कंवर

उत्तर–(C)

व्याख्या– दादाभाई तथा अकोमामा छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवासरत अबूझमाड़िया जनजाति के उप समूह हैं.

326 बस्तर की माड़िया जनजाति पर द मारिया गोंड्स ऑफ बस्तर किसकी कृति है?

(A) डी.एन. मजूमदार (B) श्यामाचरण दुबे

(C) नदीम हसनैन (D) ग्रियर्सन

उत्तर–(D)

व्याख्या– ग्रियर्सन के द्वारा बस्तर की माड़िया जनजाति पर द माड़िया: गोंड्स ऑफ बस्तर नामक ग्रंथ की रचना की गई.

327 धनका किस जनजाति की उप जनजाति है?

(A) उराँव (B) कोरवा

(C) भतरा (D) कमार

उत्तर–(A)

व्याख्या– उरांव जनजाति को धनका या धनगढ़ भी कहा जाता है.

328 चेलिक एवं मोटियारी किस जनजाति के युवागृह के लड़के–लड़की को कहते हैं–

(A) उरांव (B) मुरिया

(C) मुइया (D) गोंड़

उत्तर–(B)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में निवासरत मुड़िया जनजाति के युवागृह घोटुल में लड़कों को चेलिक तथा लड़कियों को मुटियारिन कहा जाता है.

329 हल्बा जनजाति का मुख्य जीविकोपार्जन है?

(A) कृषि (B) आखेट

(C) देवपूजा (D) मजदूरी

उत्तर–(A)

व्याख्या– धमतरी क्षेत्र में निवास करने वाली हल्बा जनजाति का प्रमुख कार्य कृषि है.

330 बैगा जनजाति में प्रचलित स्थानांतरित कृषि को कहा जाता है?

(A) दाही (B) पेंद्दा

(C) बेवार (D) झूम

उत्तर–(C)

व्याख्या– कमार जनजाति दहिया नामक स्थानांतरित कृषि करती है, बैगा तथा गोंड जनजाति बेवार नामक कृषि करती है, जबकि अबूझमाड़िया पेंद्दा नामक स्थानांतरित कृषि करते हैं.

331 हिल माड़िया द्वारा की जाने वाली स्थानांतरित कृषि है?

(A) दाही (B) बेवार

(C) झूम (D) पेंद्दा

उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में पाई जाने वाली हिलमाड़िया जनजाति पेंद्दा नामक स्थानांतरित कृषि करती है.

332 कमार जनजाति द्वारा किया गया स्थानांतरित कृषि को स्थानीय भाषा में कहा जाता है?

(A) दाही या दहिया (B) बेवार

(C) पेंद्दा (D) झूम

उत्तर–(A)

व्याख्या– कमार जनजाति द्वारा दाही या दहिया नामक स्थानांतरित कृषि की जाती है.

333 छत्तीसगढ़ की कोरवा जनजाति का निवास क्षेत्र मुख्यत: है?

(A) जशपुर, सरगुजा, कोरबा (B) रायपुर, धमतरी, महासमुन्द

(C) बस्तर, कांकेर, दंतेवाडा (D) दुर्ग, राजनांदगांव, कोरिया

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली कोरवा जनजाति मुख्य रूप से जशपुर, सरगुजा, कोरिया, सूरजपुर, कोरबा आदि जिलों में निवासरत है.

334 लोहे की पूजा को दुर्गा देवी की पूजा मानते हैं–

(A) नगेशिया (B) परधान

(C) मंझवार (D) कोरवा

(E) कमार

उत्तर–(E)

व्याख्या– गरियाबंद जिले में मुख्य रूप से निवास करने वाली कमार जनजाति में लोहे की पूजा का प्रचलन है, कमार जनजाति में घोड़े को छूना पाप माना जाता है.

335 सरगुजा तथा रायगढ़ जिलों में किस जनजाति के लोग राजमोहिनी देवी एवं गहिरा गुरू के समाज सुधार कार्यक्रम से बहुत प्रभावित हुए–

(A) नगेशिया (B) परधान

(C) मंझवार (D) कोरवा

उत्तर–(A)

व्याख्या– सरगुजा तथा रायगढ़ जिलों में निवासरत नगेशिया जनजाति के लोग राजमोहिनी देवी एवं संत गहिरा गुरु के समाज सुधार कार्यक्रम से अत्यधिक प्रभावित हुए.

# लोक कला

1 छत्तीसगढ़ की लोकगायन परम्परा में 'भरथरी गाथा' के गायन को अक्षुण्ण रखने का श्रेय किस कलाकार को जाता है?

(A) रेखा देवार (B) सुरुज बाई खांडे

(C) तीजन बाई (D) ऊषा बारले

*PSC RTI 2023–24*

उत्तर–(B)

व्याख्या– रानी पिंगरा एवं राजा भरथरी की वियोग गाथा पर आधारित भरथरी की प्रमुख कलाकार हैं– स्व सुरुज बाई खांडे.

2 'ककसार' नृत्य किस जनजाति का पारम्परिक नृत्य है?

(A) मुरिया (B) भुन्जिया

(C) हल्बा (D) भातरा

*PSC RTI 2023–24*

उत्तर–(A)

व्याख्या– ककसार नृत्य मुरिया जनजाति का पारम्परिक नृत्य है जो लिंगदेव को प्रसन्न करने के लिए युवक–युवतियों द्वारा किया जाता है.

3 विश्व की सबसे प्राचीन रंगशाला छत्तीसगढ़ में कहाँ पर स्थित है?

(A) बस्तर (B) सरगुजा

(C) रायपुर (D) रायगढ़

*PSC RTI 2023–24*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सरगुजा के सीताबेंगरा गुफा में स्थित नाट्य शाला या रंगशाला को विश्व का प्राचीनतम नाट्य शाला माना जाता है.

4 निम्नलिखित में कौन सा विकल्प जनजाति एवं उनके द्वारा किये जाने वाले लोकनृत्य के सम्बन्ध में सही है?

(A) परघौनी नृत्य – बैगा जनजाति

(B) ककसार नृत्य – उरांव जनजाति

(C) बिल्मा नृत्य – मुरिया जनजाति

(D) दंदारी नृत्य – गोंड जनजाति

*Vya. FDFG 2024,*

उत्तर–(A)

व्याख्या– परघौनी नृत्य – बैगा जनजाति में प्रचलित लोकनृत्य है।

5 'जोकर' और 'परी' किस लोकनाट्य से संबंधित है?

(A) गम्मत (B) दहिकांदो

(C) रहस (D) पंडवानी

*Vya. VSAM 2024*

उत्तर–(A)

व्याख्या– परी व जोकर छत्तीसगढ़ी लोकनाट्य गम्मत के प्रमुख पात्र हैं. परी एक भोली–भाली महिला पात्र होती है, जो मूलत: पुरुष कलाकार होता है, जबकि जोकर चालाक परंतु प्रहसन करने वाला होता है.

6 छत्तीसगढ़ के वाद्य यंत्रों के संबंध में सही जोड़ी बनाइये।

| स्तंभ – I | स्तंभ–II |
|---|---|
| (a) मोहरी | (I) डमरू के समान वाद्य यंत्र |
| (b) रायगढ़ी | (II) शहनाई नुमा वाद्ययंत्र |
| (c) पिटोर्का | (III) सुखे लौकी का खोल |
| (d) तमूरा | (IV) प्याले के समान आकृति वाला वाद्ययंत्र |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें–

(A) a–I, b–II, c–III, d–IV

(B) a–II, b–I, c– IV, d–III

(C) a–III, b–IV, c–II, d–I

(D) a–IV, b–III, c–II, d–I

*Vya. HELT 2024*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के वाद्य यंत्र – (a) मोहरी – शहनाई नुमा वाद्ययंत्र (b) रायगढ़ी – डमरू के समान वाद्य यंत्र (c) पिटोर्का – प्याले के समान आकृति वाला वाद्ययंत्र (d) तमूरा – सुखे लौकी का खोल

7 'सोनहा बिहान' के संस्थापक कौन है?

(A) ममता चंद्राकर (B) रामचंद्र देशमुख

(C) दाऊ महासिंह चंद्राकर (D) हबीब तनवीर

*Vya. VSAM 2024*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सोनहा बिहान के संस्थापक महासिंह चंद्राकर थे. रामचंद्र देशमुख ने देहाती कला मंच जबकि हबीब तनवीर ने न्यू थिएटर की स्थापना की. ममता चंद्राकर छत्तीसगढ़ी लोक गायिका हैं.

8 'परघौनी नृत्य' किस अवसर पर किया जाता है?

(A) जन्म (B) मृत्यु

(C) पुनर्विवाह (D) विवाह

*Vya. VSAM 2024*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में विवाह के दौरान बारात की अगवानी करते हुए परघौनी नृत्य किया जाता है. इसमें एक प्रतीकात्मक हाथी बना उसे नचाया जाता है. यह बैगा जनजाति का विवाह नृत्य है.

9 'गड़वा बाजा' के प्रमुख वाद्य यंत्रों के नाम हैं

(a) झांझ (b) नगाड़ा

(c) मोहरी (d) बांसुरी

कूट :

(A) (a), (b) एवं (d) (B) (b), (c) एवं (d)

(C) (a), (c) एवं (d) (D) (a), (b) एवं (c)

*PSC A Pre 2023*

उत्तर–(D)

व्याख्या– गड़वा बाजा के प्रमुख वाद्य यंत्र झांझ, नगाड़ा, मोहरी है।

10 सूची–I में मदों को सूची–II की मदों के साथ सुमेलित करें। नीचे दिए कूटों का उपयोग करें।

| सूची–I | सूची – II |
|---|---|
| (a) 'तत' वाद्य यंत्र | (i) 'चिटकुल' |
| (b) 'वितत' वाद्य यंत्र | (ii) 'करनाल' |
| (c) 'घन' वाद्य यंत्र | (iii) 'तासा' |
| (d) 'सुषिर' वाद्य यंत्र | (iv) 'धनकुल' |

कूट : (a) (b) (c) (d)
(A) (iv) (i) (ii) (iii)
(B) (iv) (iii) (i) (ii)
(C) (iv) (ii) (i) (iii)
(D) (ii) (iv) (iii) (i)

*PSC A Pre 2023*
उत्तर–(B)

व्याख्या– सुमेलित है– तत वाद्य यंत्र – धनकुल, वितत वाद्य यंत्र – तासा, घन वाद्य यंत्र – चिटकुल, सुषिर वाद्य यंत्र – करनाल

11 मुरिया जनजाति द्वारा घोटुल पाटा (गीत) किस अवसर पर गाया जाता है?
(A) नामकरण (B) छठी
(C) मृत्यु (D) विवाह

*PSC AD Agri. 2023*
उत्तर–(C)

व्याख्या– मुरिया जनजाति में मृत्यु के अवसर पर घोटुल पाटा गाया जाता है। इसमें गोंड़ी भाषा में राजा जोलोंग साय की कथा सुनाई जाती है।

12 छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति में रानी पिंगला की गाथा गाने की परम्परा का नाम है–
(A) लोरिक चंदा (B) रानी पिंगला गीत
(C) भरथरी (D) सवनाही

*Vya. CBAS 2023*
उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ी लोक गाथा भरथरी में रानी पिंगला एवं राजा भरथरी की गाथा का गायन किया जाता है।

13 परघौनी नृत्य किस जनजाति द्वारा किया जाता है?
(A) भूरिया (B) कंवर
(C) माड़िया (D) बैगा

*Vya. L.O./L.I. 2023*
उत्तर–(D)

व्याख्या– परघौनी नृत्य बैगा जनजाति द्वारा किया जाने वाला वैवाहिक नृत्य है।

14 श्री नर्मदा सोनसाय किस कला से संबंधित है?
(A) लोक संगीत (B) चित्रकला
(C) लोक नृत्य (D) लोक नाट्य

*Vya. MBD 2023*
उत्तर–(B)

व्याख्या– श्री नर्मदा सोनसाय का संबंध चित्रकला से है।

15 निम्नलिखित में से कौन कुरूख का वाद्य यंत्र है?
(A) मांदर (B) करताल
(C) नगाड़ा (D) ऊपर के सभी

*Vya. S.I. 2023*
उत्तर–(D)

व्याख्या– मांदर, करताल, नगाड़ा कुरूख जनजाति के वाद्ययंत्र है।

16 छत्तीसगढ़ की वीरगाथाओं पर आधारित लोक नृत्य जिसे लोक बैले के नाम से भी जाना जाता है–
(A) रीला (B) गौर
(C) पंडवानी (D) बिल्मा

*Vya. S.I. 2023*
उत्तर–(C)

व्याख्या– पंडवानी शौर्य गाथाओं पर आधारित लोक नृत्य–नाट्य है।

17 छत्तीसगढ़ी देहाती कला मंडल के संस्थापक है–
(A) रामचंद्र देशमुख (B) दुलार सिंह मंदराजी
(C) हबीब तनवीर (D) नाइकदास एवं झुमुकदास

*Vya. S.I. 2023*
उत्तर–(A)

व्याख्या– रामचंद्र देशमुख छत्तीसगढ़ी देहाती कला मंडल के संस्थापक है।

18 खण्ड 'अ' से खण्ड 'ब' को सुमेलित कीजिए :

| (अ) | (ब) |
|---|---|
| (a) देवार | (i) प्रणय गीत |
| (b) भरथरी | (ii) व्यंग्य और हास्य गीत |
| (c) ददरिया | (iii) भिक्षा माँगते हुए गीत |
| (d) फड़ी | (iv) वैराग्य गीत |

कूट : (a) (b) (c) (d)
(A) (iv) (iii) (ii) (i)
(B) (ii) (i) (iv) (iii)
(C) (i) (iii) (ii) (iv)
(D) (iii) (iv) (i) (ii)

*PSC A Pre 2022*
उत्तर–(D)

व्याख्या– सुमेलित है– 1. देवार – भिक्षा माँगते हुए गीत, 2. भरथरी – वैराग्य गीत, 3. ददरिया – प्रणय गीत, 4. फड़ी – व्यंग्य और हास्य गीत

19 पंडवानी लोकगीत में प्रयुक्त होने वाला प्रमुख वाद्ययंत्र निम्न में से कौन–सा है?
(A) अलगोजा (B) खड़ताल
(C) मांदर (D) मोहरी
*PSC A Pre 2022*
उत्तर–(B)

व्याख्या– पंडवानी गायन के दौरान तंबूरा, खड़ताल वाद्ययंत्र प्रयोग किया जाता है।

20 धनकुल वाद्य में दैनिक उपयोग की किस सामग्री का उपयोग नहीं किया जाता है?
(A) धनुष (B) तीर
(C) सूप (D) हंडी(मटका)
*PSC ARO(Tribe) 2022*
उत्तर–(B)

व्याख्या– धनकुल वाद्य यंत्र में हांड़ी, सूपा व धनुष का उपयोग किया जाता है।

21 निम्नलिखित में से महाभारत कथा से सम्बन्धित छत्तीसगढ़ी लोकगीत कौन–सा है?
(A) पंथी (B) भरथरी
(C) पंडवानी (D) बंसा
*PSC ARO(Tribe) 2022*
उत्तर–(C)

व्याख्या– पंडवानी, महाभारत कथा से सम्बन्धित छत्तीसगढ़ी लोकगीत है.

22 रहस के मंच को क्या कहा जाता है?
(A) रासधारी (B) रासबेड़ा
(C) रासखम्ब (D) उपरात्त में से कोई नहीं
*PSC ARO(Tribe) 2022*
उत्तर–(B)

व्याख्या– रहस के मंच को रासबेड़ा कहा जाता है.

23 छत्तीसगढ़ में हस्तशिल्प और कला से सम्बन्धित कार्यों में बारी जाति का हस्तशिल्प का कार्य कौन सा है?
(A) दोना पत्तल निर्माण (B) बुनाई कार्य
(C) चित्रकारी कार्य (D) नदी रेत में स्वर्ण खोज
*PSC ARO(Tribe) 2022*
उत्तर–(A)

व्याख्या–छत्तीसगढ़ में निवास करने वाली बारी जाति दोना पत्तल निर्माण का कार्य करती है.

24 निम्नलिखित में से किस लोकगीत को छत्तीसगढ़ में लोकगीतों का राजा कहा जाता है?
(A) ददरिया (B) घोटुल पाटा
(C) धनकुल (D) रीलो गीत
*PSC ARO(Tribe) 2022*
उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में ददरिया को लोकगीतों का राजा कहा जाता है.

25 बाँस गीत किस अवसर पर गाया जाता है?
(A) दुख (B) संस्कार
(C) श्रृंगार (D) विवाह
*PSC ARO(Tribe) 2022*
उत्तर–(A)

व्याख्या– बाँस गीत में करूण गाथा गायन किया जाता है।

26 विवाह के समय गाया जाने वाला प्रमुख संस्कार गीत निम्नलिखित में से कौन सा है?
(A) नचौनी गीत (B) पड़ौनी गीत
(C) पहमी गीत (D) जस गीत
*PSC ARO(Tribe) 2022*
उत्तर–(B)

व्याख्या– विकल्पों में से पड़ौनी/पठौनी छत्तीसगढ़ का वैवाहिक संस्कार गीत है।

27 छत्तीसगढ़ में 'गम्मत एवं नाचा' जैसे लोकनाट्यों का प्रारंभ किस शासनकाल में हुआ था?
(A) मराठा (B) मुगल
(C) अंग्रेज (D) चालुक्य
*PSC ARTO 2022*
उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में 'गम्मत एवं नाचा' जैसे लोकनाट्यों का प्रारंभ मराठा शासनकाल में हुआ था.

28 छत्तीसगढ़ के लोकनाट्य के किस प्रारूप में विदूषक (जोक्कड़) की भूमिका महत्वपूर्ण होती है?
(A) गम्मत (B) नाचा
(C) उपरोक्त A, B दोनों में (D) उपरोक्त A व B दोनों में नहीं
*PSC ARTO 2022*
उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के लोकनाट्य गम्मत और नाचा में विदूषक (जोक्कड़) की भूमिका महत्वपूर्ण होती है.

29 'ददरिया' क्या है?
(A) प्रेम लोक–गाथा (B) गाथा–गायन
(C) प्रेमगीत (D) लोक–गाथा गायन
*PSC ARTO 2022*
उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ी लोक गीतों का राजा ददरिया प्रेमगीत है.

30 मुरिया समाज में किस पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाने वाले को 'मोहरिया' कहा जाता है–
(A) नगाड़ा (B) तुड़बुड़ी
(C) बांसुरी (D) शहनाई
*PSC ITI Pri 2022*
उत्तर–(D)

व्याख्या– मुरिया समाज में शहनाई पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाने वाले को मोहरिया कहा जाता है.

31 छत्तीसगढ़ में फाग गीतों में किस वाद्य का विशेष रूप से प्रयोग होता है?

(A) खंजरी (B) नगाड़ा
(C) अलगोजा (D) करताल

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में फाग गीतों के गायन के दौरान वाद्ययंत्र नगाड़ा का विशेष रूप से प्रयोग होता है.

32 देवदास बंजारे का संबंध छत्तीसगढ़ के किस लोक–नृत्य से है?

(A) करमा (B) सरहुल
(C) पंथी (D) ककसार

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– स्व. देवदास बंजारे का संबंध छत्तीसगढ़ के पंथी लोक–नृत्य से है इन्होंने अपने साथियों के साथ दुर्ग जिले के लहंगा झोला ग्राम की पंथी नृत्य की टोली की स्थापना की।

33 पंडवानी गाथा किससे जुड़ी हुई है?

(A) राम की कथा (B) हनुमान की कथा
(C) देवी गाथा (D) पांडवों की कथा

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पंडवानी गाथा महाभारत पर आधारित पांडवों की कथा से संबंधित है.

34 पंथी नृत्य किस जाति का परंपरागत नृत्य है?

(A) उराँव (B) सतनामी
(C) कोरकू (D) डोरला

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– पंथी नृत्य सतनामी जाति का परंपरागत नृत्य है. इसके प्रमुख कलाकार हैं– स्व. देवदास बंजारे, राधेश्याम बारले.

35 राउत नाचा नृत्य कब किया जाता है?

(A) दीपावली के तुरंत बाद (B) होली के तुरंत बाद
(C) दशहरा के तुरंत बाद (D) हरेली के बाद

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– राउत नाचा का आयोजन दीपावली के बाद किया जाता है.

36 बिलासपुर में राउत नाचा महोत्सव लोक नृत्य उत्सव का आयोजन कब से किया जा रहा है?

(A) 1973 (B) 1974
(C) 1976 (D) 1978

*Vya. ESC 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बिलासपुर में राउत नाचा महोत्सव लोक नृत्य उत्सव का आयोजन 1978 से किया जा रहा है।

37 छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पंडवानी कलाकार तीजन बाई को पद्म विभूषण से कब सम्मानित किया गया?

(A) 2017 (B) 2018
(C) 2019 (D) 2020

*Vya. ESC 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध पंडवानी कलाकार तीजन बाई को 2019 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया।

38 छत्तीसगढ़ में किस नृत्य को तोता नृत्य के नाम से भी जाना जाता है?

(A) सुवा नाच (B) पंडवानी
(C) काकसारी (D) सैला

*Vya. ESC 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– सुआ नाच को तोता नृत्य के नाम से भी जाना जाता है। यह महिलाओं द्वारा किए जाने वाला नृत्य है।

39 निम्न में से कौन बस्तर की नृत्य शैली नहीं है?

(A) झीरलीटी (B) ककसार
(C) गौर (D) रहस

*Vya. FCFI 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– झीरलीटी, ककसार, गौर आदि बस्तर की नृत्य शैली हैं, जबकि रहस छत्तीसगढ़ के मैदानी क्षेत्रों में प्रचलित एक लोकनाट्य है।

40 इस राज्य की गाथा सीताराम नायक का सीताराम कौन था?

(A) बंजारा (B) आदिवासी मुखिया
(C) कलचुरि शासक (D) चरवाहा

*Vya. FCFI 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– सीताराम नायक की गाथा में सीताराम एक बंजारा है।

41 इस राज्य में पण्डवानी गाथा गीत गाने वाली प्रमुख जनजातियाँ है

(A) परजा एवं परधान (B) मुरिया, मड़िया
(C) पारधी, भिम्मा (D) दोर्ला, उरांव

*Vya. FCFI 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– परजा एवं परधान जनजातियां मुख्य रूप से पण्डवानी गाथा का गायन करती हैं

42 इस राज्य के निम्नलिखित लोकगीत में श्रृंगार रस नहीं पाया जाता है–

(A) ददरिया (B) फाग
(C) भोजली (D) सुआ गीत

*Vya. Patwari 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– ददरिया, फाग तथा सुआ गीत लोकगीतों में श्रृंगार रस पाया जाता है.

43 निम्न काव्यांश किस गाथा से उद्धृत है?
बड़ सइताधारी लक्षमन जती जोगी
बारा बरस जोग करे रे भाई
सात दोहरा के भोजन पका के
बिन जोते के जमीन के चाउर
हरी मुंगन के दार पकाई
बिगन सिकुन के पतरी बना के ........
(A) कंवला रानी (B) अहिमन कइना
(C) फुल कुँवर (D) फुल बामन

*PSC A Pre 2021*

उत्तर–(D)

व्याख्या– उपरोक्त काव्यांश फूलबासन की कथा से संबंधित है जिसमें लक्ष्मण को एक योगी के रूप में बताया गया है. माता सीता के आह्वान पर लक्ष्मण द्वारा फूलबासन नामक फूल लाने की घटना को इस कथा में बताया गया है.

44 चिंकारा क्या है?
(A) शिकार करने की विधि (B) एक प्रकार का पकवान
(C) एक प्रकार का पशु (D) एक प्रकार का वाद्य यंत्र

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(D)

व्याख्या– चिंकारा एक प्रकार का वाद्य यंत्र है.

45 छत्तीसगढ़ में संगीत के लिए किस वाद्ययंत्र का उपयोग होता है?
(A) चिकरा (B) खंजरी
(C) ढपली (D) उपरोक्त सभी

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में संगीत के लिए सभी वाद्ययंत्र का उपयोग होता है.

46 छत्तीसगढ़ का प्रमुख प्रणय गीत कौन–सा है?
(A) सोहर गीत (B) ददरिया
(C) भांवर गीत (D) टिकावन गीत

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– ददरिया छत्तीसगढ़ का प्रमुख प्रणय गीत है जिसे छत्तीसगढ़ी लोक गीतों का राजा कहा जाता है.

47 नीचे दो कथन दिए गए हैं :
कथन–1 : ददरिया को खुशी के मौकों पर गाया जाता है
कथन–2 : ददरिया को कश्मीरी गीतों का राजा कहा जाता है
उपरोक्त कथनों के परिप्रेक्ष्य में नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए :
(A) दोनों कथन, कथन–1 एवं कथन–2 सही हैं
(B) दोनों कथन, कथन–1 एवं कथन–2 सही नहीं है
(C) कथन–1 सही है तथा कथन–2 गलत है
(D) कथन–1 गलत है तथा कथन–2 सही है

*PSC AD PPO 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– ददरिया को छत्तीसगढ़ी गीतों का राजा कहा जाता है. ददरिया प्रणय गीत है जिसे खुशी के मौकों पर गाया जाता है.

48 छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम आकाशवाणी रिले केन्द्र कहाँ पर स्थापित किया गया था?
(A) बिलासपुर में (B) कोरबा में
(C) रायपुर में (D) अम्बिकापुर में

*PSC Law Off 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम आकाशवाणी रिले केन्द्र रायपुर में स्थापित किया गया था.

49 निम्नलिखित में से कौन सा इस राज्य का लोकनृत्य नहीं है–
(A) सुआ (B) पंथी
(C) राई (D) करमा

*Vya. L.O./L.I. 2015, PSC AB Engg. Ser. 2021, PSC A Pre 2012*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से राई छत्तीसगढ़ का लोक नृत्य नहीं है.

50 'थापड़ी नृत्य' इस राज्य के किस जनजाति समुदाय का है?
(A) कोरकु (B) बैगा
(C) मुरिया (D) धुरूवा

*Vya. MSI 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– थापटी तथा ढांढल कोरकू जनजाति के द्वारा किया जाने वाला नृत्य है.

51 इस राज्य का 'मंगरोहन गीत' किस प्रकार का गीत है?
(A) संस्कार गीत (B) पर्व गीत
(C) श्रृंगार गीत (D) धार्मिक गीत

*Vya. SAA 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में गाया जाने वाला मंगरोहन गीत एक विवाह संस्कार गीत है.

52 इस राज्य के विवाह संस्कार गीतों का क्रम निम्नलिखित है
1. टिकावन 2. भांवर
3. भड़ौनी 4. परघौनी
(A) 4 2 3 1 (B) 1 2 3 4
(C) 4 3 2 1 (D) 4 1 2 3

*Vya. SGST 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में वैवाहिक संस्कार गीतों का सही क्रम है– चूलमाटी, तेलचघी, परघैनी, भड़ैनी, भांवर, टिकावन, विदाई.

53 **इस राज्य का पीटकर बजाये जाने वाले वाद्य यंत्र जिसमें बारहसिंगा का सींग लगा होता है, उसका नाम है**

(A) ढोलक (B) नगाड़ा

(C) गुदुम (D) दफड़ा

*Vya. VPR 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– गुदुम पीट कर बजाया जाने वाला वाद्ययंत्र है जिसमें बारहसिंगा का सींग लगा होता है.

54 **भरथरी गायन की प्रसिद्ध गायिका कौन है?**

(A) श्रीमती तीजन बाई (B) श्रीमती सुरूज बाई खांडे

(C) श्रीमती ऋतु वर्मा (D) श्रीमती अल्का चन्द्राकर

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2017, AB Engg. Ser. 2016, Pre 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– स्व.श्रीमति सुरूज बाई खांडे छत्तीसगढ़ में भरथरी गायन की प्रसिद्ध गायिका रही हैं, जबकि तीजन बाई व रितु वर्मा का संबंध पंडवानी से रहा है.

55 **छत्तीसगढ़ के लोक गीतों का राजा किस गीत को कहा जाता है?**

(A) ददरिया (B) भरथरी

(C) पंथी (D) चंदैनी गायन

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के लोकगीतों का राजा ददरिया गीत को कहा जाता है.

56 **मांदर किस वर्ग का वाद्ययंत्र है?**

(A) तत (B) वितत

(C) घन (D) सुषिर

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– मांदर या ढोल वितत वाद्ययंत्र है जो आघात देने पर बजते है.

57 **सूची–1 का मिलान सूची–2 से कीजिए तथा नीचे दिये गये कूट से सही उत्तर चुनिए :**

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| अ. पंथी गीत | 1. सतनामी समाज का प्रसिद्ध नृत्य–गीत |
| ब. रैला गीत | 2. राउतों का प्रसिद्ध गीत |
| स. बाँस गीत | 3. प्रमुखत: गोंड़ स्त्रियों का नृत्य–गीत |
| द. सुआ गीत | 4. मुरिया जनजाति का गीत |

कूट :

(A) अ.3, ब.4, स.2, द.1

(B) अ.1, ब.4, स.2, द.3

(C) अ.1, ब.3, स.2, द.4

(D) अ.4, ब.1, स.3, द.2

*PSC ACF 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– पंथी गीत सतनामी समाज का परंपरागत नृत्य गीत है जिसमें गुरु... चरित्र चित्रण किया जाता है, बांस गीत मुख्यत: राउत जाति के लोग गाते हैं जिसमें ... बने वाद्य यंत्रों का प्रयोग होता है. सुआ महिलाओं के द्वारा किया जाने वाला नृत्य गीत है. रैला गीत का संबंध मुरिया जनजाति से है.

58 **'कड़खडण्डी' किस जनजाति का 'गाथा–महाकाव्य' है?**

(A) उराँव (B) पण्डो

(C) कंवर (D) कोरवा

*PSC AD Jansampark 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कड़खडण्डी उराँव जनजाति का गाथा–महाकाव्य है.

59 **1971 में प्रसिद्ध 'चंदैनी गोंदा' की स्थापना किसने की?**

(A) बलदेव बघेल (B) दाउ रामचंद्र देशमुख

(C) तीजन बाई (D) हबीब तनवीर

*PSC Asst Geo etc 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– 1971 में प्रसिद्ध 'चंदैनी गोंदा' की स्थापना दाउ रामचंद्र देशमुख ने की.

60 **हबीब तनवीर किसलिए प्रसिद्ध है?**

(A) शास्त्रीय नृत्य (B) शिल्पकला

(C) रंगमंच (रंगकर्म) (D) शास्त्रीय गायन

*PSC Bima Chikitsa 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– हबीब तनवीर रंगमंच के प्रसिद्ध कलाकार रहे हैं.

61 **छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका कौन है?**

(A) श्रीमती ममता चंद्राकर (B) श्रीमती सुरूज बाई खांडे

(C) श्रीमती कविता वासनिक (D) श्रीमती तीजन बाई

*PSC Bima Chikitsa 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध पंडवानी गायिका श्रीमती तीजन बाई है. इन्हें 1987 में पद्मश्री, 2003 में पद्मभूषण एवं 2019 में पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया है.

62 **चक्रधर स्मृति समारोह का आयोजन किस नगर में होता है?**

(A) खैरागढ़ (B) रायगढ़

(C) रामगढ़ (D) पामगढ़

*PSC Bima Chikitsa 2020, PSC A Pre 2019*

उत्तर–(B)

व्याख्या– चक्रधर स्मृति समारोह का आयोजन रायगढ़ नगर में गणेश चतुर्थी के अवसर पर किया जाता है.

63 बायर का प्रचलन किस अंचल में है?

(A) सरगुजा (B) राजनांदगांव

(C) रायपुर (D) गरियाबंद

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बायर का प्रचलन सरगुजा अंचल में है.

64 दमनच नृत्य किस अंचल में प्रचलित है?

(A) जशपुर (B) राजनांदगांव

(C) बस्तर (D) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– सरगुजा संभाग, रायगढ़ तथा कोरबा में निवास करने वाली कोरवा जनजाति विवाह के अवसर पर दमनच नृत्य करती है.

65 गेंड़ी नृत्य का प्रचलन किस जनजाति में है–

(A) मुड़िया (B) अबूझमाड़िया

(C) कोरकू (D) मुरिया

(E) बिंझवार

*PSC AD Jansampark 2019, AB Engg. Ser. I 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के मुड़िया जनजाति के घोटुल के सदस्यों द्वारा गेड़ी नृत्य किया जाता है इसे डिटोंग भी कहा जाता है, यह नृत्य तीव्र गति से किया जाता है.

66 बिलमा नृत्य कौन करते हैं?

(A) बैगा (B) उरांव

(C) कमार (D) बिंझवार

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Sericulture 2017, CMO 2019, DSP Radio MI Asst Geo 2018*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बिलमा बैगा जनजाति का लोकप्रिय नृत्य है, शीत ऋतु में एक दूसरे के गांव जाकर नृत्य किया जाता है. इसके दौरान जीवन साथी चुनाव की परंपरा भी है.

67 श्रृंगार रस की प्रधानता किस लोकगीत में होती है?

(A) भरथरी (B) ददरिया

(C) बांसगीत (D) पंडवानी

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में लोक गीतों के नाम से प्रचलित ददरिया में श्रृंगार रस की प्रधानता होती है.

68 निम्न में से क्या बस्तर संभाग से संबंधित नहीं है?

(A) रहस (B) गेड़ी

(C) भतरानाट (D) माओपाटा

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– रहस छत्तीसगढ़ का लोकनाट्य है, जबकि शेष तीनों बस्तर संभाग से संबंधित है.

69 सैला नृत्य मुख्यत: किस अवसर पर किया जाता है?

(A) दीपावली (B) होली

(C) रथयात्रा (D) इनमें से कोई नहीं

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में गोंड़, बैगा तथा परधान जनजाति सैला–रीना नृत्य करती है. यह दशहरे से प्रारंभ होकर पूरी शीत ऋतु की रातों तक चलती है.

70 निम्न में से कौन घोटुल से संबंधित है?

(A) ददरिया (B) सैला

(C) हुल्की पाटा (D) फाग

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– मुड़िया घोटुल में युवक–युवतियों को हुल्की पाटा नृत्य का प्रशिक्षण दिया जाता है. इसे किसी भी अवसर पर किया जाता है.

71 वेरियर एल्विन ने किस नृत्य को संसार का एक सबसे सुन्दर नृत्य कहा है?

(A) गौर नृत्य (B) ककसाड़

(C) परघौनी (D) गेंड़ी

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– प्रसिद्ध मानव शास्त्री वेरियर एल्विन ने गौर नृत्य को संसार का एक सबसे सुन्दर नृत्य कहा है.

72 किस संगीत वाद्य के साथ प्रख्यात संगीतकार अनुपमा भागवत जुड़ी हुई हैं?

(A) बाँसुरी (B) वीणा

(C) सितार (D) तानपुरा

*Vya. KADI 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सितार संगीत वाद्य के साथ प्रख्यात संगीतकार अनुपमा भागवत जुड़ी हुई हैं.

73 छत्तीसगढ़ के किस जिले से चँदैनी गोंदा कला का प्रदर्शन जुड़ा हुआ है?

(A) दंतेवाड़ा (B) बस्तर

(C) बीजापुर (D) नारायणपुर

*Vya. KADI 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से चँदैनी गोंदा कला का प्रदर्शन जुड़ा हुआ है.

74 सरहुल निम्न में किस जनजाति का पारंपरिक नृत्य है?

(A) उराँव (B) गोंड़

(C) भतरा (D) मुरिया

*Vya. S.I. Pre 2012, PSC CMO 2019, ADEO 2012*

उत्तर–(A)

व्याख्या– चैत्र माह में साल वृक्ष में फूल आने के अवसर पर उरांव जनजाति द्वारा सरहुल नृत्य किया जाता है. मांदर तथा झांझ इसके प्रमुख वाद्य यंत्र हैं.

75 अकुम एवं तोड़ी किस प्रकार के वाद्य हैं?

(A) घन वाद्य (B) तंतु वाद्य

(C) सुषिर वाद्य (D) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– अकुम एवं तोड़ी सुषिर वाद्य हैं.

76 किस जनजाति के नाम पर नाट प्रसिद्ध है?

(A) मुरिया (B) भतरा

(C) दोरला (D) धुरवा

*PSC A Pre 2018*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की भतरा जनजाति के नाम पर भतरा नाट प्रसिद्ध है. इसे छत्तीसगढ़ का आदिवासी थिएटर भी कहा जाता है.

77 ककसार इस राज्य की निम्नलिखित में से किस जनजाति का धार्मिक लोकनृत्य है?

(A) गोंड़ (B) माड़िया

(C) मुरिया (D) हल्बा

*PSC A Pre 2018, Vya. ETOS 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– ककसार इस राज्य की मुरिया जनजाति का धार्मिक लोकनृत्य है.

78 बसंत ऋतु में सामान्यत: कौन सा लोक गीत गाया जाता है?

(A) बारामासी (B) सोहर

(C) पठौनी (D) फाग

*PSC AD Research 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बसंत ऋतु में सामान्यत: फाग लोक गीत गाया जाता है.

79 छत्तीसगढ़ में बैगा आदिवासियों के विवाह नृत्य को क्या कहते है–

(A) सुआ नृत्य (B) करमा नृत्य

(C) परघौनी नृत्य (D) सैला नृत्य

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC DSP Radio MI Asst Geo 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की बैगा जनजाति में बारात की अगुवानी के लिए परघौनी नृत्य किया जाता है, जिसमें एक प्रतीकात्मक हाथी बना नचाया जाता है.

80 छत्तीसगढ़ में सोहर गीत कब गाते है–

(A) विवाहोत्सव (B) जन्मोत्सव

(C) जनेऊ संस्कार (D) होली त्यौहार

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Sci Off 2018*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बच्चे के जन्म से पहले तथा जन्म के समय संस्कार गीत के रूप में सोहर गीत गाये जाने की परम्परा है.

81 घोड़ा नाच निम्नलिखित में से किससे संबंधित है–

(A) महाभारत (B) रामायण

(C) ढोला मारू (D) आल्हा ऊदल

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Sports Off 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– घोड़ा नाच आल्हा ऊदल से संबंधित है.

82 पंथी नृत्य किस समुदाय से संबंधित है–

(A) गोंड़ (B) उरांव

(C) राउत (D) हलबा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC YWO 2013*

उत्तर–(E)

व्याख्या– पंथी नृत्य सतनामी समुदाय से संबंधित है. इसमें नृत्य के साथ ही पंथी गीत के रूप में गुरु घासीदास का चरित्र गायन भी होता है.

83 दुलार सिंह मंदराजी निम्नलिखित में से किस लोकनृत्य के पुरोधा के रूप में जाने जाते है–

(A) पंथी (B) सुआ

(C) करमा (D) नाचा

*Vya. DEAG 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– दाऊ दुलार सिंह मंदराजी को नाचा का भीष्म पितामह कहा जाता है, इन्होंने रवेली साज नामक संस्था की स्थापना की.

84 निम्नलिखित में से किस नृत्य शैली के लिए इस राज्य का रायगढ़ घराना जाना जाता है?

(A) भरत नाट्यम (B) कत्थक

(C) कुचिपुड़ी (D) कथकली

*Vya. Fieldman 2013*

उत्तर–(B)

व्याख्या– रायगढ़ घराना कत्थक नृत्य शैली के लिए जाना जाता है. राजा चक्रधर सिंह इसके प्रमुख कलाकार रहे हैं.

85 इस राज्य के निम्न में से किस लोकगीत में मुख्यत: मांदर और झांझ संगीत उपकरणों का प्रयोग किया जाता है–

(A) पंडवानी (B) भरथरी

(C) ढोला–मारू (D) पंथी

*Vya. Mandal Sanyojak 2015*

उत्तर–(D)

व्याख्या– सतनाम पंथ के प्रमुख नृत्य पंथी में जैतखंभ की स्थापना कर चारों तरफ पिरामिड बनाते हुए नृत्य किया जाता है. मांदर तथा झांझ इसके प्रमुख वाद्ययंत्र है.

86 माड़िया जनजाति द्वारा उनके जात्रा पर्व के दौरान कौन सा लोक नृत्य किया जाता है–

(A) गौर (B) करमा

(C) ककसार (D) परब

*Vya. Mandal Sanyojak 2018*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले दंडामी माड़िया जनजाति द्वारा जात्रा पर्व के दौरान गौर नृत्य किया जाता है. यह मूलत: एक शिकार नृत्य है, जिसमें गौर के शिकार को बताया जाता है.

87 स्व. सुरूज बाई खांडे इस राज्य की निम्नलिखित में से किस लोक–गीत की प्रसिद्ध गायिका थीं?

(A) पांडवानी (B) लोरिक–चंदा

(C) ददरिया (D) भरथरी

*Vya. NNRI 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– सुरूज बाई खांडे इस राज्य के भरथरी की प्रमुख कलाकार थी.

88 सरहुल नृत्य कौन सी जनजाति करती है–

(A) माड़िया (B) बैगा

(C) उरांव (D) गोंड़

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. (ReExam) 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– चैत्र माह में साल वृक्ष में फूल आने के उपलक्ष्य में उरांव जनजाति द्वारा सरहुल नृत्य किया जाता है.

89 जसगीत (जंवारा गीत) कब गाते है–

(A) तीजा (B) नवरात्रि

(C) दीपावली (D) होली

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. (ReExam) 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– जसगीत (जंवारा गीत) नवरात्रि के अवसर पर गाया जाता है..

90 छत्तीसगढ़ की वादक (संगीतकार) अनुसूचित जाति कौन है–

(A) गांड़ा (B) घसिया

(C) कोरी (D) कतिया

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. (ReExam) 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की गांड़ा अनुसूचित जाति मूलत: वादक जाति है.

91 चंदैनी गीत–नृत्य का कथानक क्या है–

(A) ढोला–मारू (B) हीर–रांझा

(C) लोरिक–चंदा (D) नल–दमयंती

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– चंदैनी मूलत: एक प्रेम गाथा है, यह उत्तर भारत में प्रचलित लोरिक व चंदा के प्रेम प्रसंग का क्षेत्रीय स्वरूप है.

92 श्रीमती ममता चन्द्राकर किसलिए प्रसिद्ध है–

(A) शास्त्रीय गायन (B) छत्तीसगढ़ी लोक गीत

(C) शास्त्रीय नृत्य (D) लोक नृत्य

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– ममता चंद्राकर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गीतकार हैं. 2016 में इन्हें पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया.

93 मुरिया जनजाति कौन सा नृत्य करते हैं–

(A) करमा (B) मांदरी

(C) सरहुल (D) सैला

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– मुड़िया घोटुल में सदस्यों के द्वारा मांदरी नृत्य किया जाता है.

94 बांसगीत कौन गाते है–

(A) राऊत (B) बसदेवा

(C) बंसोड़ (D) बंजारा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017, AD Industry 2016, Pre 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में राउत जाति के लोगों द्वारा बांस गीत का गायन किया जाता है, इसमें बांस से बने वाद्य का प्रयोग किया जाता है. केजू राम यादव तथा नकुल इसके प्रमुख कलाकार है.

95 रायगढ़ घराना क्या है–

(A) शास्त्रीय संगीत शैली (B) कत्थक नृत्य शैली

(C) ओड़िसी नृत्य शैली (D) करमा नृत्य शैली

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017, PSC Lib. Sp. Off 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह कत्थक कलाकार थे, जिनके संरक्षण में रायगढ़ कत्थक घराने का जन्म हुआ.

96 हुलकी पाटा किस संभाग में गाते है–
(A) सरगुजा (B) बस्तर
(C) बिलासपुर (D) रायपुर
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ACF 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– हुल्की पाटा गायन बस्तर क्षेत्र की मुड़िया जनजाति में प्रचलित है, मुड़िया जनजाति के युवागृह 'घोटुल' में इसका प्रशिक्षण दिया जाता है.

97 हुल्की नृत्य कौन करते हैं?
(A) मुरिया (B) बैगा
(C) कमार (D) उरांव
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD PPO 2017, PSC Sci off.2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– हुल्कीपाटा नृत्य बस्तर क्षेत्र की मुड़िया जनजाति में प्रचलित है, घोटुल में इसका प्रशिक्षण दिया जाता है.

98 सुआगीत किस त्यौहार से संबंधित है?
(A) दशहरा (B) हरेली
(C) दीपावली (D) होली
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Sericulture 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कोलिन जाति की महिलाओं द्वारा फसल पकने के अवसर पर सुआ नृत्य किया जाता है, यह दीपावली के कुछ दिन पहले से शुरू होकर दीपावली की रात में शिव गौरा विवाह के साथ संपन्न होता है.

99 छत्तीसगढ़ में गौरा गीत कब गाते है–
(A) दीपावली (B) नवरात्रि
(C) तीजा (D) होली
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AMO 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में कार्तिक माह में दीपावली के समय गौरा गीत गाया जाता है, यह शिव पार्वती से संबंधित है.

100 मुरिया जनजाति कौन सा नृत्य करती है?
(A) सरहुल नृत्य (B) कोलदहका नृत्य
(C) ककसाड़ नृत्य (D) बिलमा नृत्य
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ARTO – ADP 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाली माड़िया, मुड़िया जनजातियों द्वारा वर्ष में एक बार ककसार पूजा का आयोजन किया जाता है. इस दौरान ककसार नृत्य भी किया जाता है.

101 बसदेवा गायन का कथानक निम्न में से कौन है?
(A) लोरिक चंदा (B) पाण्डव
(C) श्रवण (D) धर्मेश
(E) इनमे से कोई नहीं

*PSC ARTO – ADP 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बसदेवा गायन मुख्य रूप से श्रवण कुमार की गाथा है.

102 बैगा जनजाति का मुख्य नृत्य प्रकार क्या है?
(A) सरहुल (B) थापटी
(C) दमनच (D) करमा
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Homeo Librn Lectr 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– करमा नृत्य गोंड, उरांव, बिंझवार, कमार, कंवर आदि जनजातियों द्वारा किया जाने वाला नृत्य है जबकि सरहुल नृत्य उरांव, दमनच नृत्य कोरवा व थापटी नृत्य कोरकू जनजाति द्वारा किया जाता है.

103 भरथरी गीत का मुख्य वाद्य क्या है?
(A) सारंगी (B) तम्बूरा
(C) वीणा (D) नारंगी
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Lib. Sp. Off 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– भरथरी गीत का मुख्य वाद्य सारंगी या इकतारा है, छत्तीसगढ़ में सुरूजबाई खांडे इसकी प्रमुख कलाकार थीं.

104 पंथी नृत्य कौन करते हैं?
(A) उरांव (B) बैगा
(C) सतनामी (D) सौंता
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Lib. Sp. Off 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पंथी नृत्य सतनाम पंथ से संबंधित है, इसमें जैतखंभ की स्थापना कर चारों तरफ पिरामिड बनाते हुए नृत्य किया जाता है. देवदास बंजारे इसके प्रमुख कलाकार रहे हैं.

105 वैरियर एल्विन ने किस नृत्य को संसार का सबसे सुन्दर नृत्य कहा है–
(A) कोरवा (B) मुड़िया
(C) उरांव (D) माडिया
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Registrar 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– मानवशास्त्री वेरियर एल्विन ने संरचना और प्रस्तुति के आधार पर माड़िया जनजाति के गौर नृत्य को संसार का सबसे सुंदर नृत्य कहा है.

106 जस गीत क्या है–

(A) जन्म गीत
(B) विवाह गीत
(C) दीपावली गीत
(D) देवी पूजन गीत
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Registrar 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– जस गीत देवी पूजा से संबंधित है.

107 गौरा गीत कब गाया जाता है–

(A) जन्माष्टमी
(B) गणेश चतुर्थी
(C) नवरात्रि
(D) दीपावली
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Registrar 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में कार्तिक माह में दीपावली के समय गौरा गीत गाया जाता है, यह शिव पार्वती से संबंधित है.

108 इस राज्य के जनजातीय लोगों द्वारा निम्नलिखित में से कौन–सा लोक नृत्य किया जाता है, जो कृषि परम्परा पर आधारित है?

(A) करमा
(B) ककसाड़
(C) सुआ
(D) राऊत

*Vya. ADEO 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– इस राज्य के जनजातियों द्वारा करम की प्रधानता पर आधारित करमा नृत्य किया जाता है, जो कृषि परम्परा से संबंधित है.

109 इनमें से कौन इस राज्य की शीर्षस्थ महिला लोक गायिका है?

(A) फिदाबाई मरकाम
(B) माण्डवी सिंह
(C) ममता चन्द्राकर
(D) आरती जैन

*Vya. ADEO 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– ममता चंद्राकर छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक गीतकार हैं 2016 में इन्हें पद्म श्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था.

110 निम्नलिखित में से कौन–सा/से इस राज्य की संस्कृति का/के आधार है/हैं?

(A) जनजातीय जीवन–शैली
(B) कृषक परम्पराएं
(C) विभिन्न धर्मों का संगम
(D) उपर्युक्त सभी

*Vya. ADEO 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– उपरोक्त सभी विकल्प छत्तीसगढ़ की संस्कृति का आधार है.

111 इस राज्य का निम्नलिखित में से कौन–सा लोकगीत प्रेम गीत के रूप में जाना जाता है?

(A) भरथरी
(B) ददरिया
(C) ढोला–मारू
(D) जसगीत

*Vya. Ameen 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के प्रणय गीत ददरिया को प्रेम गीत के रूप में जाना जाता है. इसमें श्रृंगार रस की प्रधानता होती है.

112 प्रसिद्ध संगीत एवं नृत्य समीक्षक चक्रधर सिंह इस राज्य के निम्नलिखित में से किस पूर्व रियासत से थे?

(A) खैरागढ़
(B) सारंगढ़
(C) रायगढ़
(D) सरगुजा

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– प्रसिद्ध संगीत एवं नृत्य समीक्षक चक्रधर सिंह रायगढ़ रियासत के राजा थे जिन्होंने कत्थक पर आधारित अनेक ग्रंथों की रचना की. ये एक दक्ष तबला वादक थे तथा इन्हें 1939 में संगीत सम्राट की उपाधि प्रदान की गई थी.

113 इस राज्य का यह लोकनाट्य नहीं है :

(A) खम्ब स्वांग
(B) रहस
(C) भरथरी
(D) माओपाटा

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– दिए गए विकल्पों में से भरथरी छत्तीसगढ़ की लोक गीत गाथा है.

114 इस राज्य की कौन सी जनजाति लिंगोपाटा गाते हैं?

(A) कमार
(B) परधान
(C) देवार
(D) बैगा

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य के परम्परागत गीतकार जनजाति परघान गोंड राजाओं की मिथक कथा, लिंगोपाटा आदि का गायन करते हैं.

115 एक आदिवासी नृत्य ककसार इस राज्य की निम्न में से किस जनजाति से संबंधित है?

(A) हल्बा
(B) माड़िया
(C) मुड़िया
(D) परधान

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाली अबूझमाड़िया जनजाति द्वारा अपने आदि देव को प्रसन्न करने के लिए वर्ष में एक बार ककसार पूजा का आयोजन किया जाता है. इस दौरान ककसार नृत्य भी किया जाता है.

116 इस राज्य में निम्नलिखित में से किस लोकनृत्य में महिलायें बीच में टोकरी रख एक घेरा बनाकर नृत्य करती है?

(A) सुआ नृत्य (B) करमा नृत्य

(C) सैला नृत्य (D) गेंडी नृत्य

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– राज्य में कोलिन जाति की महिलाओं द्वारा सुआ नृत्य किया जाता है जिसमें धान से भरी टोकरी के ऊपर सुआ या तोते की मूर्ति रख चारों ओर परिक्रमा करते हुऐ नृत्य किया जाता है.

117 नया थिएटर के संस्थापक इस राज्य के निम्नलिखित में से कौन से कलाकार थे?

(A) दुलारसिंह मंदराजी (B) हबीब तनवीर

(C) महासिंह चन्द्राकर (D) रामचंद्र देशमुख

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध रंगमंच कलाकार हबीब तनवीर के द्वारा नया थिएटर नामक संस्था स्थापित की गई थी.

118 इस राज्य की जनजातियों से संबंधित धनकुल क्या है?

(A) वाद्य यंत्र (B) युवा गृह

(C) धनिक परिवार (D) एक पारिवारिक उत्सव

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– धनकुल एक वाद्ययंत्र है जिसका निर्माण हांड़ी, सूपा, धनुष से किया जाता है. इसमें बांस की खपच्ची का प्रयोग भी किया जाता है.

119 रंगमंच के क्षेत्र में रामचंद्र देशमुख द्वारा इस राज्य में निम्नलिखित में से कौन सा समूह (संस्था) स्थापित किया गया?

(A) नया थिएटर (B) सोनहा बिहान

(C) भतरा नाट (D) चंदैनी गोंदा

*Vya. FICS 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– रामचंद्र देशमुख द्वारा चंदैनी गोंदा नामक संस्था स्थापित की गई जबकि नया थिएटर के संस्थापक हबीब तनवीर व सोनहा बिहान के संस्थापक दाऊ महासिंह चंद्राकर थे.

120 इस राज्य में भरथरी निम्नलिखित में से किस विधा के रूप में जाना जाता है?

(A) लोक नाट्य (B) लोक गीत

(C) लोक नृत्य (D) लोक संगीत

*Vya. FICS 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य भरथरी में रानी पिंगला व राजा भरथरी के करूण कथा को गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया जाता है.

121 पूनाराम निषाद किस शैली में पंडवानी गायन करते थे?

(A) वेदमति (B) कापालिक

(C) उपरोक्त ए एवं बी दोनों (D) उपरोक्त में से कोई नहीं

*Vya. Food Ins 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– पूनाराम निषाद पंडवानी के वेदमती शैली के कलाकार रहे हैं.

122 विश्व–प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी लोक गायिका तीजन बाई, लोक संगीत को किस शैली का प्रतिनिधित्व करती हैं?

(A) पंडवानी (B) गोंधल

(C) लावणी (D) भारूड

*Vya. RBOS 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– विश्व प्रसिद्ध लोक गायिका तीजन बाई पंडवानी की कापालिक शैली की विख्यात कलाकार है.

123 खुद को भगवान कृष्ण का वंशज मानने वाला यदुवंशी कुल किस शैली का लोक नृत्य करता है?

(A) राउत नाच (B) झिरलिती

(C) गेंड़ी (D) पंथी

*Vya. RBOS 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– खुद को भगवान कृष्ण का वंशज मानने वाला यदुवंशी कुल राऊत नाचा लोक नृत्य करते हैं.

124 निम्न में से कौन–सा लोकनृत्य सतनामी जाति का नृत्य है?

(A) गेंड़ी नृत्य (B) राउत नृत्य

(C) पंथी नृत्य (D) सुआ नृत्य

*Vya. Van Kshetra 2016, PSC AB Engg. Ser. (ReExam) 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पंथी नृत्य छत्तीसगढ़ में सतनामी समुदाय के लोगों द्वारा किया जाने वाला नृत्य है.

125 मुरिया जनजाति में पूस कोलांग (पूस कलंगा) नृत्य कौन करते हैं?

(A) पुरूष (B) स्त्रियां

(C) पुरूष एव स्त्रियां (D) बच्चे

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुड़िया जनजाति प्रचलित नृत्य पूस कोलांग प्राय: पुरूषों द्वारा किया जाता है.

126 निम्नांकित में छत्तीसगढ़ी प्रणय गीत कौन सी है?

(A) सोहर (B) ददरिया
(C) फाग (D) भोजली
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– ददरिया छत्तीसगढ़ी प्रणय गीत है. इसे छत्तीसगढ़ी लोक गीतों का राजा कहा जाता है, यह श्रृंगार प्रधान गीत है.

127 बांस गीत गायन में किस वाद्य यंत्र का उपयोग होता है?

(A) मृदंग (B) मंजीरा
(C) ढोल (D) झांझ
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(E)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की रावत जाति द्वारा गाये जाने वाले बांस गीत में बांस से बने लगभग एक मीटर लंबे वाद्य का प्रयोग होता है.

128 सरहुल किस क्षेत्र का लोकप्रिय नृत्य है?

(A) रायपुर (B) बस्तर
(C) सरगुजा (D) राजनांदगांव
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– चैत्र माह में साल वृक्ष में फूल आने के अवसर पर सरगुजा संभाग में उरांव जनजाति द्वारा सरहुल नृत्य किया जाता है.

129 गौर सींग नृत्य किस जनजाति से संबंधित है?

(A) दडांमी माड़िया (B) अबूझमाड़िया
(C) भतरा (D) हल्बा
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले दंडामी माड़िया जनजाति द्वारा जात्रा पर्व के दौरान गौर नृत्य किया जाता है. यह मूलत: एक शिकार नृत्य है, जिसमें गौर के शिकार को बताया जाता है.

130 बस्तर बैंड के संयोजक हैं

(A) अनूप रंजन (B) देवी लाल
(C) अमर दास (D) देवाशीष
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– अनूप रंजन पांडेय बस्तर बैंड के संयोजक हैं, इन्हें वर्ष 2019 में पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया है.

131 उरांव जनजाति कौन सा नृत्य करते है?

(A) गौर नृत्य (B) ककसार नृत्य
(C) बिलमा नृत्य (D) सरहुल नृत्य
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– चैत्र माह में साल वृक्ष में फूल आने के अवसर पर उरांव जनजाति द्वारा सरहुल नृत्य किया जाता है. मांदर तथा झांझ इसके प्रमुख वाद्य यंत्र है.

132 पंथी गीत किस समाज में गाते है?

(A) बसदेवा (B) देवार
(C) सतनामी (D) उपर्युक्त सभी
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ACF 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पंथी नृत्य सतनाम पंथ से संबंधित है, इसमें जैत खंभ की स्थापना कर चारों तरफ पिरामिड बनाते हुए नृत्य किया जाता है. देवदास बंजारे इसके प्रमुख कलाकार रहे हैं.

133 राऊत नृत्य में क्या गाते हैं?

(A) चौपाई (B) दोहे
(C) सोरठा (D) भजन
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ACF 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– राऊत नृत्य में दोहे गाते हैं.

134 पंडवानी गायन का कथानक क्या है?

(A) रामायण (B) महाभारत
(C) श्रीमद् भागवत (D) शिवपुराण
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ACF 2016, PSC A Pre 2015, Vya. ASO 2010*

उत्तर–(B)

व्याख्या– पंडवानी गायन का संबंध महाभारत से है, भीम इसका नायक होता है. वेदमती तथा कापालिक इसकी दो शैलियां हैं. झाड़ूराम देवांगन तीजन बाई, ऋतु वर्मा, पूनाराम निषाद आदि इसके प्रमुख कलाकार हैं.

135 शैला नृत्य कौन करते हैं?

(A) बैगा (B) कमार
(C) मुरिया (D) उरांव
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Industry 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की बैगा, गोंड, परधान जनजातियों द्वारा शैला नृत्य किया जाता है. इसकी शुरूआत दशहरे से होती है तथा शरद ऋतु की रातों में इसका आयोजन अपने आदि देव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है.

136 बस्तर का बिरिया ढोल (मांदर) क्या है?

(A) घनवाद्य (B) सुशिर वाद्य

(C) अवनद्ध वाद्य (D) तत वाद्य

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर का बिरिया ढोल अवनद्ध वाद्य का एक प्रकार है.

137 गौर नृत्य कौन करते हैं?

(A) उरांव (B) बैगा

(C) कमार (D) माड़िया

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले दंडामी माड़िया जनजाति द्वारा जात्रा पर्व के दौरान गौर नृत्य किया जाता है. यह मूलत: एक शिकार नृत्य है जिसमें गौर के शिकार को अभिनय के माध्यम से बताया जाता है.

138 सुआ नृत्य कब करते हैं?

(A) होली (B) पोला

(C) दशहरा (D) दीपावली

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016, Vya. S.I. Mains 2005*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कोलिन जाति की महिलाओं द्वारा फसल पकने के अवसर पर सुआ नृत्य किया जाता है. यह दीपावली के कुछ दिन पहले से शुरू होकर दीपावली की रात में शिव–गौरा विवाह के साथ संपन्न होता है.

139 मुरिया जनजाति का माओपाटा नृत्य है?

(A) प्रणय नृत्य (B) शिकार नृत्य

(C) पूजा नृत्य (D) विवाह नृत्य

*PSC AP Engg 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले मुड़िया जनजाति द्वारा माओपाटा नृत्य किया जाता है. यह मूलत: एक शिकार नृत्य है. जिसमें सांभर के शिकार का नाट्य रूपांतरण प्रदर्शित किया जाता है.

140 लिंगोपाटा कौन गाते हैं?

(A) देवार (B) बसदेवा

(C) परधान (D) भीम्मा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ITI Principal 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की परम्परागत लोक गीतकार जनजाति परधान गोंड मिथक, लिंगोपाटा आदि का गायन करते हैं.

141 सैला–रीना नृत्य इनमें से कौन करते हैं?

(A) गोंड़ (B) बैगा

(C) परधान (D) उपर्युक्त सभी

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ITI Principal 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की बैगा, गोंड, परधान जनजातियों द्वारा शैला नृत्य किया जाता है इसकी शुरूआत दशहरे से होती है तथा शरद ऋतु की रातों में इसका आयोजन करके आदिदेव को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है.

142 निम्न में से कौन–सा नृत्य विवाह उत्सव पर किया जाता है?

(A) पंथी नृत्य (B) गौर मारिया नृत्य

(C) रावत नृत्य (D) जवारा नृत्य

*Vya. Sahayak Samparikshak 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– गौर मारिया नृत्य डण्डामी माड़िया द्वारा विवाह और जात्रा पर्व के दौरान किया जाता है.

143 मांदरी इनमें से किस जनजाति की नृत्यशैली है?

(A) मुरिया (B) उरांव

(C) बिरहोर (D) हल्बा

*Vya. Sahayak Samparikshak 2016, PSC A Pre 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुड़िया घोटुल में सदस्यों के द्वारा मांदरी नृत्य किया जाता है.

144 रायगढ़ रियासत के निम्नलिखित कौन शासक संगीत एवं नृत्यकला के आश्रयदाता थे?

(A) चक्रधर सिंह (B) नरेश सिंह

(C) विजय सिंह (D) मुरलीधर सिंह

*Vya. SDAG 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– रायगढ़ रियासत की विख्यात शासक चक्रधर सिंह को संगीत एवं नृत्य कला क्षेत्र से संबंधित माना जाता है इनकी स्मृति में प्रतिवर्ष रायगढ़ में चक्रधर समारोह का आयोजन किया जाता है।

145 करमा लोकनृत्य की इष्ट देवी कौन हैं?

(A) करमा माता (B) करम देवी

(C) दंतेश्वरी देवी (D) मां गौरी

*Vya. Van Kshetra 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– जीवन में कर्म की प्रधानता को बताने वाला करमा नृत्य की इष्ट करम देवी है.

146 माओपाटा नृत्य इस राज्य के किस जनजाति का नृत्य है?
(A) भतरा (B) उरांव
(C) मुरिया (D) धाकड़

*Vya. Van Kshetra 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले माड़िया–मुरिया जनजातियों द्वारा माओपाटा नृत्य किया जाता है, जो मूलत: एक शिकार नृत्य है.

147 धनकुल गीत कहां गाते हैं–
(A) बस्तर जिला (B) सरगुजा जिला
(C) बिलासपुर जिला (D) रायपुर जिला
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में हल्बी भाषा में धनकुल गीत गाया जाता है, इसमें धनकुल नामक वाद्य यंत्र का प्रयोग करते है. इसे जगार गीत भी कहते हैं.

148 किस नृत्य के विकास के लिए राजा चक्रधर सिंह प्रसिद्ध है–
(A) कत्थक नृत्य (B) कत्थकली नृत्य
(C) ककसाड़ नृत्य (D) करमा नृत्य

*PSC A Pre 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह एक विलक्षण नर्तक, तबला वादक थे जिनके संरक्षण में रायगढ़ कत्थक घराने का जन्म हुआ.

149 छत्तीसगढ़ में कबीर गायन के प्रसिद्ध कलाकार कौन है–
(A) श्रीमती तीजन बाई (B) भारती बन्धु
(C) देवादास बंजारे (D) श्रीमती ममता चंद्राकर
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2015*

उत्तर–(B)

व्याख्या– भारती बंधु छत्तीसगढ़ में कबीर गायन के प्रसिद्ध कलाकार हैं.

150 चंदैनी लोक गायन के प्रमुख पात्र कौन है–
(A) रांझा–हीर (B) दुष्यंत–शकुन्तला
(C) लोरिक चंदा (D) नल–दमयन्ती
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2015*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उत्तर भारत की प्रसिद्ध प्रेम गाथा लोरिक चंदा के क्षेत्रीय स्वरूप को चंदैनी के नाम से जाना जाता है.

151 1978 से रावत नाचा महोत्सव कहां आयोजित किया जाता है–
(A) रायपुर (B) जगदलपुर
(C) बिलासपुर (D) दुर्ग

*PSC Food Security 2015*

उत्तर–(C)

व्याख्या– 1978 से कार्तिक प्रबोधिनी एकादशी पर बिलासपुर शहर में राउत नाचा का आयोजन किया जाता है. इसे गहिरा नाच के नाम से जाना जाता है.

152 वेदमती निम्न में से किसकी शैली है–
(A) पंडवानी (B) कर्मा नृत्य
(C) पंथी नृत्य (D) राउत नाचा

*Vya. Acct Markfed 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– वेदमती तथा कापालिक छत्तीसगढ़ी लोक गायन पंडवानी की दो शैलियां हैं. वेदमती में शास्त्र सम्मत गायकी की जाती है सबल सिंह चौहान की दोहा चौपाई महाभारत इसका प्रमुख आधार है, जबकि कापालिक शैली में कथा कलाकार के स्मृति में विद्यमान होती है.

153 इस राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक निम्न में से कौन सा है–
(A) मड़ई (B) रहस
(C) गम्मत (D) इनमें से कोई नहीं

*Vya. L.O./L.I. 2015*

उत्तर–(B)

व्याख्या– श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित रहस को छत्तीसगढ़ राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक माना जाता है.

154 इस राज्य के निम्नलिखित में से किस लोक संगीतकार ने लोक नाट्य चंदैनी गोंदा में पार्श्व संगीत दिया था–
(A) भैयालाल हेडाऊ (B) शेख हुसैन
(C) रवान यादव (D) केदार यादव

*Vya. R.I. 2015*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध नाट्य चंदैनी गोंदा में रवान यादव ने पार्श्व संगीत दिया था.

155 इस राज्य का निम्नलिखित में कौन सा लोक गीत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है–
(A) ददरिया (B) पंडवानी
(C) भरथरी (D) जगार

*Vya. R.I. 2015*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य का पंडवानी लोकगीत अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध है, इसका मुख्य श्रेय तीजन बाई को जाता है.

156 किस पारंपरिक छत्तीसगढ़ी लोकगीत में गंगा का नाम बार–बार आता है–

(A) भोजली (B) जवारा

(C) सोहर (D) सुआ

(E) पंथी

*PSC A Pre 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में भादो माह में कृष्ण पक्ष प्रथमा को मनाये जाने वाले भोजली पर्व के दौरान गाये जाने वाले गीत में गंगा का नाम बार–बार आता है.

157 भड़ौनी गीत किस अवसर पर गाया जाता है–

(A) जन्म (B) मृत्यु

(C) फसल कटाई (D) विवाह

(E) यज्ञोपवीत

*PSC A Pre 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में विवाह के अवसर पर बारातियों के भोजन के समय हास–परिहास के लिए भड़ौनी गीत गाया जाता है.

158 किस उत्सव के दौरान नर्तक राउत नाच करते हैं?

(A) होली (B) दीपावली

(C) दशहरा (D) मकर संक्रान्ति

(E) जन्माष्टमी

*PSC ARO APO 2014*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के राउत समुदाय के लोगों द्वारा दीपावली के बाद राउत नाचा किया जाता है, जो कार्तिक प्रबोधिनी एकादशी से प्रारंभ होकर एक पखवाड़े तक चलता है.

159 निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये–

| लोकनृत्य | जनजाति |
|---|---|
| अ. हुल्की | 1. माड़िया |
| ब. ककसाड़ | 2. मुरिया |
| स. सरहुल | 3. अबूझमाड़िया |
| द. गौर | 4. उरांव |

(A) 2, 3, 4, 1

(B) 3, 4, 1, 2

(C) 4, 1, 2, 3

(D) 4, 3, 1, 2

*PSC AB Engg. Ser. 1 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मुड़िया जनजाति द्वारा हुल्की पाटा, अबूझमाड़िया द्वारा ककसार, उरांव जनजाति द्वारा सरहुल जबकि माड़िया की उपसमूह दंडामी माड़िया द्वारा गौर नृत्य किया जाता है.

160 किस नृत्य में गौर आखेट का अभिनय होता है–

(A) माओपाटा (B) ककसार

(C) हुलकीपाटा (D) डिटोंग

(E) पनिया

*PSC AB Engg. Ser. 2 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– माओपाटा मूलतः एक शिकार नृत्य है.

161 छत्तीसगढ़ की बहादुरी के संबंध में लोक नृत्य–नाटक भी कहा जाता है, वह है:

(A) रीला (B) लेंजा

(C) गौर (D) बिल्मा

(E) पंडवानी

*PSC AD IHS 2014*

उत्तर–(E)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के लोक नाट्य पंडवानी पांडवों की कथा पर आधारित होती है.

162 दमनच नृत्य किस जनजाति में प्रसिद्ध है–

(A) बैगा (B) पहाड़ी कोरवा

(C) माड़िया (D) मुरिया

(E) दोरला

*PSC AB Engg. Ser. 1 2014*

उत्तर–(B)

व्याख्या– दमनच कोरवा जनजाति का प्रसिद्ध विवाह नृत्य है.

163 कापालिक शैली किस लोक नृत्य के दौरान प्रदर्शित की जाती है

(A) पंथी (B) राउत नाच

(C) सूवा नाच (D) पंडवानी

*PSC ARO APO 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– वेदमति तथा कपालिक पंडवानी की दो शैलियां है. तीजन बाई कपालिक शैली की प्रमुख कलाकार हैं.

164 छत्तीसगढ़ के किस नृत्य के केवल पुरूष भाग ले सकते हैं?

(A) सुआ (B) कर्मा

(C) सैला (D) राउत नाचा

*PSC ARO APO 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कार्तिक प्रबोधिनी एकादशी से प्रारंभ होने वाले राउत नाचा में केवल पुरुष ही भाग लेते है.

165 छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक प्रसिद्ध नाचा मूलतः है?

(A) लोकगीत (B) लोकनृत्य

(C) लोक नाट्य (D) संगीत समारोह

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में सबसे अधिक प्रचलित नाचा मूलतः लोकनाट्य है.

166 इनमें से कौन सा नृत्य महाभारत की कथाओं पर आधारित है–
(A) सरहुल नृत्य (B) पंडवानी नृत्य
(C) भरतनाट्यम (D) डंडा नृत्य
(E) ओरांव नृत्य

*PSC Librarian 2014*
उत्तर–(B)

व्याख्या– पंडवानी नृत्य महाभारत की कथाओं पर आधारित होती है. पांडव इसके नायक होते हैं. छत्तीसगढ़ में झाडूराम देवांगन, तीजन बाई आदि इसके प्रमुख कलाकार है.

167 सामूहिक नृत्य जिसमें पुरूष स्वयं को महिलाओं के रूप में सजाते हैं और होली तथा दशहरा के अवसर पर प्रदर्शन करते हैं, वह है:
(A) सुआ (B) राइत
(C) कर्मा (D) सरहुल
(E) डंडा

*PSC Mining 2014*
उत्तर–(विलोपित)

व्याख्या– अस्पष्ट जानकारी के कारण आयोग द्वारा विलोपित किया गया है.

168 रवेली नाचा पार्टी के संस्थापक थे:
(A) दाऊ दुलार सिंह मंदराजी (B) लालू राम
(C) मदन लाल निषाद (D) प्रभु राम यादव
(E) जारथनाथ निरमालक

*PSC Mining 2014*
उत्तर–(A)

व्याख्या– दाऊ दुलार सिंह मंदराजी द्वारा रवेली नाचा पार्टी नामक संस्था की स्थापना की गई थी.

169 छत्तीसगढ़ में मनोरंजन के लिए शादी के समय गाया जाने वाला गीत है:
(A) जंवारा गीत (B) बाँस गीत
(C) देवरी गीत (D) भरोनी गीत/भड़ौनी गीत
(E) ददरिया गीत

*PSC Mining 2014*
उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में शादी के समय बारातियों के भोजन के समय भड़ौनी गीत गाया जाता है.

170 निम्नांकित में से कौन सा छत्तीसगढ़ का एक लोकनृत्य है–
(A) किन्नौरी नाटी (B) यशा
(C) गरादी (D) होजागिरी
(E) पंथी

*PSC RDA 2014*
उत्तर–(E)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के सतनाम पंथ के लोगों द्वारा पंथी नृत्य किया जाता है, यह संत गुरू घासीदास जी के जीवन पर आधारित होती है.

171 निम्नांकित में से कौन सा एक छत्तीसगढ़ का पारम्परिक लोक गीत नहीं है–
(A) सोहर गीत (B) बिहाव गीत
(C) बिहू गीत गान (D) छेर–छेरा गीत
(E) पठौनी गीत

*PSC RDA 2014*
उत्तर–(C)

व्याख्या– बिहु असम का लोकगीत है, शेष सभी छत्तीसगढ़ से संबंधित है.

172 छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध सितार वादक हैं–
(A) अरूण कुमार सेन, अनिता सेन
(B) शेखर सेन, कल्याण सेन
(C) विमलेन्दु मुखर्जी, बुधादित्य मुखर्जी
(D) सुलक्षणा पंडित, विजयेता पंडित
(E) मंजुला दास गुप्ता, आशीष दास गुप्ता

*PSC A Pre 2013*
उत्तर–(C)

व्याख्या– विमलेन्दु मुखर्जी, बुधादित्य मुखर्जी, संजय बनर्जी, अवनीन्द्र शिवलीकर आदि प्रमुख सितार वादक है.

173 धनकुल गायन के साथ वादन में इनमें कौन सी वस्तु असम्बद्ध है?
(A) घड़ा (B) धनुष
(C) सूप (D) बांस की खपच्ची
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ABEO 2013*
उत्तर–(E)

व्याख्या– धनकुल जगार में प्रयुक्त होने वाला वाद्य यंत्र धनकुल घड़ा, धनुष, सूपा आदि के संयोजन से बना होता है, इसमें बांस की खपच्ची का प्रयोग भी किया जाता है.

174 छत्तीसगढ़ी नाटक राजा फोकलवा के लेखक निर्देशक कौन है?
(A) हबीब तनवीर (B) राकेश तिवारी
(C) मिर्जा मसूद (D) सुभाष मिश्र
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ABEO 2013*
उत्तर–(B)

व्याख्या– राकेश तिवारी द्वारा छत्तीसगढ़ी नाटक राजा फोकलवा का लेखन, निर्देशन किया गया.

175 छत्तीसगढ़ी पारंपरिक गीत अहो देवी गंगा ........ किससे संबंधित है?
(A) भोजली (B) विवाह
(C) जसगीत (D) बांसगीत
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ABEO 2013*
उत्तर–(A)

व्याख्या– भादो माह के कृष्ण पक्ष प्रथमा में भोजली पर्व के अवसर पर प्रसिद्ध गीत ओ देबी गंगा, लहर तुरंगा ........ गाया जाता है.

176 बस्तर अंचल में धनकुल जगार के आयोजन में गायन की भाषा क्या है?
(A) लरिया (B) हिन्दी
(C) हल्बी (D) सरगुजिहा
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ABEO 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में हल्बी भाषा में धनकुल जगार का आयोजन किया जाता है. इसमें धनकुल नामक वाद्य यंत्र का प्रयोग किया जाता है. धनकुल वाद्य का वादन 2 जगार गायिकायें करती हैं, इन्हें गुरूमाय कहा जाता है.

177 बस्तर अंचल में पारंपरिक घोटुल पाटा गायन किस भाषा में होता है?
(A) लरिया (B) हिन्दी
(C) गोंडी (D) हल्बी

*PSC ABEO 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर अंचल में मुड़िया आदिवासियों द्वारा मृत्यु गीत (घोटुल पाटा) गाने की परम्परा है. एक बुजुर्ग व्यक्ति द्वारा राजा जोलोंग साय की कथा के साथ प्रकृति के रहस्य की प्रस्तुति गोंड़ी भाषा में की जाती है.

178 छत्तीसगढ़ का सोहर लोकगीत निम्नलिखित में से किस अवसर पर गाया जाता है?
(A) बच्चे के जन्म के समय (B) दुल्हे के आगमन के समय
(C) गौने के समय (D) छेरछेरा त्यौहार में

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बच्चे के जन्म से पहले तथा जन्म के समय सोहर गीत गाये जाने की परम्परा है.

179 रायपुर के निकट स्थित पुरखौती मुक्तांगन के कला संग्रहालय में छत्तीसगढ़ की निम्न में से किस संस्कृति को प्रदर्शित किया गया है?
(A) धार्मिक संस्कृति (B) लोक संस्कृति
(C) शासन की उपलब्धिता (D) आदिवासी संस्कृति
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(विलोपित)

व्याख्या– पुरखौती मुक्तांगन शैक्षणिक केन्द्र है, जिसमें छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति, कलाशिल्प, प्राकृतिक संरचना और भौगोलिक परिदृश्य, पर्यावरण और जैव विविधता को प्रदर्शित किया जा रहा है.

180 छत्तीसगढ़ का निम्न में से कौन सा वाद्य मुंह से बजाया नहीं जाता?
(A) मोहरी (B) तोड़ी
(C) सुलुड (D) वंसी
(E) मुयांग

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(E)

व्याख्या–उपरोक्त विकल्पों में से मुयांग वाद्ययंत्र को छोड़ शेष सभी मुंह से बजाया जाता है.

181 गोपल्ला गीत छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित में से किस वंश के इतिहास से संबंधित है?
(A) पाण्डु वंश (B) नल वंश
(C) कलचुरी वंश (D) सोम वंश
(E) शरभपुरीय वंश

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में गाये जाने वाला गोपल्ला गीत मुख्य रूप से कलचुरी वंश के इतिहास से संबंधित है.

182 दसमत गाथा छत्तीसगढ़ के निम्न में से किस जिले से संबंधित है?
(A) रायपुर (B) बालोद
(C) महासमुंद (D) दुर्ग
(E) कवर्धा

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में दसमत गाथा का प्रचलन है.

183 छत्तीसगढ़ में निम्नलिखित में किस स्थान पर तिब्वती संस्कृति का केन्द्र स्थित है?
(A) सामरीपाट (B) मैनपाट
(C) जारंगपाट (D) सारंगपाट

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के पाट प्रदेशों में प्रमुख मैनपाट में 1962 में तिब्वती शरणार्थियों को बसाया गया, वर्तमान में यह छत्तीसगढ़ में तिब्वती संस्कृति का केंद्र है.

184 छत्तीसगढ़ के लोकनाट्यों में निम्न में से कौन सा सम्मिलित नहीं है?
(A) रहसलीला (B) नाचा
(C) आटापाटा (D) माओपाटा
(E) भतरानाट

*PSC AD PPO 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– आटापाटा नामक कोई भी लोक नाट्य छत्तीसगढ़ में प्रचलित नहीं है.

185 1936 में वायसराय ने रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह को किस उपाधि से विभूषित किया था?
(A) संगीत प्रभाकर (B) संगीत पटु
(C) संगीत विभाकर (D) संगीत सम्राट
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD PPO 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– 1939 में वायसराय लार्ड लिनलिथगो के स्वागत में आयोजित संगीत समारोह में प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम के पश्चात वायसराय ने राजा चक्रधर सिंह को संगीत सम्राट की उपाधि प्रदान की.

186 छत्तीसगढ़ से पंडवानी के निम्नलिखित अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कलाकार है–

अ. झाडूराम देवांगन ब. सुरूज बाई खाण्डे
स. तीजन बाई द. ऋतु वर्मा

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ, ब एवं स (B) ब, स एवं द
(C) अ, ब एवं द (D) अ, स एवं द

*PSC Naap Taul 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– झाडूराम देवांगन, तीजन बाई, ऋतु वर्मा पंडवानी के प्रमुख कलाकार हैं, जबकि सुरूज बाई खांडे का संबंध भरथरी से है.

187 छत्तीसगढ़ की जनजातियों के निम्न प्रमुख लोकनृत्य है–

अ. गौर ब. सुआ
स. सैला द. सरहुल

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ, ब एवं स (B) ब, स एवं द
(C) अ, ब एवं द (D) अ, स एवं द

*PSC Naap Taul 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से गौर, शैला तथा सरहुल नृत्य छत्तीसगढ़ की जनजातीयों द्वारा किया जाता है जबकि सुआ नृत्य मुख्यत: कोलिन जाति की महिलाएं करती है.

188 राज्य के किस नृत्य में नर्तक कलाबाजी करते हैं और पिरामिड बनाते हैं–

(A) करमा नृत्य (B) पंथी नृत्य
(C) रावत नाचा (D) सुआ नृत्य

*Vya. Food Ins 2013*

उत्तर–(B)

व्याख्या– पंथी नृत्य सतनाम पंथ से संबंधित है, इसमें जैत खंभ की स्थापना कर चारों तरफ पिरामिड बनाते हुए नृत्य किया जाता है देवदास बंजारे इसके प्रमुख कलाकार रहे हैं.

189 निम्न कथन पढ़कर सही उत्तर चुनिये

1. बस्तर की जनजाति में भतरा नाट प्रचलित है।
2. भतरा नाट की कथावस्तु पौराणिक घटनाएं है।
3. भतरा नाट में सभी कलाकार पुरूष होते हैं।

(A) 1, 2 एवं 3 सही है (B) 1 एवं 2 सही है
(C) 1 एवं 3 सही है (D) केवल 1 सही है
(E) केवल 3 सही है

*PSC A Pre 2012*

उत्तर–(A)

व्याख्या– भतरा नाट बस्तर की भतरा जनजाति के लोगों द्वारा किए जाने वाला नाटक है, इसे उड़ीया नाट भी कहा जाता है. यह मुख्यत: रामायण, महाभारत व पौराणिक कथाओं पर आधारित होते हैं. इसे छत्तीसगढ़ का आदिवासी थियेटर भी कहा जाता है, इसमें मुख्य रूप से पुरूष कलाकार ही भाग लेते हैं.

190 छत्तीसगढ़ी नाचा के प्रवर्तक कौन थे?

(A) केदार यादव (B) रामचंद्र देशमुख
(C) दुलारसिंह मंदराजी (D) भैयालाल हेडाऊ
(E) झाडूराम देवांगन

*PSC A Pre 2012*

उत्तर–(C)

व्याख्या– दाऊ दुलार सिंह मंदराजी को नाचा का भीष्म पितामह कहा जाता है, इन्होंने रवेली साज नामक संस्था स्थापित की.

191 निम्नलिखित में से कौन छत्तीसगढ़ी लोक रंगमंच नाचा के भीष्म पितामह माने जाते हैं–

(A) रामचन्द्र देशमुख (B) महासिंह चन्द्राकर
(C) केदार यादव (D) दुलार सिंह मंदराजी

*Vya. ADEO 2012, PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–(D)

व्याख्या– दाऊ दुलार सिंह मंदराजी को नाचा का भीष्म पितामह कहा जाता है, इन्होंने रवेली साज नामक संस्था का गठन किया था.

192 कौन सा पारम्परिक नृत्य भगवान कृष्ण के पूजा के प्रतीक के रूप में किया जाता है–

(A) राउत नाचा (B) सुआ नृत्य
(C) कर्मा नृत्य (D) गेडी नृत्य

*Vya. ASO 2012*

उत्तर–(A)

व्याख्या– राउत जाति के पारंपरिक नृत्य राउत नाचा को भगवान कृष्ण की पूजा के प्रतीक के रूप में किया जाता है. यह भगवान श्री कृष्ण द्वारा कंश वध के उपलक्ष्य में किया जाता है.

193 छत्तीसगढ़ी संस्कृति में पठौनी गीत कब गाया जाता है–

(A) बच्चे के जन्म पद (B) गौना के समय
(C) शादी के समय (D) उपरोक्त में कोई नहीं

*Vya. AVFO 2012*

उत्तर–(B)

व्याख्या– पठौनी गीत छत्तीसगढ़ में गौना के समय गाये जाने वाला लोकगीत है.

194 सोहर गीत संबंधित है–

(A) बच्चे के जन्म के समय (B) विवाह के समय
(C) मृत्यु के समय (D) इनमें से कोई भी नहीं

*PSC A QMains 2011*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बच्चे के जन्म से पहले तथा जन्म के समय सोहर गीत गाने की परंपरा है.

195 सुआ नृत्य निष्पादित किया जाता है–

(A) केवल पुरूषों द्वारा (B) केवल महिलाओं द्वारा

(C) पुरूषों तथा महिलाओं द्वारा (D) बच्चों द्वारा

*PSC A QMains 2011*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में सुआ नृत्य केवल महिलाओं द्वारा किया जाता है.

196 छत्तीसगढ़ के प्राचीन कला केन्द्र को बताइए–

(A) रतनपुर (B) सिरपुर

(C) मल्हार (D) उपरोक्त सभी

*PSC A QMains 2011*

उत्तर–(D)

व्याख्या– सभी नगर छत्तीसगढ़ के प्राचीन कला केंद्र रहे हैं.

197 पुरखौती मुक्तांगन की स्थापना किस स्थान पर की जा रही है–

(A) उपरवारा (B) भाटापारा

(C) चम्पारण्य (D) अभनपुर

*PSC A QMains 2011*

उत्तर–(A)

व्याख्या– नया रायपुर के निकट उपरवारा में पुरखौती मुक्तांगन की स्थापना की गई है.

198 निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध संगीतकार एवं उनका क्षेत्र) सुमेलित है–

(A) पं. कार्तिक राम– सुगम संगीत

(B) अरूण कुमार सेन– बांसुरी

(C) बुद्धादित्य मुखर्जी– सितार

(D) मंजुला दास गुप्ता– तबला

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बुद्धादित्य मुखर्जी प्रसिद्ध सितार वादक हैं, इन्होंने लंदन के हाउस आफ कॉमन्स में भी प्रस्तुति दी. जबकि पं. कार्तिक राम कत्थक के क्षेत्र से व मंजुला दासगुप्ता सुगम संगीत के क्षेत्र से संबंधित हैं.

199 निम्न व्यक्ति छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार हैं/थे–

अ. झाडूराम देवांगन ब. भैयालाल हेड़ऊ

स. पूनाराम निषाद द. कार्तिक राम साहू

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ एवं ब (B) ब एवं स

(C) अ एवं स (D) ब एवं द

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से झाडूराम देवांगन तथा पूनाराम निषाद छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध पंडवानी कलाकार हैं.

200 छत्तीसगढ़ की लोकचित्रकला के संबंध में सत्य कथन है–

(A) लोक चित्रकला कपड़े के विशाल पट पर तैयार की जाती है

(B) लोकचित्रकला ग्रामीण घरों की दीवारों पर की जाती है

(C) लोकचित्रकला मंदिरों पर कुरेदी गई मूर्तिशिल्प में निहित है

(D) लोकचित्रकला सार्वजनिक इमारतों पर उकेरी जाती है

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–[illegible]

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में सवनाही, नोहडोरा अलंकरण, घर श्रृंगार आदि [illegible] की दीवारों पर की जाने वाली प्रमुख लोक चित्रकला है.

201 छत्तीसगढ़ के जनजातीय लोकनृत्य करमा के संबंध में कौन सा कथन असत्य है

(A) पुरूष एवं स्त्रियां दोनों इस नृत्य में भाग लेते हैं

(B) यह नृत्य करमा देवता को प्रसन्न करने के लिए किया जाता है

(C) इसे विजयादशमी से अगली वर्षा ऋतु के प्रारंभ तक किया जाता है

(D) नृत्य में भाग लेने वाले पुरूष सींगों वाली पगड़ी धारण करते हैं

*PSC AD Handloom 2011*

उत्तर–[illegible]

व्याख्या– कर्म के देवता को प्रसन्न करने के लिए अनेक जनजातियों के पुरुष एवं [illegible] विजयादशमी से अगली वर्षा ऋतु तक करमा नृत्य करती हैं. दंडामी माड़िया [illegible] जाने वाले गौर नृत्य में पुरूष सींग वाला मुकुट धारण करते हैं.

202 सूची–अ को सूची–ब से सुमेलित कीजिए–

| सूची–अ (लोककला) | सूची–ब (कलाकार) |
|---|---|
| अ. चन्देनी गोंदा | 1. सूरूजबाई खाण्डे |
| ब. नाचा | 2. रामचन्द्र देशमुख |
| स. पंडवानी | 3. दाऊ मंदराजी |
| द. भरथरी | 4. झाडूराम देवांगन |

(A) अ.2, ब.3, स.4, द.1 (B) अ.2, ब.4, स.1, द.3

(C) अ.2, ब.1, स.3, द.4 (D) अ.2, ब.4, स.3, द.1

*PSC Asst Geologist 2011*

उत्तर–A

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में दाऊ रामचंद्र देशमुख चंदैनी गोंदा के संस्थापक हैं. दाऊ दुलार सिंह मंदराजी को नाचा का भीष्म पितामह कहा जाता है, झाडूराम देवांगन पंडवानी गुरु के नाम से जाने जाते हैं जबकि सुरूज बाई खांडे भरथरी की प्रमुख कलाकार है.

203 निम्नलिखित कथनों को पढ़िये–

अ. भतरा नाट छत्तीसगढ़ का आदिवासी थिएटर है।

ब. गम्मत छत्तीसगढ़ का लोकमंच है।

स. नौटंकी छत्तीसगढ़ का लोकप्रहसन है।

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ, ब एवं स सही है (B) अ एवं ब सही है

(C) ब एवं स सही है (D) अ एवं स सही है

*PSC Asst Geologist 2011*

उत्तर–(B)

व्याख्या– नौटंकी उत्तर भारत में प्रचलित नाट्य विधा है.

204 पंडवानी है–
(A) एक लोकनृत्य
(B) एक लोक रीति
(C) एक लोक नाट्य
(D) महाभारत की कथा पर आधारित एक लोकगायन

*Vya. Food Ins 2011*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पंडवानी महाभारत कथा पर आधारित एक लोकगायन है.

205 निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ के लोकगीत एवं विषयवस्तु) सुमेलित नहीं है–
(A) भरथरी – नल दमयंती की कथा
(B) चँदैनी – लोरिक चंदा की कथा
(C) पंडवानी – महाभारत की कथा
(D) ददरिया – प्रेमगीत

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(A)

व्याख्या– भरथरी में राजा भरथरी व रानी पिंगला की करूण गाथा गायन की जाती है.

206 निम्नलिखित में से कौनसा कथन छत्तीसगढ़ के जनजाति लोकनाट्य, भतरा नाट के संबंध में सही है–
(A) यह एक बड़े रंगमंच पर खेला जाता है
(B) इसकी विषयवस्तु पौराणिक कथाओं पर आधारित होती है
(C) इसमें स्त्री और पुरूष दोनों भाग लेते हैं
(D) नाटक के पात्रों का मेकअप नहीं होता

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(B)

व्याख्या– भतरा नाट बस्तर की भतरा जनजाति के लोगों द्वारा किए जाने वाला नाटक है, इसे उड़ीया नाट भी कहा जाता है. यह मुख्यत: रामायण, महाभारत व पौराणिक कथाओं पर आधारित होते हैं. इसे छत्तीसगढ़ का आदिवासी थियेटर भी कहा जाता है, इसमें मुख्य रूप से पुरूष कलाकार ही भाग लेते हैं.

207 आधुनिक चित्रकला के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चित्रकार हैं–
(A) प्रवीण शर्मा (B) सुब्रतो बोस
(C) अशोक मिश्र (D) सोमेश अग्रवाल

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(A)

व्याख्या– प्रवीण शर्मा आधुनिक चित्रकला के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध चित्रकार है.

208 निम्न में कौनसा छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध जनजातीय नृत्य है–
(A) छऊ (B) ढोला
(C) करमा (D) बिहू

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(C)

व्याख्या– गोंड़, उरांव, बिंझवार, बैगा, कमार, कवंर आदि जनजातियों द्वारा कर्मा नृत्य किया जाता है. यह जीवन में कर्म की प्रधानता को बताता है.

209 छत्तीसगढ़ की लोक चित्रकला निम्नलिखित है–
अ. सवनाही ब. नोहडोरा
स. सिरपुर चित्रकला द. घर सिंगार
सही उत्तर चुनिये–
(A) अ, ब एवं स (B) ब, स एवं द
(C) अ, ब एवं द (D) अ, स एवं द

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सवनाही, नोहडोरा अलंकरण तथा घर श्रृंगार छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोक चित्रकलाकारी है.

210 छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित प्रसिद्ध लोकनृत्य हैं–
अ. सुआ नृत्य ब. राई नृत्य
स. पंथी नृत्य द. राऊत नाचा
सही उत्तर चुनिये–
(A) अ, ब एवं स (B) ब, स एवं द
(C) अ, ब एवं द (D) अ, स एवं द

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(D)

व्याख्या– सुआ नृत्य, पंथी नृत्य, राउत नाचा छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध लोक नृत्य है, जबकि राई का संबंध छत्तीसगढ़ से नहीं है.

211 सूची–अ (लोककला) को सूची–ब (शैली/प्रकार) से सुमेलित कीजिए–

| सूची–अ. | सूची–ब |
|---|---|
| अ. पंडवानी | 1. लोकनृत्य |
| ब. सरहुल | 2. लोकगाथा |
| स. चुरकी मुरकी | 3. लोकनाट्य |
| द. रहस | 4. लोकगीत |

(A) अ.1, ब.2, स.3, द.4 (B) अ.2, ब.3, स.4, द.1
(C) अ.3, ब.4, स.1, द.2 (D) अ.4, ब.1, स.2, द.3

*PSC Mining Ins 2010*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पंडवानी एक लोक गीत है, सरहुल उरांव जनजाति का लोकनृत्य है, चुरकी–मुरकी छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध लोकगाथा है जबकि रहस श्री कृष्ण की लीलाओं पर आधारित लोक नाट्य है.

212 निम्न में से कौन सा नाट्य संगठन हबीब तनवीर द्वारा स्थापित है–
(A) इप्टा (B) नवाबिहान
(C) नया थिएटर (D) लोकरंग

*PSC Mining Ins 2010*

उत्तर–(C)

व्याख्या– प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर द्वारा नया थियेटर के नाम से एक नाटक संस्था का गठन किया गया.

213 कथन– ददरिया छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध लोकगीत है।
कारण– यह उत्तर भारत की अर्धशास्त्रीय दादरा शैली से जुड़ा है।
(A) कथन, कारण दोनों सत्य है, एवं कारण कथन को स्पष्ट करता है
(B) कथन, कारण दोनों सत्य है, परन्तु कथन कारण को स्पष्ट नहीं करता
(C) कथन सत्य है, कारण गलत है
(D) कथन गलत है, कारण सत्य है

*PSC AP 2009*

उत्तर–(C)

व्याख्या– ददरिया छत्तीसगढ़ का प्रसिद्ध प्रणय गीत है इसे छत्तीसगढ़ी लोक गीतों का राजा भी कहा जाता है इसमें श्रृंगार रस की प्रधानता होती है.

214 पण्डवानी किस राज्य का लोक नृत्य है?
(A) उत्तरांचल (B) मध्य प्रदेश
(C) उत्तर प्रदेश (D) छत्तीसगढ़

*Vya. Supervisor 2009*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पंडवानी छत्तीसगढ़ राज्य का प्रमुख लोक नाट्य है, जो पांडवों की कथा पर आधारित है.

215 तीजनबाई है–
(A) पंडवानी गायिका (B) नाचा पार्टी की संस्थापिका
(C) हारमोनियम वादक (D) इनमें से कोई नहीं

*Vya. Transport Constable 2009*

उत्तर–(A)

व्याख्या– तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ की लोक कला पंडवानी को विश्व स्तर पर ख्याति दिलाई, इन्हें 1987 में पद्म श्री, 2003 में पद्म भूषण तथा 2019 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया.

216 निम्नलिखित में से कौन सा कथन छत्तीसगढ़ के लोकनाट्य नाचा के संबंध में असत्य है?
(A) इस नाट्य में पुरूष महिलाओं की भूमिका करते हैं।
(B) नाचा का आयोजन केवल दशहरा के समय होता है।
(C) नाचा का आयोजन पूरी रात के लिए किया जाता है।
(D) नाचा को गम्मत भी कहा जाता है।

*PSC A QMains 2008*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के लोक नाट्य नाचा का आयोजन कभी भी पूरी रात के लिए किया जाता है. इसमें प्राय: पुरूष कलाकार ही भाग लेते हैं. कहीं–कहीं पर नाचा को ही गम्मत कहा जाता है.

217 सूची–1 (नृत्य) को सूची–2 (जनजाति) से मिलाईये–

| | |
|---|---|
| 1. सरहुल | अ. माड़िया |
| 2. परब | ब. मुरिया |
| 3. हुलकी पाटा | स. धुरूवा |
| 4. गौर नृत्य | द. उराँव |

(A) 1.ब, 2.अ, 3.द, 4.स (B) 1.अ, 2.द, 3.स, 4.ब
(C) 1.स, 2.ब, 3.अ, 4.द (D) 1.द, 2.स, 3.ब, 4.अ

*PSC AD IHS 2008*

उत्तर–(D)

व्याख्या– सरहुल नृत्य उरांव जनजाति, परब नृत्य धुरवा या परजा जनजाति, हुलकी पाटा मुड़िया जनजाति जबकि गौर नृत्य दंडामी माड़िया जनजाति द्वारा किया जाता है.

218 छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में विवाह संस्कार के सोपान है–
(A) तेल चुलमाटी, तेलमाटी, मायन, भांवर, बारात
(B) चुलमाटी, तेलमाटी, तेल, मायन, बारात, भांवर
(C) तेलमाटी, चुलमाटी, मायन, तेल, बारात, भांवर
(D) तेलमाटी, चुलमाटी, तेल, मायन, भांवर, बारात

*PSC AD IHS 2008*

उत्तर–(B)

व्याख्या– चुलमाटी, तेलमाटी, तेल, मायन, बारात, भांवर विवाह के समय गाये जाने वाले संस्कार गीतों का क्रम है.

219 सूची–अ (लोक नृत्य) को सूची–ब (समाज/जनजाति) से मिलाइये–

| सूची–अ | सूची–ब |
|---|---|
| 1. पंथी नृत्य | अ. उरांव |
| 2. सरहुल नृत्य | ब. कंवर |
| 3. बार नृत्य | स. अहीर/यादव |
| 4. राऊत नाचा | द. सतनामी |

(A) 1.अ, 2.ब, 3.स, 4.द (B) 1.ब, 2.स, 3.द, 4.अ
(C) 1.स, 2.द, 3.अ, 4.ब (D) 1.द, 2.अ, 3.ब, 4.स

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पंथी नृत्य सतनामी समुदाय, सरहुल उरांव जनजाति, बार नृत्य कंवर जनजाति जबकि राउत नाचा अहिर या यादव समाज के लोगों के द्वारा किया जाता है.

220 दाऊ दुलारसिंह मंदराजी छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित में से किस लोक नाट्य के संस्थापक माने जाते हैं?
(A) चँदैनी गोंदा (B) सोनहा बिहान
(C) नाचा (गम्मत) (D) भतरा नाट

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(C)

व्याख्या– दाऊ दुलार सिंह मंदराजी को नाचा का भीष्म पितामह कहा जाता है, इन्होंने रवेली साज नामक संस्था स्थापित की.

221 छत्तीसगढ़ की लोककला पंडवानी विश्व स्तर पर ख्याति दिलाने वाली कलाकार है–

(A) तीजन बाई (B) सूरज बाई खाण्डे

(C) भैया लाल हेडाउ (D) लक्ष्मण मस्तूरिया

*Vya. Food Ins 2007*

उत्तर–(A)

व्याख्या– तीजन बाई ने छत्तीसगढ़ की लोक कला पंडवानी को विश्व स्तर पर ख्याति दिलाई, इन्हें 1987 में पद्म श्री, 2003 में पद्म भूषण तथा 2019 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया.

222 बस्तर का डण्डारी नृत्य किस अवसर पर किया जाता है–

(A) होली (B) दीवाली

(C) दशहरा (D) रामनवमी

*PSC A Pre 2005, Vya. S.I. Pre 2006*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र में होली के अवसर पर डंडारी नृत्य किया जाता है.

223 देवदास बंजारे किस क्षेत्र से जुड़े है–

(A) पंडवानी (B) पंथी नृत्य

(C) धनकुल (D) ढोकरा कला

*PSC A Pre 2005*

उत्तर–(B)

व्याख्या– देवदास बंजारे छत्तीसगढ़ में पंथी नृत्य के प्रमुख कलाकार रहे हैं, पंथी नृत्य को विख्यात करने में इनकी भूमिका प्रमुख रही है.

224 सुआ नृत्य किस राज्य का लोक नृत्य है–

(A) राजस्थान (B) उत्तरप्रदेश

(C) छत्तीसगढ़ (D) तमिलनाडु

*PSC Civil Judge 2004*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में कोलिन जाति की महिलाओं द्वारा फसल पकने के उपरांत दीपावली के करीब सुआ नृत्य करने की परंपरा है.

225 पण्डवानी गायिका जिसे पद्मश्री मिला है–

(A) तीजनबाई (B) सूरज बाई खाण्डे

(C) ऋतु वर्मा (D) गोमती बाई

*PSC Civil Judge 2003*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की पंडवानी गायिका तीजन बाई को 1987 में पद्म श्री, 2003 में पद्म भूषण तथा 2019 में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया.

226 छत्तीसगढ़ी नाचा का भीष्म–पितामह किसे माना जाता है?

(A) निहाईदास (B) झुमुकदास

(C) दाऊ दुलारसिंह मंदराजी (D) गोविन्द निर्मलकर

उत्तर–(C)

व्याख्या– दाऊ दुलार सिंह मंदराजी को नाचा का भीष्म पितामह कहा जाता है, इन्होंने रवेली साज नामक संस्था स्थापित की.

227 प्रख्यात कत्थककार प्रो. कार्तिक कल्याण किनके दरबार की शोभा थे?

(A) कोरिया राजा (B) बस्तर राजा

(C) कवर्धा राजा (D) रायगढ़ राजा

उत्तर–(D)

व्याख्या– प्रसिद्ध कत्थक नर्तक कार्तिक कल्याण रायगढ़ घराने से संबंधित हैं.

228 मुरिया समाज में किस पारंपरिक वाद्य यंत्र बजाने वाले को 'मोहरिया' कहा जाता है?

(A) नगाड़ा (B) तुड़बुड़ी

(C) बांसुरी (D) शहनाई

उत्तर–(D)

व्याख्या– मुरिया समाज में शहनाई बजाने वाले को 'मोहरिया' कहा जाता है।

229 चुलमाटी, तेलमाटी, मायामौरी, परघैनी, भड़ौनी व भांवर दहेज व विदा गीत किस गीत का प्रमुख भाग है?

(A) सोहर गीत (B) पठौनी गीत

(C) बिहाव गीत (D) देव गीत

उत्तर–(C)

व्याख्या– उपरोक्त सभी गीत छत्तीसगढ़ी बिहाव गीत के प्रमुख प्रकार हैं.

230 इनमें घन वाद्य नहीं है–

(A) घंटी (B) घुलघुला

(C) मंजीरा (D) मुयांग

(E) तोड़ी

उत्तर–(E)

व्याख्या– उपरोक्त वाद्ययंत्रों में तोड़ी घन वाद्य नहीं है.

231 बस्तर का बिरिया ढोल क्या है?

(A) घनवाद्य (B) सुशिर वाद्य

(C) अवनद्ध वाद्य (D) तत वाद्य

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर का बिरिया ढोल एक प्रकार का अवनद्ध वाद्य है।

232 ददरिया का अर्थ होता है?

(A) खुशी का गी

(B) दर्द का गीत

(C) कर्म का गीत

(D) दान देने में गाया जाने वाला गीत

उत्तर–(B)

व्याख्या– ददरिया एक प्रणय गीत है, जिसका अर्थ दर्द का गीत होता है इसे छत्तीसगढ़ी लोक गीतों का राजा कहा जाता है.

233 राष्ट्रीय आदिवासी लोक नृत्य 2022 में कितने देशों के कलाकारों ने भाग लिया?

(A) 8 (B) 9

(C) 7 (D) 10

उत्तर–(D)

व्याख्या– राष्ट्रीय आदिवासी लोक नृत्य 2022 में 10 देशों के कलाकारों ने भाग लिया था।

234 सुमेलित करें–

| सूची– 1 नृत्य | सूची– 2 जनजाति |
|---|---|
| 1. पैडुल | A. भतरा |
| 2. पंड़की | B. भारिया |
| 3. डंडारी | C. दोरला |
| 4. भड़म | D. मझवार |

(A) 1.C 2.D, 3.A, 4.B (B) 1.B, 2.A, 3.D, 4.C

(C) 1.A, 2.B, 3.C, 4.D (D) 1.C, 2.A, 3.D, 4.B

उत्तर–(A)

व्याख्या– सुमेलित है– 1. पैडुल – दोरला, 2. पंड़की – मझवा, 3. डंडारी – भतरा, 4. भड़म – भारिया

235 संगीत सम्राट राजा चक्रधर किस रियासत के राजा थे?

(A) कोरिया (B) बस्तर

(C) कवर्धा (D) रायगढ़

उत्तर–(D)

व्याख्या– संगीत सम्राट राजा चक्रधर सिंह रायगढ़ रियासत के राजा थे, वे संगीत एवं कला के क्षेत्र से जुड़े थे.

236 छत्तीसगढ़ में भरथरी की प्रसिद्ध गायिका निम्नलिखित में कौन है?

(A) बासंती देवार (B) सुरूजबाई खाण्डे

(C) रजनी रजक (D) प्रभा यादव

उत्तर–(B)

व्याख्या– सुरूज बाई खांडे छत्तीसगढ़ में भरथरी की प्रसिद्ध गायिका है.

237 बार नृत्य किस जनजाति में विशेष रूप से प्रचलित है?

(A) कंवर (B) बैगा

(C) कमार (D) मैना

उत्तर–(A)

व्याख्या– बार नृत्य छत्तीसगढ़ की कवंर जनजाति का प्रमुख नृत्य है.

238 चिटकुल वाद्य बनता है

(A) कांसे से (B) पीतल से

(C) लकड़ी से (D) लोहे से

(E) बांस से

उत्तर–(B)

व्याख्या– चिटकुल वाद्ययंत्र का निर्माण पीतल धातु से किया जाता है.

239 कल्याण दास किस नृत्य से जुड़े कलाकार है?

(A) कत्थक (B) ओडीसी

(C) भरतनाट्यम (D) पंथी नृत्य

उत्तर–(A)

व्याख्या– कल्याण दास कत्थक नृत्य से जुड़े कलाकार है.

240 किस लोक नाट्य का मंचन दाऊ राम चन्द्र देशमुख द्वारा नहीं किया गया है?

(A) कारी (B) लोरिक चंदा

(C) देवार डेरा (D) चंदैनी गोंदा

उत्तर–(B)

व्याख्या– कारी, देवारडेरा, चंदैनी गोंदा आदि लोक नाट्यों का मंचन दाऊ रामचंद देशमुख द्वारा किया गया.

241 रायगढ़ी है

(A) कोसे की साड़ी (B) घड़वा शिल्प

(C) एक वाद्य (D) एक व्यंजन

उत्तर–(C)

व्याख्या– रायगढ़ी एक प्रकार का वाद्ययंत्र है.

242 हरेली में किया जाने वाला चित्रांकन है?

(A) बारामासी (B) फाग

(C) सवनाही (D) सभी

उत्तर–(C)

व्याख्या– सावन मास की हरेली अमावस्या को छत्तीसगढ़ की महिलाओं द्वारा घर के मुख्य द्वार पर गोबर से चार उंगलियों से घर के चारों ओर रेखा बनाते हुए सवनाही का अंकन किया जाता है. साथ ही मानव व पशुओं का चित्रांकन भी किया जाता है.

243 सुमेलित नहीं है–

(A) कत्थक – कार्तिक राम

(B) भरतनाट्यम– श्रीमती मधुरिमा

(C) तबला– सोहन दुबे

(D) वायलिन– तुलसीराम देवांगन

(E) सितार– राजेश गनोदवाले

उत्तर–(E)

व्याख्या– राजेश गनोदवाले का संबंध जलतरंग वाद्य यंत्र से है.

244 प्रसिद्ध कलामंच नवा–बिहान संस्था के संस्थापक कौन थे–

(A) केदार यादव (B) प्रेम चन्द्राकर

(C) शेख हुसैन (D) शकील हुसैन

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ी कलाकार केदार यादव के द्वारा नवा बिहान नामक संस्था स्थापित की गई है.

245 निम्नलिखित में से सही सुमेलित हैं–
1. ठाकुर लक्ष्मण सिंह – संतूर वादक
2. श्रीधर संगीत – खयाल गायक
3. डॉ. मंडावी सिंह – कत्थक नृत्य
(A) केवल 1 (B) केवल 2
(C) केवल 3 (D) उपरोक्त सभी

उत्तर–(D)

व्याख्या– सुमेलित हैं– 1. ठाकुर लक्ष्मण सिंह – संतूर वादक, 2. श्रीधर संगीत – ख़याल गायक, 3. डॉ. मंडावी सिंह – कत्थक नृत्य

246 जवारा गीत में किस देवी की स्तुति की जाती है?
(A) माता लक्ष्मी (B) माता सरस्वती
(C) माता दुर्गा (D) माता गायत्री
(E) देवी सावित्री

उत्तर–(C)

व्याख्या– नवरात्रि के अवसर पर जंवारा गीत के माध्यम से माता दुर्गा की स्तुति की जाती है.

247 निम्न में से कौन पंडवानी की वेदमती शैली का कलाकार नहीं है
(A) रितु वर्मा (B) पुनाराम निषाद
(C) रेवाराम साहू (D) उषा बाई बारले

उत्तर–(D)

व्याख्या– पद्मश्री उषा बाई बारले पंडवानी के कपालिक शैली की कलाकार है।

248 'चौथिया' रस्म किससे संबंधित है?
(A) मातृ पूजन के लिये पकवान बनाना।
(B) महिलाओं द्वारा वर को आशीर्वाद देना।
(C) विवाह मंडप में वर–वधु को जो उपहार दिया जाता है।
(D) वधु पक्ष के लोग अपने संबंधियों को लेकर वर पक्ष के यहाँ जाते हैं।

उत्तर–(D)

व्याख्या– वधु पक्ष के लोगों का अपने संबंधियों को लेकर वर पक्ष के यहाँ जाने की परंपरा चौथिया कहलाती है।

249 जनजातीय लोक संस्कृति के साथ ही तिब्बती संस्कृति का संगम है–
(A) माना में (B) पखांजूर में
(C) रायपुर में (D) मैनपाट में
(E) दामाखेड़ा में

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के पाट प्रदेशों में प्रमुख मैनपाट में 1962 में तिब्बती शरणार्थियों को बसाया गया, वर्तमान में यह छत्तीसगढ़ में तिब्बती संस्कृति का केंद्र है.

250 निम्न में से कौन एक लोकनृत्य छत्तीसगढ़ का है?
(A) गिद्धा (B) कालबेलिया
(C) तमाशा (D) गेंड़ी

उत्तर–(D)

व्याख्या– मुड़िया घोटुल सदस्यों के द्वारा गेड़ी नृत्य किया जाता है इसे डिटोंग भी कहा जाता है.

251 नाचा का रंगकर्म में प्रयोग करने वाले रंगकर्मी हैं–
(A) हबीब तनवीर (B) शंकर शेष
(C) सत्यदेव दुबे (D) गिरीश कर्नाड

उत्तर–(A)

व्याख्या– हबीब तनवीर का संबंध रंगमंच से है इन्होंने नया थियेटर नाम से एक संस्था की स्थापना की. नाचा को रंगमंच के माध्यम से विश्व विख्यात करने में इनकी मुख्य भूमिका रही है.

252 राजा चक्रधर किस नृत्य में दक्ष थे?
(A) भरतनाट्यम (B) कत्थक
(C) ओडिसी (D) कुचीपुडी

उत्तर–(B)

व्याख्या– रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह एक विलक्षण नर्तक थे, जिनके संरक्षण में रायगढ़ कत्थक घराने का जन्म हुआ.

253 बस्तर की धुरवा जनजाति का प्रसिद्ध नृत्य कौन सा है–
(A) परब नृत्य (B) दमनच नृत्य
(C) सैला नृत्य (D) डन्डारी नृत्य

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर की धुरवा जनजाति परब नृत्य करती है जो एक सैन्य नृत्य है.

254 बाजा मास्टर के नाम से प्रसिद्ध थे?
(A) पं. लक्ष्मीनारायण शर्मा (B) पं. पचकौड़ पाण्डेय
(C) रामचन्द्र देशमुख (D) पं. कार्तिक राम

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के प्रमुख हारमोनियम वादक पं. पचकौड़ पाण्डेय को बाजा मास्टर के नाम से भी जाना जाता है. ये पलुस्कर शैली के वादक एवं गायक है.

255 झाडूराम देवांगन का संबंध किससे है?
(A) पंथी (B) नाचा
(C) रहस (D) पंडवानी

उत्तर–(D)

व्याख्या– झाडूराम देवांगन का संबंध पंडवानी से है. ये पंडवानी के वेदमति शैली के गुरू कहे जाते हैं.

256 छत्तीसगढ़ में लोरिक और चंदा की प्रेम कथा का गायन जाना जाता है–

(A) पंथी (B) नाचा

(C) रहस (D) चँदैनी

उत्तर–(D)

व्याख्या– उत्तर भारत में प्रसिद्ध लोरिक व चंदा के प्रेम प्रसंग के छत्तीसगढ़ी स्वरूप को चँदैनी गायन के नाम से जाना जाता है.

257 गुरू घासीदास का चरित गायन होता है–

(A) पंथी में (B) पंडवानी में

(C) गम्मत में (D) चँदैनी गायन में

उत्तर–(A)

व्याख्या– पंथी नृत्य सतनाम पंथ से संबंधित है, इसमें जैतखंभ की स्थापना कर चारों तरफ पिरामिड बनाते हुए नृत्य किया जाता है. इसमें मुख्य रूप से सतनाम पंथ प्रवर्तक गुरू घासीदास के जीवन का चरित्र चित्रण किया जाता है.

258 चिंतादास किस गायन से संबद्ध हैं–

(A) पंडवानी (B) भरथरी

(C) चँदैनी (D) बांसगीत

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में चँदैनी गायन के प्रमुख कलाकार चिंतादास हैं. झाडूराम देवांगन, तीजनबाई आदि पंडवानी के, सुरूज बाई खांडे भरथरी की, जबकि कैजूराम यादव, नकुल बांस गीत के प्रमुख कलाकार हैं.

259 छत्तीसगढ़ में फाग गीत किस अवसर पर गाया जाता है?

(A) पोला (B) होली

(C) नवरात्र (D) हरेली

उत्तर–(B)

व्याख्या– फाग एक पर्वगीत है, जो होली में गाया जाता है.

260 किस नृत्य में नर्तक मड़ई साथ लेकर चलते हैं–

(A) राऊत नाचा (B) गौर

(C) सुआ (D) बिलमा

उत्तर–(A)

व्याख्या– राउत नाचा में कंवटों द्वारा निर्मित मड़ई का प्रयोग किया जाता है, जिसके चारों तरफ परिक्रमा करते हुए नृत्य किया जाता है.

261 सुमेलित नहीं है–

(A) राम चंद्र देशमुख– चँदैनी गोंदा

(B) दाऊ दुलार सिंह मंदराजी– देहाती कला मंच

(C) महासिंह चन्द्राकर– सोनहा बिहान

(D) हबीब तनवीर– नया थियेटर

(E) ठाकुर राम– रिंगनी नाचा पार्टी

उत्तर–(B)

व्याख्या– दाऊ दुलार सिंह मंदराजी के द्वारा रवेली साज नामक संस्था गठित की गई, जबकि देहाती कलामंच का गठन रामचंद्र देशमुख द्वारा किया गया था.

262 दिल्ली के अखिल भारतीय संगीत समारोह में वायसराय ने किसे संगीत सम्राट की उपाधि दी–

(A) राजा चक्रधर सिंह (B) श्री कार्तिक राम

(C) कल्याण दास महंत (D) विभारानी गुप्ता

उत्तर–(A)

व्याख्या– 1939 में वायसराय लार्ड लिनलिथगो के स्वागत में आयोजित संगीत समारोह में प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम के पश्चात वायसराय ने राजा चक्रधर सिंह को संगीत सम्राट की उपाधि प्रदान की.

263 प्रसिद्ध कलाकार गोविन्द निर्मलकर किस क्षेत्र के ख्यातिलब्ध कलाकार हैं–

(A) संगीत (B) छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी

(C) छत्तीसगढ़ी गायन (D) पंथी नृत्य

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ी कलाकार गोविन्द निर्मलकर ने छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी की स्थापना की.

264 पिछले दिनों छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर तथा अनुपम मिश्र के नाम पर पुरस्कार प्रारंभ करने की घोषणा की। इनमें से अनुपम मिश्र का संबंध किस क्षेत्र से है?

(A) स्पोर्ट्स (B) पटकथा लेखन

(C) राजनीति (D) पर्यावरण, जल संरक्षण

उत्तर–(D)

व्याख्या– अनुपम मिश्र का संबंध पर्यावरण तथा जल संरक्षण से है।

265 एबालतोर किस क्षेत्र की जनजातियों का लोकप्रिय नृत्य है?

(A) सरगुजा (B) जशपुर

(C) कोरिया (D) बस्तर

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले मुड़िया जनजाति द्वारा घोटुल में एबालतोर नृत्य किया जाता है.

266 लेंजा गीत इस जिले का मुख्य लोकगीत है?

(A) सरगुजा (B) कोरिया

(C) जशपुर (D) बस्तर

उत्तर–(D)

व्याख्या– लेंजा छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में हल्बी भाषा में गाये जाने वाला गीत है. इसे स्त्री और पुरूषों के द्वारा किसी भी समय गाया जा सकता है.

267 हबीब तनवीर का संबंध है–

(A) साहित्य (B) पत्रकारिता

(C) राजनीति (D) रंगमंच

उत्तर–(D)

व्याख्या– हबीब तनवीर का संबंध रंगमंच से है, इन्होंने नया थियेटर नाम से एक संस्था की स्थापना की. नाचा को रंगमंच के माध्यम से विश्व विख्यात करने में इनकी मुख्य भूमिका रही है.

268 संस्कारों के हिसाब से प्रमुख छत्तीसगढ़ी लोकगीत है?
(A) सोहर गीत (B) बिहाव गीत
(C) पठौनी गीत (D) सभी

उत्तर–(D)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से सभी छत्तीसगढ़ के लोक गीत है. विवाह के समय बिहाव गीत, गौना के समय पठौनी गीत जबकि बच्चे के जन्म के समय सोहर गीत गाया जाता है.

269 इनमें से कौन छत्तीसगढ़ के विख्यात लोक रंगकर्मी थे?
(A) सुंदरलाल शर्मा (B) चन्दूलाल चन्द्राकर
(C) दाउ रामचन्द्र देशमुख (D) डॉ. खूबचंद बघेल

उत्तर–(C)

व्याख्या– दाऊ रामचन्द्र देशमुख छत्तीसगढ़ के विख्यात लोक रंग कर्मी हैं.

270 संन्यास और श्रृंगार की लोककथा छत्तीसगढ़ के किस लोकगीत में मिलती है?
(A) सुआगीत (B) पंडवानी
(C) भरथरी (D) ढोलामारो

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में प्रचलित लोकगाथा भरथरी में राजा भरथरी व रानी पिंगला के जीवन वैराग्य की कारूणिक कथा का गायन किया जाता है, सुरूज बाई खांडे इसकी प्रमुख कलाकार है.

271 छत्तीसगढ़ी लोक बैले कहा जाता है–
(A) सैला को (B) करमा को
(C) पण्डवानी को (D) ददरिया को
(E) पंथी को

उत्तर–(C)

व्याख्या– पंडवानी को छत्तीसगढ़ी लोक बैले कहा जाता है.

272 प्रसिद्ध तबला वादक जो राजा चक्रधर सिंह के दरबार में थे?
(A) उस्ताद अल्लारखा खां (B) उस्ताद जाकिर हुसैन
(C) उस्ताद नत्थे खाँ साहेब (D) अजगर प्रसाद

उत्तर–(C)

व्याख्या– उस्ताद नत्थे खां साहेब राजा चक्रधर सिंह के दरबार में प्रसिद्ध तबला वादक थे.

273 धनकुल के गीत किस प्रकार के लोक गीत के वर्गीकरण में आएंगे–
(A) उत्सव गीत (B) संस्कार गीत
(C) धर्म पूजा गीत (D) मनोरंजन

उत्तर–(C)

व्याख्या– धनकुल एक धर्म पूजा गीत है, इसे जगार गीत भी कहा जाता है.

274 घन वाद्य नहीं है
(A) दुड़का (B) ढुडरा
(C) खड़खड़ा (D) धनकुल
(E) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(D)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में धनकुल वाद्ययंत्र घन वाद्य की श्रेणी में नहीं आता है.

275 छत्तीसगढ़ की लोक सांस्कृतिक जागरण का प्रतीक इसे माना जाता है?
(A) चंदैनी गोंदा (B) पंडवानी
(C) नाचा (D) लोरिक चंदा

उत्तर–(A)

व्याख्या– चंदैनी गोंदा को छत्तीसगढ़ की लोक सांस्कृतिक जागरण का प्रतीक माना जाता है.

276 राजा चक्रधरसिंह किस वाद्य यंत्र में दक्ष कलाकार थे?
(A) तबला (B) गिटार
(C) सितार (D) वीणा

उत्तर–(A)

व्याख्या– रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह तबला बजाने में दक्ष थे, साथ ही वे एक विलक्षण कत्थक नर्तक भी थे.

277 शास्त्रीय परंपरा पर राजा चक्रधर सिंह द्वारा लिखा गया 32 किलोग्राम वजनी पुस्तक है?
(A) तालबल पुष्पाकर (B) भूर्जपरण पुष्पाकर
(C) नर्तन सर्वस्व (D) तालतोयनिधि

उत्तर–(D)

व्याख्या– रायगढ़ के राजा चक्रधर सिंह द्वारा तालतोय निधि नामक ग्रंथ की रचना की गई, इसका वजन 32 किलो है. तालबल पुष्पाकर, नर्तन सर्वस्व, राग रत्न मंजूषा आदि इनकी अन्य रचनाएं हैं.

278 दृश्य चित्र बनाने के लिए प्रसिद्ध चित्रकार हैं
(A) जनगण सिंह श्याम (B) आनंद सिंह श्याम
(C) देवेंद्र सिंह ठाकुर (D) निरंजन महावर

उत्तर–(C)

व्याख्या– देवेंद्र सिंह ठाकुर का संबंध दृश्य चित्रकारी से है।

279 प्रसिद्ध नाटक चरणदास चोर के निर्देशक हैं?
(A) अशोक मिश्र (B) हबीब तनवीर
(C) सफदर हाशमी (D) दाउ रामचन्द्र देशमुख

उत्तर–(B)

व्याख्या– नया थियेटर के संस्थापक हबीब तनवीर के द्वारा मृच्छकटिकम, चरणदास चोर, आगरा बाजार जैसे प्रसिद्ध नाटकों की प्रस्तुति दी गई.

280 छत्तीसगढ़ की कौन सी जनजाति सिरों पर भैंसों के सींग बांधकर गौर नृत्य करती है?

(A) गोंड (B) कोल

(C) माड़िया (D) कोवार

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में निवास करने वाले दंडामी माड़िया जनजाति द्वारा जात्रा पर्व के दौरान गौर नृत्य किया जाता है. यह मूलतः एक शिकार नृत्य है, जिसमें गौर के शिकार को नाट्य रूपांतरण के माध्यम से दर्शाया जाता है. इस दौरान गौर के सींग से निर्मित तथा कौड़ियों से सजी हुई मुकुट पहना जाता है.

281 बांस गीत किस जाति का प्रमुख गीत है?

(A) गोंड़ (B) हल्बा

(C) राउत (D) कुर्मी

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में राउत जाति के लोगों द्वारा बांस गीत का गायन किया जाता है, इसमें बांस से बने वाद्य का प्रयोग किया जाता है. कैजू राम यादव तथा नकुल इसके प्रमुख कलाकार है.

# लोक शिल्प

1 सरगुजा जिले की निम्नलिखित में से कौन सी जनजाति अपने धातु कला विशेष रुप से दीपक (चिमनी) के निर्माण के लिए प्रसिद्ध है?
(A) ओरांव (B) मलार
(C) पण्डो (D) कोरवा

*Vya. PHEH 2023*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सरगुजा जिले की मलार जनजाति अपने धातु कला के लिए प्रसिद्ध है।

2 घड़वा शिल्प बनाया जाता है :
1. पीतल से 2. कांसा से
3. रांगा से 4. लोहा से
निम्नलिखित विकल्पों में से सही उत्तर चुनिए:
(A) 1, 2 एवं 3 सही है (B) 1, 2 एवं 4 सही है
(C) 1, 3 व 4 सही है (D) 1, 3 व 4 सही है

*PSC ACF 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– घड़वा शिल्प धातु कला है जिसमें पीतल, कांसा, रांगा धातुओं से विभिन्न आकृतियाँ बनायी जाती है. घड़वा शिल्प बस्तर संभाग में प्रसिद्ध है.

3 प्रमोद साहू किस कला से संबंधित है?
(A) नृत्य (B) गायन
(C) संगीत (D) चित्र

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(D)

व्याख्या– प्रमोद साहू चित्रकला से संबंधित हैं.

4 झारा धातु कला इस राज्य के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र से संबंधित है–
(A) सरगुजा (B) बस्तर
(C) रायगढ़ (D) रायपुर

*Vya. DEAG 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– रायगढ़ जिले के झारा शिल्पकार अपने कांस्य शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध हैं. इसे झारा धातु कला के नाम से जाना जाता है.

5 कोंडागांव किसलिए प्रसिद्ध है?
(A) घड़वा शिल्प (B) लौह शिल्प
(C) काष्ठ शिल्प (D) बांस शिल्प
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कोंडागांव अपने घड़वा शिल्प कला के लिए प्रसिद्ध है. जयदेव बघेल कोंडागांव में इसके प्रमुख शिल्पकार रहे हैं.

6 कंडरा जनजाति का परम्परागत कार्य क्या है–
(A) बांस शिल्प (B) काष्ठ शिल्प
(C) कत्था निर्माण (D) लौह शिल्प
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. (ReExam) 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कंडरा, धनवार, कमार, मुड़िया आदि जनजातियां परम्परागत रूप से बांस शिल्प का कार्य करते हैं.

7 घड़वा कला किस जगह निर्मित होता है?
(A) बस्तर (B) राजनांदगांव
(C) रायगढ़ (D) सरगुजा
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD PPO 2017, PSC Sci off.2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र का घड़वा या ढोकरा शिल्प कला विश्व विख्यात है.

8 घड़वा शिल्प कौन सी है?
(A) मृण्मय मूर्ति (B) काष्ठ मूर्ति
(C) कांस्य मूर्ति (D) पाषाण मूर्ति
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Sericulture 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– घड़वा शिल्प मुख्यत: धातु शिल्प कला है जिसमें कांस्य मूर्ति बनायी जाती है, इसे बेल मेटल शिल्प भी कहा जाता है.

9 झारा शिल्पकारों द्वारा निर्मित शिल्प है?
(A) कांस्य शिल्प (B) बांस बर्तन
(C) मृण्य मूर्ति (D) काष्ठ शिल्प

*PSC ARTO – ADP 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– रायगढ़ जिले के झारा गांव के शिल्पकार अपने कांस्य शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध हैं.

10 काष्ठ शिल्प क्या है?
(A) लकड़ी की कारीगरी (B) बेल धातु कारीगरी
(C) मृदा नक्काशी कार्य (D) ताड्य लौह कारीगरी

*Vya. RBOS 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– लकड़ी पर कलात्मक शिल्पकारी को काष्ठ शिल्प के नाम से जाना जाता है.

11 जयदेव बघेल किस कार्य क्षेत्र से संबंधित थे?

(A) शिल्प (B) संगीत

(C) साहित्य (D) चिकित्सा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कोंडागांव के स्वर्गीय जयदेव बघेल घड़वा शिल्पकला के प्रमुख शिल्पकार रहे हैं.

12 घड़वा शिल्पकार कौन है?

(A) जयदेव बघेल (B) गोविन्द राम निर्मलकर

(C) झाडूराम देवांगन (D) श्रीनिवास विश्वकर्मा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– कोंडागांव के स्वर्गीय जयदेव बघेल घड़वा शिल्पकला के प्रमुख शिल्पकार रहे हैं.

13 गोदना शिल्पकार कौन है?

(A) मुरिया (B) बैगा

(C) ओझा (D) गदबा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ITI Principal 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की ओझा, देवार, वादी, भाट आदि जनजाति गोदना शिल्पकार के रूप में जानी जाती है.

14 निम्नलिखित में से किस नाम से इस राज्य के रायगढ़ जिले की धातु मूर्तिकला जानी जाती है?

(A) मलार (B) घड़वा

(C) झारा (D) तारा

*Vya. Hostel Sup. 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– रायगढ़ जिले के झारा शिल्पकार अपने कांस्य शिल्पकला के लिए प्रसिद्ध हैं. इसे झारा शिल्प के नाम से जाना जाता है.

15 इस राज्य की निम्नलिखित में से कौन सी शिल्पकला भ्रष्ट मोम पद्धति के उपयोग के लिए जानी जाती है–

(A) घड़वां शिल्प (B) लौह शिल्प

(C) प्रस्तर शिल्प (D) काष्ठ शिल्प

*PSC CMO Paper 2 2010, Vya. L.O./L.I. 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध घड़वा शिल्पकला में भ्रष्ट मोम पद्धति का प्रयोग होता है, जिसमें पिघली हुई धातु मोम का स्थान ले लेती है.

16 शिल्प गुरू राष्ट्रीय सम्मान किसे प्राप्त नहीं है?

(A) जयदेव बघेल (B) सोनाबाई

(C) सुंदरीबाई (D) गोविंदराम झारा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ABEO 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उपरोक्त विकल्पों में से सुन्दरी बाई को छोड़ अन्य सभी को शिल्प गुरु का राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुका है.

17 बस्तर की परम्परागत शिल्पकला के प्रसिद्ध शिल्पकार कौन है?

(A) नर्मदा सोनसाय (B) बेलगूर मंडावी

(C) आनंद सिंह श्याम (D) जयदेव बघेल

(E) गोविंदराम झारा

*PSC A Pre 2012*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कोंडागांव के स्वर्गीय जयदेव बघेल बस्तर के घड़वा शिल्पकला के प्रमुख शिल्पकार रहे हैं.

18 बेल धातु से निर्मित वस्तु को आमतौर पर ...... वस्तु कहते हैं–

(A) पिटवां लोहा (B) पीतल

(C) ढोकरा (D) इनमें से कोई नहीं

*Vya. ASO 2010*

उत्तर–(C)

व्याख्या– ढोकरा शिल्प कला को घड़वा शिल्प कला तथा बेल मेटल शिल्प के नाम भी जाना जाता है.

19 किस शिल्प में कलाकृतियों को मोम पर तैयार कर उसमें मिट्टी का लेप लगाकर भट्टी में पकाकर उसमें पिघली हुई पीतल धातु डालकर तैयार किया जाता है?

(A) ढोकरा शिल्प (B) रजवार शिल्प

(C) लौह शिल्प (D) कांस्य शिल्प

*PSC A QMains 2008*

उत्तर–(A)

व्याख्या– ढोकरा शिल्प छत्तीसगढ़ की विख्यात धातु शिल्पकला है, जिसमें कलाकृतियों का भ्रष्ट मोम पद्धति द्वारा निर्माण किया जाता है. कोंडागांव के जयदेव बघेल इस कला के विख्यात कलाकार रहे हैं.

# व्यंजन, आभूषण

1 सूची–I में दिए आभूषणों को सूची–II के मदों से सुमेलित कीजिए। कूट का प्रयोग करें।

| सूची – I | सूची – II |
|---|---|
| (a) सूतिया | (i) कलाई |
| (b) खोंचनी | (ii) बाल |
| (c) ऐंठी | (iii) कान |
| (d) लुरकी | (iv) गला |

कूट : (a) (b) (c) (d)

(A) (iv) (ii) (i) (iii)

(B) (iv) (i) (ii) (iii)

(C) (iv) (iii) (ii) (i)

(D) (iv) (i) (iii) (ii)

*PSC A Pre 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– शरीर के विभिन्न अंगों में पहने जाने वाले आभूषण है– गला – सूतिया, बाल – खोंचनी, कलाई – ऐंठी, कान – लुरकी।

2 बस्तर की जनजातीय महिलाएँ खिलवाँ कहाँ पहनती हैं?

(A) बाजू (B) कलाई

(C) कान (D) पैर

*PSC AD Agri. 2023*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर की जनजातिय महिलाएँ पैरो में खिलवाँ पहनती हैं।

3 छत्तीसगढ़ का स्वादिष्ट व्यंजन अइरसा बनाया जाता है–

(A) गेहूँ आटा और गुड़ (B) गेहूँ, चावल का आटा और गुड़

(C) चावल आटा और गुड़ (D) चावल आटा, दूध और गुड़

*Vya. CBAS 2023*

उत्तर–(C)

व्याख्या– अइरसा व्यंजन चावल आटा और गुड़ से बनाया जाता है।

4 चांदी से निर्मित कलदार आभूषण शरीर के किस अंग में पहना जाता है?

(A) गला (B) बांह

(C) कमर (D) कान

*Vya. CBAS 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– चांदी से निर्मित कलदार आभूषण गला में पहना जाता है।

5 छत्तीसगढ़ी व्यंजन पपची' या पपच' का स्वाद कैसा होता है?

(A) नमकीन (B) मीठा

(C) मसालेदार (D) तीखा

*Vya. S.I. Mains 2023*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ी व्यंजन पपची का स्वाद मीठा होता है।

6 भिंडी के लिए छत्तीसगढ़ी शब्द है :

(A) भेंड़ी (B) रमकेलिया

(C) भेंडी (D) लमकेरा

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– भिंडी के लिए छत्तीसगढ़ी शब्द है– रमकेलिया

7 रात के बचे हुए भात (पके हुए चावल) में पानी और मांड़ मिलाकर बनाया गया छत्तीसगढ़ी लोगों का मुख्य खाद्य पदार्थ क्या कहलाता है?

(A) पेज (B) सरबत

(C) पेय (D) बासी

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– रात के बचे हुए भात (पके हुए चावल) में पानी और मांड़ मिलाकर बनाया गया व्यंजन बासी कहलाता है.

8 इड़हर क्या है?

(A) दाल (B) खट्टी सब्जी

(C) कढ़ी (D) इनमें से कोई नहीं

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– इड़हर एक प्रकार की खट्टी सब्जी सब्जी है।

9 ककनी आभूषण किसमें पहनते हैं?

(A) गले में (B) हाथ में

(C) कमर में (D) पैरों में

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– ककनी आभूषण हाथ में पहनते हैं.

10 खुरमी पकवान किससे बनाया जाता है?

(A) आटे और गुड़ के मिश्रण से

(B) बेसन और गुड़ के मिश्रण से

(C) चावल के आटे और गुड़ के मिश्रण से

(D) सूजी एवं गुड़ के मिश्रण से

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– खुरमी पकवान आटे और गुड़ के मिश्रण से बनाया जाता है.

11 साँटी नाम का आभूषण शरीर के किस अंग में पहना जाता है?

(A) गले में (B) पैर में

(C) कलाई में (D) बाँह में

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– साँटी नाम का आभूषण पैर में पहना जाता है.

12 इस राज्य की परम्परागत गहनों को पांव से सिर के क्रम बतलाइये

1. ककनी 2. टोंड़ा

3. सूर्रा 4. पटिया

(A) 2 1 3 4 (B) 4 2 1 3

(C) 1 2 3 4 (D) 3 4 2 1

*Vya. SGST 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– गहनो का पांव से सर सही क्रम है– तोड़ा–पैर, ककनी–हाथ, सुर्रा–गला, पटिया–सिर

13 छत्तीसगढ़ में देहरौरी व्यंजन कब बनाया जाता है?

(A) दीपावली (B) विवाह

(C) नवाखाई (D) पितृपक्ष

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– देहरौरी रसगुल्ले का देसी रूप है जिसे दरदरे चांवल, दही से बनाया जाता है। यह व्यंजन खुशी के मौके पर बनाया जाता है।

14 खिनवां शरीर के किस अंग में धारण किया जाता है?

(A) नाक (B) कान

(C) अंगुली (D) गला

*PSC A Pre 2019, PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– खिनवां कान में धारण किया जाता है।

15 सुता ...... का आभूषण है?

(A) हाथ (B) कमर

(C) गले (D) कान

*PSC Homeo Librn Lectr 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सुता, सुतिया, पुतरी, संकरी, हंसली, हमेल आदि गले में पहने जाने वाले आभूषण हैं।

16 तसमई क्या है?

(A) खीर (B) हलवा

(C) पूरी (D) मालपुवा

*PSC Lib. Sp. Off 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– तसमई चावल से बना खीर की तरह एक मीठा व्यंजन होता है।

17 किस त्यौहार में पसहर चावल का उपयोग अनिवार्य होता है–

(A) नवरात्रि (B) रक्षाबंधन

(C) नवाखाई (D) खमरछठ

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– भादो माह के कृष्ण पक्ष षष्ठी को मनाये जाने वाले खमरछठ या हलषष्ठी पर्व में मां अपने पुत्र की लंबी आयु की कामना करती है। इसमें पसहर चावल का उपयोग अनिवार्य रूप से किया जाता है।

18 छत्तीसगढ़ में आभूषण पहुंची शरीर के किस अंग में पहनते हैं?

(A) पैर (B) हाथ

(C) गला (D) कान

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ACF 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– पहुंची नामक आभूषण हाथ में पहना जाता है। यह वजन में हल्का होता है।

19 इस राज्य की महिलाओं द्वारा पहने जाने वाला आभूषण खिनवा कहां पहनते हैं?

(A) कान (B) नाक

(C) पैर (D) अंगुली

*Vya. Van Kshetra 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– झुमका, ढ़ार, तरकी, खिनवा, करनफूल, लवंगफूल, तितरी, खूंटी आदि कान में पहने जाने वाले आभूषण हैं।

20 छत्तीसगढ़ी व्यंजन फरा किससे तैयार होता है?

(A) गेहूं के आटे से (B) चना के बेसन से

(C) मैदा से (D) उड़द के आटे से

(E) चावल के आटे से

*PSC A Pre CSAT 2015*

उत्तर–(E)

व्याख्या– व्यंजन फरा चावल के आटे से बनता है। यह मीठा तथा नमकीन दोनों प्रकार से बनाया जाता है। फरा को भाप में पकाया जाता है।

21 बनवरिया कहां पहना जाता है?

(A) गला (B) नाक

(C) कान (D) कलाई

(E) पैर

*PSC A Pre CSAT 2015*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बनवरिया छत्तीसगढ़ में महिलाओं द्वारा कलाई में पहने जाने वाला आभूषण है। यह आकार में खोखली होती है।

22 निम्न में से कौन सा आभूषण गला में पहनते हैं–

(A) ऐंठी (B) नांगमोरी
(C) सुतिया (D) तरकी
(E) करधनी

*PSC A Pre 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सुंता, सुतिया, पुतरी, संकरी, हंसली, हमेल आदि गले में पहने जाने वाले आभूषण हैं।

23 नांगमोरी किस अंग का आभूषण है–

(A) कलाई (B) गला
(C) अंगुली (D) नाक
(E) भुजा

*PSC A Pre 2014*

उत्तर–(E)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में महिलाएं अपनी कोहनी के ऊपर सर्पाकार आकृति का आभूषण पहनती हैं। जिसे नांगमोरी कहा जाता है।

24 कौन–सा छत्तीसगढ़ मिष्ठान राजीव लोचन मंदिर में प्रसाद के रूप में वितरित किया जाता है–

(A) पिड़िया (B) पपची
(C) खुरमी (D) करी लाड़ू
(E) आडसा

*PSC AB Engg. Ser. 2 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– राजिम के राजीव लोचन मंदिर में प्रसाद के रूप में पिड़िया नामक मिठाई दी जाती है।

25 फरा–मुठिया निम्न में से किससे बनाते हैं–

(A) गेहूँ आटा (B) बेसन
(C) चावल आटा (D) मक्का आटा
(E) तिखुर

*PSC AB Engg. Ser. 2 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में फरा चावल के आटे से बनता है। यह मीठा तथा नमकीन दोनों प्रकार से बनाया जाता है। फरा को भाप में पकाया जाता है।

26 बाजूबंद के लिए छत्तीसगढ़ी शब्द है–

(A) पड़री (B) कड़ा
(C) नांगमोरी (D) बनुरिया
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD IHS 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– नागमोरी बाजूबंद या बाजू में पहने जाने वाले आभूषण का एक प्रकार है।

27 गाय के गले में बांधी जाने वाली मोरपंख या पलाश की माला कहलाती है–

(A) सूंता (B) सुतई
(C) सुहई (D) सुर्रा
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD IHS 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में गाय के गले में सुहई नामक माला बांधी जाती है। जो मोर पंख या पलाश की बनी होती है।

28 बहुंटा का मतलब है–

(A) बहू के आभूषण (B) बाहुबल
(C) बांह में पहनने का आभूषण (D) बाहरी
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC RDA JAT 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बहुंटा एक प्रकार का खोखला बाजूबंद होता है। जो कि बांह में पहना जाता है।

29 छत्तीसगढ़ का एक आभूषण पुतरी शरीर के निम्न में से किस भाग में पहना जाता है

(A) गला (B) कान
(C) पैर (D) नाक
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में महिलाएं, पुरूष तथा बच्चे पुतरी नामक आभूषण गले में पहनते हैं।

30 छत्तीसगढ़ में पहुंची शरीर के किस अंग में पहनी जाती है–

(A) कलाई (B) बाहु
(C) कमर (D) पैर

*PSC A QMains 2011*

उत्तर–(B)

व्याख्या– पहुंची नामक आभूषण हाथ में पहना जाता है।

31 छत्तीसगढ़ी व्यंजन पपची का स्वाद होता है–

(A) नमकीन (B) मसालेदार
(C) मीठा (D) इनमें कोई नहीं

*PSC A QMains 2011*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में गेहूं व चावल के आटे तथा गुड़ से पपची बनाया जाता है। यह स्वाद में मीठा तथा कुरकुरा होता है।

32 **कौन सा आभूषण अन्य से भिन्न है–**

(A) सूंता (B) पुतरी

(C) हंसली (D) पहुंची

*PSC Asst Geologist 2011*

उत्तर–(D)

व्याख्या– सुंता, सुतिया, पुतरी, संकरी, हंसली आदि गले में पहने जाने वाले आभूषण है। जबकि पहुंची को हाथ में पहना जाता है।

33 **पपची के बारे में सही है–**

अ. यह छत्तीसगढ़ी मीठा व्यंजन है

ब. यह गेहूँ, चांवल के आटे एवं गुड़ से बनता है।

स. यह एक रसदार व्यंजन है।

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ, ब एवं स सही है। (B) अ एवं ब सही है।

(C) ब एवं स सही है। (D) अ एवं स सही है

*PSC Asst Geologist 2011*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में गेहूं व चावल के आटे तथा गुड़ से पपची बनाया जाता है। यह स्वाद में मीठा तथा कुरकुरा होता है।

34 **निम्नलिखित छत्तीसगढ़ी व्यंजन चांवल से बनाये जाते हैं–**

अ. ठेठरी ब. चौसेला

स. खुरमी द. अइरसा

उत्तर निम्न कूट के आधार पर चुनिये–

(A) अ एवं ब (B) ब एवं स

(C) अ एवं स (D) ब एवं द

*PSC AP 2009*

उत्तर–(D)

व्याख्या– ठेठरी, बेसन से निर्मित एक नमकीन व्यंजन है। खुरमी गेहूं के आटे से निर्मित मीठा व्यंजन है। जबकि चौसेला चावल के आटे, गुड़ से निर्मित घी में तला हुआ व्यंजन है। अइरसा चावल के आटे तथा गुड़ की चाशनी में बना मीठा व्यंजन है।

35 **छत्तीसगढ़ी व्यंजन जो गेहूँ से बनाये जाते हैं–**

1. खुरमी 2. बोबरा

3. अइरसा 4. चौसेला

निम्न कूट में से अपना उत्तर चुनिए–

(A) 1, एवं 2 (B) 2 एवं 3

(C) 1, एवं 3 (D) 2 एवं 4

*PSC AD IHS 2008*

उत्तर–(A)

व्याख्या– खुरमी गेहूं आटे से बना मीठा व्यंजन होता है। बोबरा भी गेहूं के आटे से बनाया जाता है, जबकि अइरसा तथा चौसेला को चावल के आटे व गुड़ से बनाया जाता है।

36 **छत्तीसगढ़ का निम्नलिखित में से कौन–सा व्यंजन खीर की तरह पकाया जाता है?**

(A) तसमई (B) पपची

(C) देहरौरी (D) फरा

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(A)

व्याख्या– तसमई चावल से बना खीर की तरह एक मीठा व्यंजन होता है।

37 **आभूषणों के संदर्भ में सत्य है–**

(A) बिरिया कमर में पहने जाने वाला आभूषण है

(B) जुगजुगी नाक में पहनते है

(C) लच्छा सिर पर धारण करते है

(D) उपरोक्त सभी

उत्तर–(B)

व्याख्या– बिरिया कान का, जुगजुगी नाक का तथा लच्छा पैरों का गहना है।

# पर्व, उत्सव

1 लक्ष्मी जगार पर्व किस जनजाति द्वारा मनाया जाता है?
(A) हल्बा (B) कोरवा
(C) भतरा (D) उरांव

*PSC RTI 2023–24*
उत्तर–(*)

व्याख्या– लक्ष्मी जगार पर्व बस्तर का लोकप्रिय पर्व है.

2 वैशाख शुक्ल पक्ष तृतीया को जनजातियों द्वारा कौन–सा त्यौहार मनाया जाता है?
(A) पुतरा – पुतरी विवाह (B) छेरछेरा
(C) नवाखाई (D) गोंचा त्यौहार

*PSC RTI 2023–24*
उत्तर–(A)

व्याख्या– वैशाख माह के शुक्ल पक्ष तृतीया को अविवाहित युवतियों द्वारा पुतरा–पुतरी विवाह का आयोजन किया जाता है.

3 'कप्पल पंडुम' किस जनजाति की स्त्रियाँ मनाती हैं?
(A) डोरला / दोरला (B) भतरा
(C) हल्बा (D) मुरिया

*PSC A Pre 2023*
उत्तर–(A)

व्याख्या– बारिश न होने पर दोरला जनजाति की महिलाएं कप्पल पण्डुम अर्थात् मेंढकों का त्यौहार मनाती है।

4 बस्तर में माटी तिहार कब मनाया जाता है?
(A) आषाढ़ माह में
(B) पौष माह में
(C) सावन माह की अमावस्या के दिन
(D) जेठ माह के अक्षय तृतीया के दिन

*PSC AD Agri. 2023*
उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर में माटी तिहार जेठ माह के अक्षय तृतीया के दिन मनाया जाता है।

5 सुआ नृत्य में मिट्टी से बने दो सुआ किनके प्रतीक है?
(A) प्रेमी और प्रेमिका (B) शिव और गौरी
(C) गणेश और गौरी (D) मनुष्य और दैत्य

*Vya. CBAS 2023*
उत्तर–(B)

व्याख्या– सुआ नृत्य में मिट्टी से बने सुआ शिव और गौरी के प्रतीक हैं।

6 शिवरीनारायण में मेला का आयोजन किस अवसर पर किया जाता है?
(A) माघपूर्णिमा (B) महाशिवरात्रि
(C) मकर संक्रांति (D) होली

*Vya. CBAS 2023*
उत्तर–(A)

व्याख्या– माघपूर्णिमा को शिवरीनारायण में मेले का आयोजन किया जाता है।

7 उरांव जनजाति के सदस्य सरहुल पुजा के लिये एकत्र होते हैं–
(A) साल वृक्ष के नीचे (B) किसी पहाड़ी पर
(C) शीशम वृक्ष के नीचे (D) तालाव के पास

*Vya. CBAS 2023*
उत्तर–(A)

व्याख्या– उरांव जनजाति के सदस्य सरहुल पुजा के लिये साल वृक्ष के नीचे एकत्र होते हैं।

8 इस राज्य में निम्नलिखित त्यौहार पर जलदान करने की परम्परा है–
(A) अक्ती (B) तीजा
(C) दशहरा (D) हरेली

*Vya. CBAS 2023*
उत्तर–(A)

व्याख्या– अक्ती या अक्षय तृतीया त्यौहार के अवसर पर जलदान करने की परम्परा है।

9 छत्तीसगढ़ के किस जिले में जनवरी 2023 में मकर संक्रांति के अवसर पर तातापानी' महोत्सव का आयोजन किया गया?
(A) कबीरधाम (B) बलरामपुर
(C) दुर्ग (D) रायपुर

*Vya. L.O./L.I. 2023*
उत्तर–(B)

व्याख्या– जनवरी 2023 में मकर संक्रांति के अवसर पर बलरामपुर जिले में तातापानी महोत्सव का आयोजन किया गया।

10 किस दिन छत्तीसगढ़ में छेरछेरा का पर्व मनाया जाता है?
(A) माघ मास की पूर्णिमा (B) पौष मास की अमावस्या
(C) पौष मास की पूर्णिमा (D) श्रावण मास की अमावस्या

*Vya. L.O./L.I. 2023*
उत्तर–(C)

व्याख्या– धान की नई फसल आने के अवसर पर पौष मास की पूर्णिमा को छेरछेरा पर्व मनाया जाता है।

11 जोगी बिठाई की रस्म बस्तर दशहरा में किसे कहा जाता है?
(A) मूर्तियों की स्थापना (B) रथ की ध्वज स्थापना
(C) मंदिर में कलश स्थापना (D) पूजारी की नियुक्ति

*Vya. L.O./L.I. 2023*
उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर दशहरा के दौरान जोगी बिठाई की रस्म में दंतेश्वरी मंदिर में कलश स्थापना की जाती है।

12 राउत नाचा किस प्रदेश के आदिवासी समुदाय का नृत्य है?

(A) राजस्थान (B) जम्मू कश्मीर
(C) असम (D) छत्तीसगढ़

*Vya. L.O./L.I. 2023*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में राउत जाति के लोगों द्वारा राउत नाचा किया जाता है।

13 'पुतरा पुतरी विवाह' किस महीने मनाया जाता है?

(A) बैसाख (B) सावन
(C) भाद्र (D) कुंवार

*Vya. MBD 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– पुतरा–पुतरी विवाह बैसाख महीने की शुक्ल पक्ष तृतीया को मनाया जाता है।

14 छत्तीसगढ़ का पर्व छेरछेरा पुन्नी निम्नलिखित माह के पूर्णिमा को मनाया जाता है–

(A) कार्तिक (B) पौष
(C) कुवार (D) माघ

*Vya. MBD 2023*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ का पर्व छेरछेरा पुन्नी पौष माह के पूर्णिमा को मनाया जाता है।

15 छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय रामायण महोत्सव 2023 का आयोजन कहां किया गया?

(A) रायपुर (B) रायगढ़
(C) चन्द्रखुरी (D) शिवरीनारायण

*Vya. MBS 2023*

उत्तर–(B)

व्याख्या– राष्ट्रीय रामायण महोत्सव 2023 का आयोजन रायगढ़ में किया गया।

16 चक्रधर समारोह कहां आयोजित होता है?

(A) रायगढ़ (B) कबीरधाम
(C) नारायणपुर (D) बलरामपुर

*Vya. MBS 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– चक्रधर समारोह प्रतिवर्ष रायगढ़ जिले में आयोजित होता है।

17 बस्तर की हल्बा, भतरा जनजातियों के द्वारा मनाया जाने वाला उत्सव बाली परब किस देव से संबंधित है?

(A) बुढ़ा देव (B) पांगुन देव
(C) आंगादेव (D) भीमा देव

*Vya. PHEH 2023*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर की हल्बा, भतरा जनजातियों के द्वारा मनाया जाने वाला बाली परब भीमा देव से संबंधित है।

18 बस्तर के तीजा जगार के पारम्परिक गीत प्रमुख रूप से निम्नलिखित में से किस लोक भाषा में गाए जाते हैं?

(A) गोंडी (B) हल्बी
(C) भतरी (D) दोर्ली

*Vya. PHEH 2023*

उत्तर–(B)

व्याख्या– बस्तर के तीजा जगार का गायन हल्बी भाषा में किया जाता है।

19 सोहर गीत किस अवसर पर गाया जाता है?

(A) शिशु जन्म के अवसर पर
(B) छठी के अवसर पर
(C) नामकरण संस्कार के अवसर पर
(D) विवाह के अवसर पर

*PSC A Pre 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– शिशु जन्म के अवसर पर छत्तीसगढ़ में सोहर गीत गाने की परंपरा है।

20 तीन माह तक चलने वाला त्यौहार 'बाली परब' किस जनजाति में मनाया जाता है?

(A) भतरा (B) परजा
(C) गदबा (D) हलबा

*PSC A Pre 2022*

उत्तर–(D)

व्याख्या– हल्बा जनजाति बाली परब मनाती है यह पर्व भीमा देव को समर्पित है।

21 सरहुल तथा करमा किस जनजाति के प्रमुख पर्व हैं?

(A) भील (B) ओराँव
(C) बैगा (D) कमार

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सरहुल तथा करमा ओराँव जनजाति के प्रमुख पर्व हैं.

22 छत्तीसगढ़ी में गोंड जनजाति में नई फसल के त्यौहार को किस नाम से बुलाते है?

(A) नवाखानी (B) नवातिहार
(C) नवई (D) सरहुल

*PSC ARO(Tribe) 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– गोंड जनजाति में नई फसल के त्यौहार को नवाखानी नाम से बुलाते है.

23 सिहावा जिला धमतरी में श्रृंगी ऋषि का मेला कब आयोजित होता है?

(A) माघ पूर्णिमा (B) मकर संक्रांति
(C) कार्तिक पूर्णिमा (D) चैत्र पूर्णिमा

*PSC ARTO 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– सिहावा जिला धमतरी में शृंगी ऋषि का मेला माघ पूर्णिमा में आयोजित होता है।

24 'छेरछेरा पुन्नी' त्यौहार किस फसल के घर आने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है–

(A) मक्का (B) धान
(C) तिलहन (D) उपरोक्त सभी

*PSC ITI Pri 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– 'छेरछेरा पुन्नी' त्यौहार धान फसल के घर आने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है.

25 महुआ फूल एकत्रित करने के लिए आदिवासी जब जंगल जाते हैं, तब कौन–सा त्यौहार मानते हैं?

(A) कारे पंडुम (B) उराड पंडुम
(C) हरेली (D) मड़ई

*PSC Mining 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– महुआ फूल एकत्रित करने के लिए आदिवासी जब जंगल जाते हैं, तब उराड पंडुम त्यौहार मानते हैं.

26 हरेली त्यौहार किस पर आधारित पर्व है?

(A) दशहरा (B) दीवाली
(C) कृषि (D) होली

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– हरेली त्यौहार कृषि पर आधारित पर्व है. यह सावन अमावस्या को मनाया जाता है।

27 छेरछेरा कब मनाया जाता है?

(A) फागुन पूर्णिमा (B) चैत्र माह की पूर्णिमा
(C) पौष माह की पूर्णिमा (D) शरद् पूर्णिमा

*PSC SO CMO 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पौष माह की पूर्णिमा को धान की नई फसल आने के पश्चात् छेरछेरा मनाया जाता है।

28 जगदलपुर में गोंचा पर्व का आयोजन किस महीने में होता है?

(A) आषाढ़ (B) सावन
(C) भादो (D) पौष

*Vya. ESC 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– आषाढ़ माह में जगदलपुर में गोंचा पर्व (रथ यात्रा) का आयोजन किया जाता है।

29 इस राज्य की परम्परा में संतान जन्म उत्सव के प्रारम्भ होने का सही क्रम है

i. ओली भरना ii. सधोरी
iii. छट्टी iv. कांकेपानी पिलाना

(A) iv i ii iii (B) i ii iii iv
(C) i ii iv iii (D) iii iv i ii

*Vya. FCFI 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– इस राज्य की परम्परा में संतान जन्म संबंधी उत्सव का सही क्रम है– ओली भरना > सधौरी > कांकेपानी पिलाना > छट्टी

30 इस राज्य में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तृतीय दिवस को मनाये जाने वाला त्यौहार है–

(A) तीजा (B) अक्ती
(C) हरेली (D) भोजली

*Vya. Patwari 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– इस राज्य में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष के तृतीय दिवस को अक्ती का त्यौहार मनाया जाता है.

31 हिन्दू कैलेन्डर के निम्न में से किस माह की पूर्णिमा को इस राज्य में प्रतिवर्ष 'छेरछेरा पून्नी' त्यौहार मनाया जाता है–

(A) माघ (B) पौष
(C) फाल्गुन (D) कार्तिक

*Vya. VAJ 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– हिन्दू कैलेन्डर के पौष माह की पूर्णिमा को इस राज्य में प्रतिवर्ष 'छेरछेरा पुन्नी' त्यौहार मनाया जाता है.

32 बस्तर दशहरा में विजयादशमी के दिन होने वाले कार्यक्रम का नाम है?

(A) भीतर रैनी (B) ओहाड़ी
(C) मावली परघाव (D) दशहरा जात्रा

*Vya. VDAG 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर दशहरा में विजयादशमी के दिन होने वाले कार्यक्रम का नाम भीतर रैनी है.

33 30–31 मार्च 2022 में छत्तीसगढ़ राज्य में कौनसा महोत्सव मनाया गया?

(A) सिरपुर महोत्सव (B) भोरमदेव महोत्सव
(C) राजिम कुंभ मेला (D) राष्ट्रीय आदिवासी डांस महोत्सव

*Vya. WRSE 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– 30–31 मार्च 2022 में छत्तीसगढ़ राज्य में भोरमदेव महोत्सव महोत्सव मनाया गया.

34 निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए

| त्यौहार | माह |
|---|---|
| (a) आमुस | (i) चैत |
| (b) सरहुल | (ii) क्वार |
| (c) नवाखाई | (iii) सावन |
| (d) दशहरा | (iv) भादो |

(a) (b) (c) (d)
(A) (iv) (iii) (ii) (i)
(B) (i) (ii) (iv) (iii)
(C) (iii) (i) (iv) (ii)
(D) (iii) (iv) (ii) (i)

*PSC A Pre 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– आमुस त्यौहार सावन माह में मनाया जाता है, सरहुल चैत्र माह की पूर्णिमा में साल वृक्ष में फूल आने के अवसर पर, नवाखाई भादो माह में नई फसल आने पर तथा दशहरा क्वार माह में मनाया जाता है.

35 छत्तीसगढ़ी में अक्षय तृतीया के समय कौन–सा पर्व मनाया जाता है?
(A) खमरछठ (B) पुतरा–पुतरी पर्व
(C) तुलसी पूजा (D) पोला पर्व

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– वैशाख माह शुक्ल पक्ष तृतीय को अक्षय–तृतीया अक्ती पर्व मनाया जाता है जिसमें पुतरा–पुतरी विवाह का आयोजन किया जाता है.

36 हरियाली अमावस्या को छत्तीसगढ़ी महिलाएं घर के मुख्य द्वार की दीवारों पर गोबर से क्या बनाती हैं?
(A) सवनाही (B) भित्तिचित्र
(C) पगचिन्ह (D) नोहडोरा

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– सावन माह की अमावस्या को मनाया जाने वाला हरेली पर्व में महिलाएँ घर के मुख्य द्वार पर गोबर से सवनाही का अंकन करती हैं.

37 वस्तर का प्रचलित 'डंडारी नृत्य' किस अवसर पर नाचा जाता है?
(A) दीपावली के अवसर पर (B) दशहरे के अवसर पर
(C) होली के अवसर पर (D) नवा खाई के अवसर पर

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– वस्तर क्षेत्र में राजा मुरिया, भतरा जनजाति द्वारा होली के अवसर पर डंडारी नृत्य किया जाता है.

38 सूची–1 में दिये गए लोकपर्व को सूची–2 में दिए माह से सुमेलित कीजिए :

| सूची–1 | सूची–2 |
|---|---|
| अ. गोवर्धन पूजा | 1.बैशाख |
| ब. छेरछेरा | 2.भादो |
| स. भोजली | 3.कार्तिक |
| द. अक्ति | 4.पौष |

कूट–
(A) अ.3, ब.4, स.2, द.1 (B) अ.1, ब.4, स.2, द.3
(C) अ.2, ब.4, स.3, द.1 (D) अ.4, ब.2, स.3, द.1

*PSC AD PPO 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– गोवर्धन पूजा कार्तिक माह में, छेरछेरा पौष माह की पूर्णिमा को नयी फसल आने पर, मित्रता का पर्व भोजली भादो कृष्ण पक्ष प्रथमा में जबकि अक्ती या अक्षय तृतीया या पुतरा–पुतरी पर्व वैशाख शुक्ल तृतीया माह में मनाया जाता है.

39 परशुराम ढोलकल महोत्सव, 2022 का आयोजन निम्न में से किस स्थान पर किया जाता है–
(A) नारायणपुर (B) फरसपाल
(C) दंतेवाड़ा (D) गीदम

*PSC ADH AR 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या–परशुराम ढोलकल महोत्सव, 2022 का आयोजन फरसपाल स्थान पर किया गया.

40 छत्तीसगढ़ का पहला पक्षी महोत्सव कहाँ आयोजित किया गया?
(A) बेलोदी–खुडमुडा (B) नथिया–नवागाँव
(C) गिधवा–परसदा (D) बुका–सतरेंगा

*PSC Registrar 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बेमेतरा जिले के गिधवा तथा परसदा गाँव में 31 जनवरी से 2 फरवरी 2021 तक छत्तीसगढ़ के प्रथम पक्षी महोत्सव का आयोजन किया गया.

41 वर्तमान में मैनपाट महोत्सव का आयोजन हुआ। आयोजन के सम्बन्ध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए –
(a) इस वर्ष (2021) 12 से 15 फरवरी तक 4 दिवसीय मैनपाट महोत्सव का आयोजन हुआ
(b) यह आयोजन रोपाखार जलाशय के पास किया गया
(c) राज्य सरकार द्वारा पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए वर्ष 2011 से मैनपाट में महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष किया जा रहा है
उपरोक्त कथनों में से सत्य कथन का चयन कीजिए :
(A) केवल (a) (B) केवल (b)
(C) केवल (c) (D) उपरोक्त सभी

*PSC Registrar 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– वर्ष 2021 में हुए मैनपाट महोत्सव के संदर्भ में कथन (B) सत्य है शेष कथन असत्य हैं.

42 बस्तर में 'दंतेश्वरी फागुन मड़ई' उत्सव कितने दिनों तक चलता है?

(A) 9 (B) 4

(C) 5 (D) 10

*Vya. AGDO 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर में दंतेश्वरी फागुन मड़ई का आयोजन 9 दिनों तक किया जाता है.

43 इस राज्य का 'अक्ति तिहार' किस महीने में मनाया जाता है?

(A) कार्तिक (B) माघ

(C) फागुन (फाल्गुन) (D) बैशाख

*Vya. MSI 2021*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बैशाख के माह में कुंवारी लड़कियों के द्वारा अक्ति तिहार मनाया जाता है.

44 निम्नलिखित मेलों को उसके माह से सुमेलित कीजिये।

| | |
|---|---|
| अ. चम्पारण मेला | 1. बैशाख |
| ब. सिरपुर मेला | 2. भाद्रपद |
| स. महाशिवरात्रि मेला | 3. माघ |
| द. जन्माष्टमी मेला रायगढ़ | 4. फाल्गुन |

(A) अ.1, ब.2, स.3, द.4 (B) अ.3, ब.1, स.4, द.2

(C) अ.3, ब.2, स.4, द.1 (D) अ.2, ब.1, स.3, द.4

*Vya. SGST 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– 1.चम्पारण मेला–माघ, 2. सिरपुर मेला–बैशाख 3.महाशिवरात्रि मेला–फाल्गुन, 4.जन्माष्टमी–भाद्रपद

45 इस राज्य में भाद्र पद के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाने वाला त्यौहार कौन–सा है?

(A) पोला (B) हरेली

(C) तीजा (D) भोजली

*Vya. VAPR 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में भादो माह के शुक्ल पक्ष तृतीया को तीजा मनाया जाता है.

46 इस राज्य में मनाया जाने वाला त्यौहार 'खमरछठ' (कमरछठ) की कथा किस धार्मिक ग्रन्थ से लिया गया है?

(A) रामायण (B) महाभारत

(C) स्कंदपुराण (D) गरूड़पुराण

*Vya. VAPR 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– कमरछठ की कथा को महाभारत से लिया गया है.

47 'बस्तर दशहरा' में मावली माई के विदाई सम्मान में अंतिम कार्यक्रम को क्या कहा जाता है?

(A) रैनी जात्रा (B) धनु कांडेया

(C) गंगा मूड़ा जात्रा (D) मावली परघाव

*Vya. VFM 2021*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर दशहरा का अंतिम कार्यक्रम गंगा मूड़ा जात्रा होता है.

48 इस राज्य में विवाह के अवसर पर 'मायमौरी' रस्म में क्या करते हैं?

(A) वर को मौर (पगड़ी) बांधना

(B) मातृ पूजन के लिए पकवान बनाना

(C) वधू की माँ के द्वारा वर के लिए उपहार भेजना

(D) वर पक्ष से वधू के लिये उपहार भेजना

*Vya. VFM 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में विवाह के अवसर पर मायमौरी रस्म में मातृ पूजा के लिए पकवान बनाया जाता है.

49 इस राज्य का पक्षी उत्सव किस जिले में आयोजित किया गया?

(A) कवर्धा (B) बेमेतरा

(C) धमतरी (D) रायगढ़

*Vya. VPR 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– बेमेतरा जिले में राज्य का प्रथम पक्षी उत्सव आयोजित किया गया.

50 बिलासपुर में राउत नाचा का प्रारंभ कब हुआ था?

(A) 1998 (B) 2001

(C) 2008 (D) 1978

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बिलासपुर में 1978 से राउत नाचा का आयोजन किया जा रहा है.

51 बहुरा चौथ का पर्व कब मनाया जाता है?

(A) भादो कृष्ण चतुर्थी (B) भादो शुक्ल चतुर्थी

(C) क्वार कृष्ण चतुर्थी (D) क्वार शुक्ल चतुर्थी

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बहुरा चौथ का पर्व भादो कृष्ण चतुर्थी को मनाया जाता है.

52 हलषष्ठी त्यौहार क्यों मनाया जाता है?

(A) अच्छी फसल के लिए (B) पति की दीर्घायु के लिए

(C) पुत्र की दीर्घायु के लिए (D) सुख–संपत्ति के लिए

*PSC A Pre 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– भादो कृष्ण पक्ष षष्ठी को माताओं द्वारा पुत्र की लंबी आयु के लिए हलषष्ठी या कमरछठ पर्व मनाया जाता है.

53 'फागुन मड़ई मेला' का आयोजन कहां होता है?

(A) चम्पारण (B) कोण्डागाँव

(C) राजनांदगाँव (D) राजिम

*PSC AD Agri 2020*

उत्तर–(B)

व्याख्या– बस्तर क्षेत्र को मड़ई का संसार कहा जाता है. 'फागुन मड़ई मेला' कोण्डागांव, मड़ई मेला राजनांदगांव एवं सर्वाधिक प्रसिद्ध मड़ई का नारायणपुर में आयोजन होता है.

54 'दियारी' त्यौहार में क्या किया जाता है?

(A) आम फसल के बाद पूजा (B) नई फसल आने पर पूजा

(C) पशुओं को खिलाना (D) धरती माता की पूजा

*PSC AD Jansampark 2020*

उत्तर–(C)

व्याख्या– 'दियारी' त्यौहार में पशुओं को खिचड़ी खिलाया जाता है.

55 किस त्यौहार के समय नर्तक 'राऊत नाचा' करते हैं?

(A) दशहरा (B) होली

(C) मकर संक्राति (D) दीवाली

*PSC Asst Geo etc 2020*

उत्तर–(D)

व्याख्या– दीवाली त्यौहार के समय नर्तक 'राऊत नाचा' करते हैं.

56 गंगा दशहरा हिन्दू पंचांग के अनुसार किस माह और तिथि में मनाया जाता है?

(A) ज्येष्ठ शुक्ल दशमी (B) चैत्र शुक्ल दशमी

(C) आश्विन शुक्ल दशमी (D) माघ शुक्ल दशमी

*PSC A Pre 2019, PSC A Pre 2018*

उत्तर–(A)

व्याख्या– गंगा दशहरा हिन्दू पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को मनाया जाता है.

57 धान देने की परंपरा किस त्यौहार से संबंधित है?

(A) छेरछेरा (B) दशहरा

(C) हरेली (D) पोला

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में नई फसल आने के पश्चात् पौष पूर्णिमा को छेरछेरा पर्व मनाया जाता है. जिसमें बच्चे घर–घर जाकर धान मांगते है.

58 तुपकी किस पर्व से संबंधित है?

(A) नवाखाई (B) दीवाली

(C) दशहरा (D) रथयात्रा

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(D)

व्याख्या– तुपकी, रथयात्रा (गोंचा) पर्व से संबंधित है.

59 काछन गादी किस पर्व से संबंधित अनुष्ठान है?

(A) गोंचा (B) हरेली

(C) दशहरा (D) होली

*PSC CMO 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– काछन गादी बस्तर दशहरा से संबंधित अनुष्ठान है. प्रसिद्ध बस्तर दशहरे की शुरूआत इस अनुष्ठान से होती है.

60 निम्न में से किस स्थान की मड़ई प्रसिद्ध है?

(A) नारायणपुर (B) जगदलपुर

(C) कांकेर (D) चारामा

*PSC CMO 2019, PSC A Pre 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– नारायणपुर की मड़ई प्रसिद्ध है.

61 छत्तीसगढ़ के किस त्यौहार को रथ महोत्सव कहा जाता है?

(A) तीजा महोत्सव (B) गोंचा महोत्सव

(C) भोरमदेव महोत्सव (D) मड़ई महोत्सव

*Vya. KADI 2019*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के गोंचा महोत्सव को रथ महोत्सव कहा जाता है.

62 बस्तर दशहरा के आयोजन की कुल अवधि कितने दिन की होती है?

(A) 105 दिन (B) 15 दिन

(C) 70 दिन (D) 75 दिन

*PSC A Pre 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– बस्तर दशहरा के आयोजन की कुल अवधि 75 दिनों की होती है, अपने लघुतम रूप में यह 13 दिनों तक मनायी जाती है.

63 जाजल्लदेव महोत्सव किस स्थान पर आयोजित होता है?

(A) कुरूद (B) कवर्धा

(C) जांजगीर (D) जशपुर

*PSC A Pre 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– जाजल्लदेव महोत्सव जांजगीर में आयोजित होता है.

64 बड़े भजन का रामनामी मेला किस माह में लगता है?

(A) पौष (B) माघ

(C) भादो (D) फागुन

*PSC A Pre 2018*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बड़े भजन का रामनामी मेला पौष माह में लगता है.

65 बस्तर में दशहरा के अवसर पर किसकी पूजा की जाती है?

(A) बमलेश्वरी देवी (B) दंतेश्वरी देवी

(C) चंद्रहासिनी देवी (D) महामाया देवी

*PSC AD Planning 2018*

उत्तर–(B)

व्याख्या– बस्तर में दशहरा के अवसर पर दंतेश्वरी देवी की पूजा की जाती है.

66 किस पर्व में कृषक बैलों को सजाते व पूजा करते हैं?

(A) दशहरा (B) होली

(C) हरेली (D) पोला

*PSC AD Survey 2018, PSC Lib. Sp. Off 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– पोला पर्व में कृषक बैलों को सजाते व पूजा करते हैं.

67 कौन अनुसूचित जनजाति करमा त्यौहार मनाते हैं?

(A) मुरिया (B) गदवा

(C) उरांव (D) भतरा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016, PSC Sci Off 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– उरांव जनजाति करमा त्यौहार मनाते हैं.

68 छेरछेरा त्यौहार किस माह में मनाया जाता है–

(A) चैत्र (B) सावन

(C) पौष (D) फाल्गुन

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Librarian 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छेरछेरा त्यौहार पौष माह में मनाया जाता है.

69 कौन सी परम्परा बस्तर दशहरा से संबंधित नहीं है–

(A) काछिन गादी (B) जोगी बिठाई

(C) पंचकोशी (D) मावली परघाव

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC YWO 2018*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पंचकोशी यात्रा बस्तर दशहरा से संबंधित नहीं है.

70 छत्तीसगढ़ में भादो अमावस्या को कौन सा त्यौहार मनाया जाता है–

(A) हरेली (B) पितृमोक्ष

(C) नवाखाई (D) पोला (पोरा)

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC YWO 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में भादो अमावस्या को पोला (पोरा) त्यौहार मनाया जाता है.

71 निम्न में से कौन सा माघ मेले से संबंधित स्थल नहीं है–

(A) राजिम (B) शिवरीनारायण

(C) सिरपुर (D) गिरौदपुरी

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC YWO 2018*

उत्तर–(D)

व्याख्या– गिरौदपुरी में फाल्गुन सुदी पंचमी से तीन दिवासीय मेला लगता है.

72 माटी त्यौहार किस संभाग की जनजातियाँ मनाती है?

(A) बस्तर संभाग (B) सरगुजा संभाग

(C) बिलासपुर संभाग (D) रायपुर संभाग

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– माटी त्यौहार बस्तर संभाग की जनजातियाँ मनाती है.

73 भोजली कब मनाते है–

(A) कमरछठ में (हलषष्ठी)

(B) आठे में (जन्माष्टमी)

(C) शरदीय नवरात्रि में

(D) कजरिया तीज (श्रावण कृष्ण पक्ष–3)

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*

उत्तर–(D)

व्याख्या– भोजली कजरिया तीज (श्रावण कृष्ण पक्ष–3) में मनाते है.

74 मातर त्यौहार कब मनाते हैं–

(A) होली के बाद (B) गोवर्धन पूजा के बाद

(C) पोला के बाद (D) दशहरा के बाद

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– मातर त्यौहार गोवर्धन पूजा के बाद मनाते हैं.

75 रथ दूज (रथयात्रा) कब मनाते है–

(A) भादो शुक्ल पक्ष द्वितीया (B) क्वांर शुक्ल पक्ष द्वितीया

(C) आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया (D) कार्तिक शुक्ल पक्ष द्वितीया

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*

उत्तर–(C)

व्याख्या– आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीया को रथ दूज (रथयात्रा) मनाते हैं.

76 **कमरछठ (हलषष्ठी) व्रत का उद्देश्य क्या है–**
(A) संतान की दीर्घायु (B) पति की दीर्घायु
(C) भाई की दीर्घायु (D) सम्पत्ति के लिए
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017*
उत्तर–(A)

व्याख्या– कमरछठ (हलषष्ठी) व्रत का उद्देश्य संतान की दीर्घायु है.

77 **प्रसिद्ध चक्रधर समारोह कहां मनाया जाता है–**
(A) रायपुर (B) बिलासपुर
(C) रायगढ़ (D) डोंगरगढ़
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2017, PSC CMO Paper 2 2010*
उत्तर–(C)

व्याख्या– चक्रधर समारोह रायगढ़ में मनाया जाता है.

78 **छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाएं अपने पति के दीर्घायु के लिए कौन सा व्रत करती है–**
(A) जन्माष्टमी (B) तीजा
(C) कमरछट (D) रामनवमी
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ACF 2017*
उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में विवाहित महिलाएं अपने पति के दीर्घायु के लिए तीजा में व्रत करती हैं.

79 **किस त्यौहार में, छत्तीसगढ़ के किसान अपने कृषि औजारों की पूजा करते हैं?**
(A) हरेली (B) दशहरा
(C) दीपावली (D) होली
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Sericulture 2017*
उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में धान बोवाई के बाद सावन अमावस्या के दिन हरेली त्यौहार मनाया जाता है, इसमें किसान अपने कृषि व लौह उपकरणों की पूजा करते हैं. इस त्यौहार के समय जादू–टोने की मान्यता भी है.

80 **छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार में किसकी पूजा करते हैं–**
(A) गाय (B) बैल
(C) भैंस (D) कृषि उपकरण
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AMO 2017*
उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में हरेली त्यौहार में कृषि उपकरण की पूजा करते हैं.

81 **कमर छट (हलषष्ठी) व्रत कौन रखती है?**
(A) कुंवारी कन्या (B) सुहागिन स्त्रियां
(C) संतानवती माताएं (D) विधवा महिलाएं
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ARTO – ADP 2017*
उत्तर–(C)

व्याख्या– संतानवती माताएं कमर छठ (हलषष्ठी) व्रत रखती हैं.

82 **किस त्यौहार में गौरी–गौरा विवाहोत्सव मनाते हैं?**
(A) तीजा (B) दशहरा
(C) दीपावली (D) होली
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ARTO – ADP 2017*
उत्तर–(C)

व्याख्या– दीपावली के त्यौहार में गौरी–गौरा विवाहोत्सव मनाते हैं.

83 **बस्तर में गोंचा पर्व कब मनाते हैं?**
(A) आषाढ़ मास (B) भादो मास
(C) कार्तिक मास (D) फाल्गुन मास
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ARTO – ADP 2017, ABEO 2013, Pre 2014*
उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर में गोंचा पर्व आषाढ़ मास में मनाते हैं.

84 **बस्तर का दशहरा कितने दिनों तक चलता है?**
(A) 85 (B) 80
(C) 75 (D) 70
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Lib. Sp. Off 2017*
उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर का दशहरा 75 दिनों तक चलता है.

85 **अक्ति का त्यौहार कब मनाया जाता है?**
(A) वैशाख (B) श्रावण
(C) भाद्र (D) अश्विन
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC Lib. Sp. Off 2017*
उत्तर–(A)

व्याख्या– अक्ति का त्यौहार वैशाख माह में मनाया जाता है.

86 इस राज्य का निम्नलिखित में से कौन–सा लोकनाट्य उत्तर प्रदेश की रासलीला से अधिक प्रभावित है?

(A) चंदैनी–गोंदा (B) रहस

(C) नाचा (D) गम्मत

*Vya. Ameen 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य का लोक नाट्य रहस, उत्तर प्रदेश की रासलीला से अधिक प्रभावित है.

87 इस राज्य का श्रृंगी ऋषि मेला किस स्थान पर लगता है?

(A) राजिम (B) सिहावा

(C) बानबरद (D) नगपुरा

*Vya. Chemist 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– श्रृंगी ऋषि मेला सिहावा नगरी में लगता है. यहाँ से महानदी का उद्‌गम भी हुआ है.

88 इस राज्य में निम्नलिखित में से कौन–सा मेला वर्ष में दो बार आयोजित किया जाता है?

(A) बम्लेश्वरी मेला (B) दन्तेश्वरी मेला

(C) राजिम कुंभ मेला (D) खल्लारी मेला

*Vya. ETOS 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में बम्लेश्वरी मेला नवरात्रि के अवसर पर वर्ष में दो बार आयोजित किया जाता है.

89 छत्तीसगढ़ में अच्छी फसल के लिए मानसून हेतु कौन सा त्यौहार मनाया जाता है, जिसमें देवी कुटकी दाई की पूजा–अर्चना की जाती है?

(A) हरेली (B) मड़ई

(C) भगोरिया (D) नवाखाई

*Vya. RBOS 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में अच्छी फसल के लिए मानसून हेतु हरेली त्यौहार मनाया जाता है, जिसमें देवी कुटकी दाई की पूजा–अर्चना की जाती है.

90 मेघनाद पर्व से संबंधित कौन सी जनजाति है?

(A) बैगा (B) गोंड़

(C) अबुझमाड़िया (D) दोरला

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– मेघनाद पर्व से गोंड़ जनजाति से संबंधित है.

91 सरहुल त्यौहार कौन सी जनजाति मनाते हैं?

(A) उरांव (B) कमार

(C) बैगा (D) गोंड़

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– सरहुल त्यौहार उरांव जनजाति मनाते हैं.

92 बस्तर अंचल में मावली परघाव किस त्यौहार से संबंधित है?

(A) बीज पंडुम (B) दशहरा

(C) चैत परब (D) मड़ई

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– मावली परघाव बस्तर अंचल में मनाये जाने वाले दशहरा पर्व से संबंधित है.

93 किस त्यौहार में स्त्रियां निर्जला उपवास करती है?

(A) पोला (B) रामनवमी

(C) जन्माष्टमी (D) गणेश चतुर्थी

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(E)

व्याख्या– तीज में स्त्रियां निर्जला उपवास करती है.

94 कौन सी अनुसूचित जनजाति ककसार परब मनाते हैं?

(A) कमार (B) अबूझमाड़िया

(C) बैगा (D) पहाड़ी कोरवा

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– अबूझमाड़िया जनजाति ककसार परब मनाते हैं.

95 बाली परब कौन मनाते हैं?

(A) हल्बा (B) उरांव

(C) कमार (D) कंवर

*PSC AP 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बाली परब हल्बा जनजाति के लोग मनाते हैं.

96 बस्तर में माटी तिहार कब मनाते हैं?

(A) चैत्र (B) अषाढ़

(C) भादो (D) कार्तिक

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर में माटी तिहार चैत्र माह में मनाते हैं.

97 गोंचा परब किस जिले के अनुसूचित जनजाति मनाते हैं?

(A) सरगुजा (B) बिलासपुर

(C) रायपुर (D) बस्तर

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AP Engg 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– गोंचा परब बस्तर के अनुसूचित जनजाति मनाते हैं.

98 रहस नृत्य किस त्यौहार में करते हैं?

(A) दीपावली (B) जन्माष्टमी

(C) होली (D) नवरात्रि

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ITI Principal 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– रहस नृत्य होली त्यौहार में करते हैं.

99 छत्तीसगढ़ के ग्रामों में आल्हा कब गाते हैं?

(A) वर्षा ऋतु (B) शीत ऋतु

(C) ग्रीष्म ऋतु (D) उपर्युक्त सभी

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ITI Principal 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के ग्रामों में आल्हा वर्ष भर गाते हैं.

100 सरगुजा संभाग की जनजातियां करमा त्यौहार कब मनाते हैं?

(A) आषाढ़ माह (B) भादो माह

(C) कार्तिक माह (D) चैत्र माह

*PSC ITI Principal 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सरगुजा संभाग की जनजातियां करमा त्यौहार भादो माह में मनाती हैं.

101 राजिम कुंभ मेला कब लगता है?

(A) माघ पूर्णिमा (B) माघ अमावस्या

(C) पौष पूर्णिमा (D) कार्तिक पूर्णिमा

*Vya. Hostel Sup. 2016*

उत्तर–(A)

व्याख्या– राजिम कुंभ मेला माघ पूर्णिमा को लगता है तथा इसका समापन महाशिवरात्रि को होता है. इसे राजिम पुन्नी मेला के नाम से जाना जाता है.

102 सन् 1978 से इस राज्य के किस स्थान पर राउत नाचा महोत्सव आयोजित होता है?

(A) रायपुर (B) बिलासपुर

(C) जगदलपुर (D) राजनांदगांव

*Vya. Hostel Sup. 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सन् 1978 से बिलासपुर में राउत नाचा महोत्सव आयोजित होता है.

103 कौन–सी तीज इस राज्य की अविवाहित लड़कियों द्वारा बैसाख माह में मनायी जाती है?

(A) हरियाली (B) हरतालिका

(C) हलछट (D) इनमें से कोई नहीं

*Vya. Patwari 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– अरवा तीज वैशाख माह में अविवाहित लड़कियों के द्वारा मनाई जाती है.

104 निम्नलिखित में से किस तिथि को इस राज्य में गिरौदपुरी मेले का आयोजन किया जाता है?

(A) कार्तिक पूर्णिमा (B) माघ पूर्णिमा

(C) चैत्र पंचमी (D) फाल्गुन पंचमी

*Vya. POWS 2016*

उत्तर–(D)

व्याख्या– फाल्गुन पंचमी को राज्य में गिरौदपुरी मेले का आयोजन किया जाता है.

105 पौष माह की पूर्णिमा के दिन इस राज्य में निम्नलिखित में से कौन सा त्यौहार मनाया जाता है?

(A) हरतालिका (B) नवाखाई

(C) छेरछेरा (D) हरेली

*Vya. SDAG 2016, L.O./L.I. 2015, PSC AD PPO 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– पौष माह की पूर्णिमा के दिन छेरछेरा त्यौहार मनाया जाता है.

106 बस्तर दशहरा का प्रारम्भ इनमें से किस देवी की पूजा की जाती है?

(A) दंतेश्वरी देवी (B) महामाया देवी

(C) काछिन देवी (D) माणिक्य देवी

*Vya. Van Kshetra 2016*

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर दशहरा का प्रारम्भ काछिन देवी की पूजा (काछन गादी) की जाती है.

107 मातर त्यौहार कौन मनाते हैं–

(A) कृषक (B) यादव (राऊत)

(C) मछुआरा (D) बुनकर

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC A Pre 2015*

उत्तर–(B)

व्याख्या– यादव (राऊत) मातर त्यौहार मनाते हैं.

108 देवउठनी किस माह में मनाते हैं–

(A) माघ (B) बैसाख

(C) फाल्गुन (D) कार्तिक

(E) अगहन

*PSC A Pre 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– देवउठनी या कार्तिक प्रबोधिनी एकादशी कार्तिक माह में मनाते हैं.

109 गोबर–बोहरानी का प्रचलन है–

(A) मकड़ी विकास खण्ड (B) फरसगांव विकास खण्ड
(C) छिन्दगढ़ विकास खण्ड (D) कटेकल्याण विकास खण्ड
(E) बस्तर विकास खण्ड

*PSC AB Engg. Ser. 2 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– गोबर–बोहरानी पर्व छिन्दगढ़ विकासखण्ड में प्रचलित पर्व है.

110 रायपुर साहित्य महोत्सव 12–14 दिसम्बर 2014 किस स्थान पर आयोजित हुआ–

(A) शहीद स्मारक
(B) पं. रविशंकर शुक्ल वि.वि. सभागार
(C) पुरखौती मुक्तांगन
(D) प्रशासनिक अकादमी
(E) अंबेडकर भवन

*PSC AB Engg. Ser. 2 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– रायपुर साहित्य महोत्सव 12–14 दिसम्बर 2014 पुरखौती मुक्तांगन में आयोजित हुआ.

111 निम्न में कौन सा पर्व छत्तीसगढ़ से सम्बंधित है?

(A) गोंचा (B) जोंजबील मेला
(C) बैशागु (D) बोहाग बिहू
(E) चोमांगकन

*PSC AD IHS 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– गोंचा पर्व छत्तीसगढ़ से सम्बंधित है. बस्तर क्षेत्र की जनजातियां यह पर्व आषाढ़ माह में मनाती है.

112 छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित उत्सव नहीं है–

(A) गोंचा (B) चंपारण मेला
(C) मंदाड (D) भोरमदेव उत्सव
(E) संकरनी

*PSC Librarian 2014*

उत्तर–(E)

व्याख्या– संकरनी उत्सव छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित नहीं है.

113 नवरात्रि के दौरान महासमुंद में मनाया जाने वाला मेला है–

(A) माँ बमलेश्वरी मेला (B) राजिम मेला
(C) शिवरीनारायण मेला (D) नारायणपुर मेला
(E) खल्लारी मेला

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(E)

व्याख्या– नवरात्रि के दौरान महासमुंद में खल्लारी मेला लगता है.

114 कोरवा जनजाति का मुख्य त्योहार है–

(A) मटर (B) जेठवानी
(C) पोला (D) नवाखानी
(E) कक्सार

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कोरवा जनजाति का मुख्य त्यौहार नवाखानी है.

115 छत्तीसगढ़ का एक त्यौहार नहीं है–

(A) बस्तर दशहरा (B) भोरमदेव महोत्सव
(C) बस्तर लोकोत्सव (D) मड़ाई त्यौहार
(E) बिहू त्यौहार

*PSC RDA 2014*

उत्तर–(E)

व्याख्या– बिहू असम का प्रमुख नृत्य है.

116 छत्तीसगढ़ में पुतरा–पुतरी विवाह का आयोजन किस तिथि पर किया जाता है?

(A) माघ पूर्णिमा (B) कार्तिक शुक्ल एकादशी
(C) जन्माष्टमी (D) वैशाख शुक्ल तृतीया
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ABEO 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में पुतरा–पुतरी विवाह का आयोजन वैशाख शुक्ल तृतीया पर किया जाता है.

117 राजिम मेला का समापन कब होता है?

(A) रामनवमी (B) अक्षय तृतीया
(C) महाशिवरात्रि (D) कार्तिक पूर्णिमा
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC ABEO 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– राजिम मेला माघ पूर्णिमा से भरता है तथा इसका समापन महाशिवरात्रि को होता है.

118 छत्तीसगढ़ में खमरछट व्रत निम्नलिखित में से किस उद्देश्य से रखा जाता है?

(A) घर की सुरक्षा (B) पशुधन में वृद्धि
(C) अच्छी फसल (D) पुत्र की आयु वृद्धि

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– खमरछट व्रत पुत्र की दीर्घायु के लिए रखा जाता है.

119 छत्तीसगढ़ के निम्नलिखित में से किस त्यौहार के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा घर के बाहर गोबर से प्रेत का चित्र बनाया जाता है?

(A) दीपावली
(B) मातर
(C) गोवर्धनपूजा
(D) हरेली
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के हरेली त्यौहार के अवसर पर ग्रामीणों द्वारा घर के बाहर गोबर से प्रेत का चित्र बनाया जाता है.

120 छत्तीसगढ़ में आदिवासी लोक महोत्सव किस स्थान पर कब मनाया जाता है?

(A) जगदलपुर, 20 नवम्बर
(B) सरगुजा, 21 जनवरी
(C) सोनाखान, 10 दिसम्बर
(D) बस्तर, 1 नवम्बर
(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AD Agri AVS AD Fish 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– सोनाखान में प्रतिवर्ष 10 दिसम्बर को आदिवासी लोक महोत्सव मनाया जाता है.

121 छत्तीसगढ़ में किसानों का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार निम्नलिखित में से कौन सा है?

(A) हरेली
(B) भोजली
(C) तीजा
(D) बहुरा–चौथ

*PSC AD PPO 2013, PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में किसानों का सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार हरेली है.

122 माह दिसम्बर 2013 में इस राज्य का कौन–सा चक्रधर समारोह आयोजित किया जाएगा–

(A) उन्नीसवां
(B) अट्ठाइसवां
(C) तीसवां
(D) उपरोक्त में से कोई नहीं

*Vya. Food Ins 2013*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सितंबर 2019 में आयोजित हुए चक्रधर समारोह का क्रम 35वां था.

123 अबूझमाड़िया आदिवासियों का प्रमुख पर्व है–

(A) गोंचा
(B) धेरसा
(C) ककसार
(D) करमा
(E) दियारी

*PSC A Pre 2012*

उत्तर–(C)

व्याख्या– ककसार अबूझमाड़िया आदिवासियों का प्रमुख पर्व है.

124 सूची–अ (मेले) को सूची–ब (तिथियां) से सुमेलित कीजिए–

| सूची–अ | सूची–ब |
|---|---|
| अ. राजिम मेला | 1.कार्तिक पूर्णिमा |
| ब. महादेव मेला | 2. रामनवमी |
| स. डभरा मेला | 3. बसंत पंचमी |
| द. कुटीघाट मेला | 4. माघ पूर्णिमा |

(A) अ.1, ब.2, स.3, द.4
(B) अ.2, ब.3, स.4, द.1
(C) अ.3, ब.4, स.1, द.2
(D) अ.4, ब.1, स.2, द.3

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(D)

व्याख्या– सुमेलित है– राजिम मेला–माघ पूर्णिमा, महादेव घाट मेला–कार्तिक पूर्णिमा, डभरा मेला–रामनवमी, कुटीघाट मेला–बसंत पंचमी

125 छत्तीसगढ़ के कबीरपंथी प्रतिवर्ष माघ पूर्णिमा को निम्नलिखित स्थानों पर मेले का आयोजन करते हैं–

अ. कुदुरमाल
ब. गिरौदपुरी
स. दामाखेड़ा
द. खरौद

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ एवं ब
(B) ब एवं स
(C) अ एवं स
(D) ब एवं द

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कुदुरमाल (कोरवा) एवं दामाखेड़ा (सिमगा) में माघ पूर्णिमा पर कबीरपंथियों के विशाल मेले आयोजित होते है.

126 निम्न में कौन–सा कथन छत्तीसगढ़ के छेरछेरा पर्व के संबंध में सत्य नहीं है–

(A) यह पौष पूर्णिमा को मनाया जाता है
(B) दस दिन बच्चे घर घर जाकर धान एकत्र करते हैं
(C) इस अवसर पर कृषि उपकरणों की पूजा होती है
(D) इस दिन लड़कियां सुआ नृत्य करती है

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(C)

व्याख्या– कृषि उपकरणों की पूजा हरेली के अवसर पर होती है.

127 पर्यटन के उन्नयन के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा निम्नलिखित उत्सव आयोजित किये जाते हैं–

अ. भोरमदेव उत्सव
ब. नगपुरा उत्सव
स. सिरपुर उत्सव
द. बारसूर उत्सव

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ एवं ब
(B) ब एवं स
(C) अ एवं स
(D) ब एवं द

*PSC CMO Paper 2 2010*

उत्तर–(C)

व्याख्या– भोरमदेव महोत्सव तथा सिरपुर महोत्सव का आयोजन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा पर्यटन उन्नयन के लिए किया जाता है.

128 छत्तीसगढ़ के लोकप्रिय एवं मूल पर्व निम्नलिखित है–

अ. छठ | ब. हरेली

स. छेरछेरा | द. नवाखाई

सही उत्तर चुनिये–

(A) अ एवं ब | (B) ब एवं स

(C) अ एवं स | (D) ब एवं द

*PSC Mining Ins 2010*

उत्तर–(B)

व्याख्या– हरेली एवं छेरछेरा छत्तीसगढ़ अंचल के लोकप्रिय मूल पर्व है.

129 निम्नलिखित में से कौन सी जोड़ी (छत्तीसगढ़ में मेले एवं उनकी तिथि) सुमेलित नहीं है–

(A) गिरौदपुरी मेला– फाल्गुन सुदी

(B) महादेव घाट मेला– कार्तिक पूर्णिमा

(C) शिवरीनारायण मेला– आषाढ़ अमावस्या

(D) राजिम मेला– माघ पूर्णिमा

*PSC AP 2009*

उत्तर–(C)

व्याख्या– शिवरीनारायण का मेला माघ पूर्णिमा पर लगता है.

130 कौन सी जोड़ी (खेलकूद एवं त्यौहार) सुमेलित है–

(A) फुगरी– हरेली | (B) कुश्ती– नागपंचमी

(C) बैलगाड़ी दौड़– छेरछेरा | (D) रस्साखींच– अक्ती

*PSC AP 2009*

उत्तर–(B)

व्याख्या– कुश्ती नागपंचमी से तथा बैलगाड़ी दौड़ पोरा से संबंधित खेल है.

131 कौन–सी जोड़ी (मेला/ उत्सव–स्थान) सुमेलित नहीं है?

(A) दशहरा उत्सव– जगदलपुर | (B) कुंभ मेला– राजिम

(C) लाखा चाऊर– खरौद | (D) खल्लारी उत्सव– महासमुंद

*PSC A QMains 2008*

उत्तर–(C)

व्याख्या– खरौद के लक्ष्मणेश्वर मंदिर में लाखा चाऊर चढ़ाने की परंपरा है फिर भी आयोग ने इसे गलत सुमेलित माना है.

132 कौन सी जोड़ी (राजकीय उत्सव एवं स्थान) सुमेलित है–

(A) भोरमदेव उत्सव – राजनांदगांव

(B) सिरपुर महोत्सव – महासमुन्द

(C) लोक मड़ई – बिलासपुर

(D) रामगढ़ उत्सव – रायगढ़

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(B)

व्याख्या– सुमेलित है– भोरमदेव उत्सव–कवर्धा, सिरपुर महोत्सव–महासमुन्द, लोक मड़ई–राजनांदगांव, रामगढ़ उत्सव–अम्बिकापुर

133 भादो मास में छत्तीसगढ़ में मनाये जाने वाले निम्नलिखित में से किस त्यौहार में विवाहित स्त्रियां अपने मायके जाकर उपवास रखती है–

(A) गौरी–गौरा | (B) तीजा

(C) छेरछेरा | (D) हरेली

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(B)

व्याख्या– भादो मास में छत्तीसगढ़ में मनाये जाने वाले तीजा त्यौहार में विवाहित स्त्रियां अपने मायके जाकर उपवास रखती है.

134 शिवरीनारायण मेला किस माह में आयोजित होता है?

(A) कार्तिक अमावस्या | (B) महाशिवरात्रि

(C) देव उठनी एकादश | (D) माघ पूर्णिमा

उत्तर–(D)

व्याख्या– शिवरीनारायण का प्रसिद्ध मेला माघ पूर्णिमा से आरंभ होकर महाशिवरात्रि तक चलता है। यह मेला अपनी जाति पंचायतों के कारण भी महत्वपूर्ण है, यहां विभिन्न जाति समाजों की सालाना पंचायतें होती हैं।

135 मेला एवं तिथि/माह के संबंध में कौन सा/से विकल्प सुमेलित है/हैं?

1. बड़े भजन का रामनवमी मेला– पौष माह

2. महादेव घाट का मेला, रायपुर– महाशिवरात्रि

3. कुदुरमाल का मेला– चैत्र पूर्णिमा

4. पोरथ धाम संक्रांति मेला– कार्तिक पूर्णिमा

(A) 1 | (B) 1, 2

(C) 1, 2, 3 | (D) 1, 2, 3, 4

उत्तर–(A)

व्याख्या– सुमेलित है– 1. बड़े भजन का रामनवमी मेला – पौष माह, 2. महादेव घाट का मेला, रायपुर – कार्तिक पूर्णिमा, 3. कुदुरमाल का मेला – माघ पूर्णिमा, 4. पोरथ धाम संक्रांति मेला – मकर संक्रांति

136 सुमेलित करें–

| सूची–1 मेला | सूची–2 स्थान |
|---|---|
| a. गढ़वासला चैतरई | 1. महासमुंद |
| b. करिया घुरवा | 2. सूरजपुर |
| c. लोकमड़ई | 3. राजनांदगांव |
| d. कुदरगढ़ | 4. कांकेर |

(A) a.1, b.2, c.4, d.3 | (B) a.2, b.1, c.4, d.3

(C) a.4, b.1, c.3, d.2 | (D) a.4, b.2, c.1, d.3

उत्तर–(C)

व्याख्या– 1. गढ़वासला चैतरई – कांकेर, 2. करिया घुरवा – महासमुंद, 3. लोकमड़ई – राजनांदगांव, 4. कुदरगढ़ – सूरजपुर

137 निम्न पर्वों को मनाए जाने के आधार पर पहले से बाद के क्रम में रखिए (हिन्दी माह के प्रारंभ से)

| | |
|---|---|
| 1. तीजा | 2. आखा तीज |
| 3. खमरछठ | 4. बहुरा चौथ |
| 5. मातर | 6. गंगा दशमी |
| 7. छेरछेरा | 8. आंवला नवमी |

(A) 1, 3, 5, 4, 2, 7, 6, 8 (B) 2, 4, 3, 1, 5, 6, 7, 8
(C) 2, 6, 4, 3, 1, 5, 8, 7 (D) 2, 6, 4, 3, 5, 8, 7, 1

उत्तर–(C)

व्याख्या– सही क्रम है – आखा तीज, गंगा दशमी, बहुरा चौथ, खमरछठ, तीजा, मातर, आंवला नवमी, छेरछेरा

138 सिरपुर महोत्सव का आयोजन कब किया जाता है?
(A) बुद्ध पूर्णिमा (B) माघ पूर्णिमा
(C) कार्तिक पूर्णिमा (D) वैशाख पूर्णिमा

उत्तर–(A)

व्याख्या– सिरपुर महोत्सव का आयोजन बुद्ध पूर्णिमा में किया जाता है.

140 बस्तर के दशहरा उत्सव की समाप्ति होती है–
(A) मुड़िया दरवार से (B) रथ यात्रा से
(C) रावण वध से (D) रामचंद्र की पूजा से

उत्तर–(A)

व्याख्या– वस्तर के दशहरा उत्सव की समाप्ति मुड़िया दरवार से होती है.

141 मिट्टी के बैल की पूजा कब होती है
(A) हरेली (B) पोला
(C) अक्ती (D) हलषष्ठी

उत्तर–(B)

व्याख्या– मिट्टी के वैल की पूजा पोला त्यौहार में होती है.

142 निम्न में से कौन सा पर्व छत्तीसगढ़ का मूलत: नहीं है?
(A) हरेली (B) पोला
(C) छेरछेरा (D) ओणम

उत्तर–(D)

व्याख्या– ओणम पर्व छत्तीसगढ़ का मूलत: नहीं है.

143 बस्तर दशहरा में विजयादशमी के दिन होने वाले कार्यक्रम का नाम है?
(A) भीतर रैनी (B) ओहाड़ी
(C) मावली परघाव (D) दशहरा जात्रा

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर दशहरा के विभिन्न कार्यक्रमों का क्रम है– काछिनगादी (अश्विन अमावस्या), जोगी बिठाई (अश्विन शुक्ल प्रथमा), रथ परिक्रमा (द्वितीया–सप्तमी), निशा जात्रा (अष्मी), मावली परघाव (नवमी), भीतरी रैनी (दशमी), बाहरी रैनी (एकादशी), मुरिया दरबार (द्वादशी), ओहाड़ी (त्रयोदशी)।

144 सेवागीत का गायन कब किया जाता है?
(A) होली के समय (B) दीपावली के समय
(C) नवरात्रि के समय (D) पोला में

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ में नवरात्रि के समय सेवागीत का गायन किया जाता है।

145 कजरिया तीज कब मनाया जाता है?
(A) भाद्र कृष्ण पक्ष तृतीया (B) भाद्र शुक्ल पक्ष तृतीया
(C) सावन कृष्ण पक्ष तृतीया (D) सावन शुक्ल पक्ष तृतीया

उत्तर–(A)

व्याख्या– कजरिया तीज भाद्र कृष्ण पक्ष तृतीया को मनाया जाता है।

146 बस्तर के दशहरा पर्व पर रथ किनके द्वारा खींचा जाता है?
(A) पंडित (B) घोड़े
(C) स्थानीय आदिवासी (D) वैश्य समुदाय

उत्तर–(C)

व्याख्या– बस्तर के दशहरा पर्व पर रथ स्थानीय आदिवासी खींचते हैं.

147 किस पर्व में सूर्यदेव एवं धरती माता का प्रतीकात्मक विवाह रचाया जाता है–
(A) सरहूल (B) भीमा जतरा
(C) करमा (D) गोबर बोहरानी

उत्तर–(A)

व्याख्या– सरहूल पर्व में सूर्यदेव एवं धरती माता का प्रतीकात्मक विवाह रचाया जाता है

148 हरेली का त्यौहार कब मनाया जाता है?
(A) सावन मास की अमावस्या को
(B) पौष मास की पूर्णिमा के दिन
(C) वैशाख मास की अमावस्या को
(D) चैत्र मास के शुक्ल पक्ष में

उत्तर–(A)

व्याख्या– हरेली का त्यौहार सावन मास की अमावस्या को मनाया जाता है.

149 राउत नाचा किस त्यौहार के आसपास मनाया जाता है?
(A) दीपावली (B) दशहरा
(C) होली (D) नागपंचमी

उत्तर–(A)

व्याख्या– राउत नाचा दीपावली त्यौहार के आसपास मनाया जाता है.

150 छेर–छेरा किससे संबंधित है?
(A) दीपावली (B) होली
(C) नयी फसल कटने पर (D) पोला

उत्तर–(C)

व्याख्या– नयी फसल कटने पर छेर–छेरा त्यौहार मनाया जाता है.

151 जंवारा गीत मुख्यतः किस पर्व पर गाते हैं?

(A) दीपावली (B) गणेश चतुर्थी

(C) दशहरा (D) नवरात्र

उत्तर–(D)

व्याख्या– जंवारा गीत नवरात्र पर गाते हैं.

152 बस्तर का मड़ई मेला किस पर्व के बाद प्रारंभ होता है?

(A) दीपावली के बाद (B) होली के बाद

(C) शिवरात्रि के बाद (D) रामनवमी के बाद

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर का मड़ई मेला दीपावली पर्व के बाद प्रारंभ होता है.

153 असत्य कथन है–

(A) चरू जतरा में भूमि पूजन के दौरान गांव के समस्त पुरूष, महिलाएं व बच्चे शामिल होते है

(B) दियारी त्यौहार का संबंध माहरा जाति के थोरई व पशुधन से है

(C) अमुंस त्यौहार सावन माह में मनाया जाता है तथा यह पशुधन से संबंधित है जिसमें पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य के लिए उन्हें औषधि खिलाया जाता है

(D) मड़ई के दौरान जनजाति अपने सांस्कृतिक क्रियाओं के प्रदर्शन के अलावा जीवन साथी का चयन भी कर सकते हैं

उत्तर–(A)

व्याख्या– चरू जतरा में आदिवासी अपनी कृषि भूमि की पूजा करते हैं, इस पर्व में महिलाएं शामिल नहीं होती।

154 भंगाराम जात्रा का आयोजन कहां किया जाता है?

(A) जगदलपुर (B) नारायणपुर

(C) कोण्डागांव (D) दंतेवाड़ा

उत्तर–(C)

व्याख्या– कोण्डागांव में भंगाराम जात्रा का आयोजन किया जाता है। भादो माह में आयोजित यह उत्सव जन अदालत के स्वरूप का होता है जिसमें देवी–देवताओं के कार्यो का आकलन तथा दंड का प्रावधान होता है।

155 परशुराम ढोलकल महोत्सव, 2022 का आयोजन निम्न में से किस स्थान पर किया गयौ?

(A) नारायणपुर (B) फरसपाल

(C) पत्थलगाँव (D) गीदम

उत्तर–(B)

व्याख्या– परशुराम ढोलकल महोत्सव, 2022 का आयोजन दंतेवाड़ा जिले के फरसपाल में किया गया।

156 बस्तर में रथ पर्व को क्या कहा जाता है?

(A) गोंचा पर्व (B) भगोरिया पर्व

(C) नागा पर्व (D) पिढ़ा पर्व

उत्तर–(A)

व्याख्या– बस्तर में रथ पर्व को गोंचा पर्व कहा जाता है.

# राज्य निर्माण एवं प्रतीक

1 सही जोड़ी बनाइए–

| सूची–I (संस्था) | सूची–II (संबंधित व्यक्ति) |
|---|---|
| (a) छत्तीसगढ़ सुधी संघ | (I) ठाकुर प्यारेलाल सिंह |
| (b) छत्तीसगढ़ शोषण विरोधी संघ | (II) डॉ. खूबचंद बघेल |
| (c) छत्तीसगढ़ महासभा | (III) पवन दीवान |
| (d) पृथक छत्तीसगढ़ पार्टी | (IV) पं. शिवदास पाण्डेय |

नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें–

(A) a.IV, b.II, c.III, d.I (B) a.II, b.I, c.III, d.IV

(C) a.II, b.IV, c.I, d.III (D) a.IV, b.I, c.II, d.III

*Vya. THS 2024*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ निर्माण से संबंधित प्रमुख संस्थाएं निम्नलिखित हैं–

छत्तीसगढ़ सुधी संघ– छत्तीसगढ़ के राजाओं, जमींदारों, मालगुजारों, गौटियाओं, वकील आदि ने मिलकर इसकी स्थापना की जिसका मंत्री पं. शिवदास पाण्डेय को बनाया गया।

छत्तीसगढ़ शोषण विरोधी संघ– 1946 में ठाकुर प्यारेलाल सिंह ने स्थापित किया।

छत्तीसगढ़ महासभा– 1956 को डॉ. खूबचंद बघेल की अध्यक्षता में राजनांदगांव में आयोजित सम्मेलन में इसका गठन किया गया।

पृथक छत्तीसगढ़ पार्टी– 1983 में संत पवन दीवान ने इस राजनीतिक दल का गठन किया।

2 छत्तीसगढ़ राज्य की प्रथम कल्पना किसने की थी?

(A) पंडित सुंदरलाल शर्मा (B) डॉ. खूबचंद बघेल

(C) पंडित रविशंकर शुक्ल (D) इनमें से कोई नहीं

*Vya. Astt. Teacher 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– 1918 में सर्वप्रथम पं. सुंदरलाल शर्मा ने छत्तीसगढ़ की रूप रेखा प्रस्तुत की, उन्हें पृथक छत्तीसगढ़ के स्वप्नदृष्टा कहा जाता है।

3 छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के लिये मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक 9 अगस्त 2000 को निम्नलिखित के द्वारा पारित किया गया था।

(A) राज्यसभा (B) लोकसभा

(C) मध्य प्रदेश विधान सभा (D) राष्ट्र

*Vya. S.I. Mains 2023*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक को राज्यसभा में 3 अगस्त 2000 को प्रस्तुत किया गया तथा 9 अगस्त 2000 को पारित किया गया।

4 छत्तीसगढ़ी का राज्य दिवस किस दिन मनाया जाता है?

(A) 1 जनवरी (B) 1 अप्रैल

(C) 1 नवंबर (D) 1 दिसंबर

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस प्रतिवर्ष 1 नवंबर को मनाया जाता है.

5 गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ को राज्य का प्रतीक वाक्य कब बनाया गया?

(A) 5 जून, 2019 (B) 5 जून, 2020

(C) 5 जून, 2021 (D) 5 जून, 2022

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ को राज्य का प्रतीक वाक्य 5 जून, 2019 को बनाया गया.

6 छत्तीसगढ़ी के राजकीय गीत के रचयिता कौन है?

(A) डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा (B) डॉ. ओमप्रकाश वर्मा

(C) डॉ. के. एल. वर्मा (D) डॉ. एम. वर्मा

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ी के राजकीय गीत के रचयिता डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा है।

7 छत्तीसगढ़ राज्य का राजकीय पक्षी है :

(A) तोता (B) पहाड़ी मैना

(C) गौरैया (D) मैना

*PSC Peon 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य का राजकीय पक्षी बस्तर की पहाड़ी मैना (ग्रेकुला रिलीजिओसा पेनिनसुलेरिस) है.

8 छत्तीसगढ़ भारत का स्थापना के आधार पर कौन से क्रम का राज्य है–

(A) 25 (B) 26

(C) 27 (D) 28

*Vya. VAJ 2022*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ भारत का स्थापना के आधार पर 26वें क्रम का राज्य है.

9 छत्तीसगढ़ राज्य के राजकीय चिन्ह में क्या अंकित है?

(A) वन भैंसा (B) छत्तीसगढ़ का नक्शा

(C) राजिम मंदिर का शिखर (D) अशोक स्तम्भ

*PSC AB Engg. Ser. 2021*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य के राजकीय चिन्ह में अशोक स्तम्भ अंकित है.

10 छत्तीसगढ़ में किसे राजकीय वृक्ष कहा जाता है?

(A) सागौन (B) साल

(C) बीजा (D) शीशम

*PSC Registrar 2021*

उत्तर–(B)

व्याख्या– साल या शोरिया रोबस्टा को छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष कहा जाता है।

11 छत्तीसगढ़ का राज्य वृक्ष क्या है?

(A) साल वृक्ष (B) सागौन वृक्ष

(C) पीपल वृक्ष (D) वट वृक्ष

*Vya. VPR 2021*

उत्तर–(A)

व्याख्या– साल या सरई छत्तीसगढ़ का राजकीय वृक्ष है।

12 'अरपा पैरी के धार महानदी है अपार........' राज्यगीत के रचयिता कौन हैं?

(A) डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा (B) डॉ. ओम प्रकाश वर्मा

(C) डॉ. केशरी लाल वर्मा (D) श्री धनीराम वर्मा

*PSC ACF 2020*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के राज्य गीत अरपा पैरी के धार.....के रचयिता डॉ. नरेन्द्र देव वर्मा हैं।

13 छत्तीसगढ़ का राज्य क्षेत्र निम्नांकित अधिनियमों में से किसका परिणाम है?

(A) राज्य पुनर्गठन अधिनियम

(B) राजस्थान और मध्यप्रदेश (राज्य क्षेत्र अंतरण) अधिनियम

(C) मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम

(D) उपर्युक्त में से किसी का नहीं

*PSC A Pre 2019*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ का राज्य का गठन मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 का परिणाम है।

14 छत्तीसगढ़ के नामकरण का प्रचलन छत्तीस ........ के आधार पर है?

(A) जातियों (B) किलों

(C) बोलियों (D) रीति–रिवाजों

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(B)

व्याख्या– शिवनाथ नदी की उत्तर तथा दक्षिण में स्थित 18–18 गढ़ या किलों के आधार पर छत्तीसगढ़ का नामकरण हुआ है।

15 नया रायपुर का नामकरण अटल नगर कब किया गया?

(A) जुलाई 2018 (B) अगस्त 2018

(C) सितम्बर 2018 (D) अक्टूबर 2018

*PSC AD Jansampark 2019*

उत्तर–(B)

व्याख्या– नया रायपुर का नामकरण अटल नगर अगस्त 2018 में किया गया। वर्तमान में इसे नवा रायपुर अटल नगर के नाम से जाना जाता है।

16 छत्तीसगढ़ का राज्य पक्षी है?

(A) गरूड़ (B) पहाड़ी मैना

(C) कबूतर (D) हंस

(E) तोता

*PSC ARO APO 2014, Mains 2008, Vya. DM Markfed 2017*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ का राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना है, इसका प्राणी शास्त्रीय नाम ग्रेकुला रिलीजियोसा पेनिनसुलेरिस है।

17 छत्तीसगढ़ राज्य कब अस्तित्व में आया था?

(A) 1 नवम्बर, 2000 (B) 9 नवम्बर, 2000

(C) 10 नवम्बर, 2000 (D) 15 नवम्बर, 2000

(E) 1 जनवरी, 2000

*PSC ARO APO 2014, Mining 2014, Pre 2003, Pre 2011, Vya. Pre B Ed 2010, RBOS 2017, DM Markfed 2017*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य 1 नवंबर 2000 को अस्तित्व में आया, इसके पूर्व में यह मध्य प्रदेश का हिस्सा था।

18 प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गीत अरपा पैरी के धार ........ के रचयिता कवि कौन हैं?

(A) हरि ठाकुर (B) नरेन्द्र देव वर्मा

(C) भालचन्द्र राव तैलंग (D) डॉ. हनुपंत नायडू

(E) इनमें से कोई नहीं

*PSC AB Engg. Ser. 2016*

उत्तर–(B)

व्याख्या– प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गीत 'अरपा पैरी के धार .......' के रचयिता कवि नरेन्द्र देव वर्मा हैं। राज्योत्सव 2019 में शासन द्वारा इसे राज्यगीत घोषित किया गया है।

19 छत्तीसगढ़ का मानचित्र निम्न में किससे मिलता है–

(A) समुद्री घोड़ा (सी हार्स) (B) हिप्पोपोटामस

(C) स्टार फिश (D) नाव

*PSC Mining Ins 2010, Vya. Acct Markfed 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ का मानचित्र सी हॉर्स मछली से मिलता जुलता है।

20 स्वतंत्रता के पश्चात् इस राज्य की देशी रियासतें को कब भारतीय संघ में सम्मिलित किया गया–

(A) 1 जनवरी 1948 (B) 15 अगस्त 1947

(C) 26 जनवरी 1950 (D) 1 नवम्बर 1956

*Vya. Acct Markfed 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– स्वतंत्रता के पश्चात् इस राज्य की देसी रियासतों को भारतीय संघ में 1 जनवरी 1948 तक सम्मिलित कर लिया गया। इसके लिए छत्तीसगढ़ में कार्टसिल ऑफ एक्शन इन छत्तीसगढ़ स्टेट्स नामक समिति की स्थापना की गई थी, जिसके अध्यक्ष ठाकुर प्यारेलाल सिंह थे।

21 इस राज्य के लिए पुनर्गठन विधेयक लोकसभा में कब पारित हुआ–

(A) 20 दिसम्बर 1996 (B) 31 जुलाई 2000

(C) 21 जुलाई 1998 (D) 1 नवम्बर 2000

*Vya. AMM 2015*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के पुनर्गठन विधेयक को लोकसभा से 31 जुलाई 2000 को पारित किया गया। 9 अगस्त 2000 को राज्यसभा ने इसे एक संशोधन के साथ (छत्तीसगढ़ में राज्यसभा सीटों से संबंधित) पारित कर दिया गया जिसे 10 अगस्त को लोकसभा ने स्वीकृति प्रदान की।

22 भारत का धान का कटोरा किस राज्य को कहते हैं–

(A) छत्तीसगढ़ (B) झारखण्ड

(C) उड़ीसा (D) गुजरात

*Vya. L.O./L.I. 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ को भारत का धान का कटोरा की संज्ञा दी जाती है।

23 2000 में कौन–कौन से 3 राज्य बने–

(A) छत्तीसगढ़, झारखण्ड, उत्तराखंड

(B) छत्तीसगढ़, उड़ीसा, मध्यप्रदेश

(C) कर्नाटक, केरल, छत्तीसगढ़

(D) छत्तीसगढ़, झारखण्ड, बिहार

*Vya. L.O./L.I. 2015*

उत्तर–(A)

व्याख्या– वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़, झारखंड तथा उत्तराखंड राज्य बने थे।

24 इनमें से कौन छत्तीसगढ़ का राज्य वृक्ष है?

(A) पीपल (B) बरगद

(C) साल (सरई) (D) शीशम

(E) नीम

*PSC ARO APO 2014, Mining 2014,*
*Vya. S.I. Pre 2005, Sahayak Samparikshak 2013,*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य का राज्य वृक्ष साल या सरई है, इसका वैज्ञानिक नाम शोरिया रोबस्टा है।

25 मध्यप्रदेश से अलग होते समय मूलतः छत्तीसगढ़ में ...... जिले थे।

(A) 14 (B) 16

(C) 18 (D) 12

*PSC ARO APO 2014, PSC ACF 2003*

उत्तर–(B)

व्याख्या– मध्य प्रदेश से अलग होते हुए छत्तीसगढ़ में मूलतः 16 जिले थे। यह 16 जिले तीन प्रशासनिक संभागों में बंटे हुए थे।

26 छत्तीसगढ़ ब्रदरहुड एसोसिएशन बनाई गई:

(A) खूब चंद बघेल द्वारा (B) विम्बाजी भोंसले द्वारा

(C) वीर नारायण सिंह द्वारा (D) चंदूलाल चंद्राकर द्वारा

(E) घासीदास द्वारा

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ ब्रदर हुड एसोसिएशन या छत्तीसगढ़ भातृ संघ खूबचंद बघेल द्वारा बनाई गई संस्था का नाम है।

27 छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा शुरू किया गया:

(A) खूब चंद बघेल द्वारा (B) दया शंकर शुक्ला द्वारा

(C) शंकर गुहा नियोगी द्वारा (D) शिव दत्त शास्त्री द्वारा

(E) केदार नाथ ठाकुर द्वारा

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा शंकर गुहा नियोगी ने शुरू किया था।

28 छत्तीसगढ़ का गठन किस अधिनियम के अंतर्गत हुआ?

(A) राज्य पुनर्गठन अधिनियम

(B) नए राज्यों के कानून

(C) जन प्रतिनिधित्व अधिनियम

(D) छत्तीसगढ़ गठन अधिनियम

(E) मध्य प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(E)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य का गठन मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम 2000 द्वारा हुआ था।

29 मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ भागों को मिलाकर 1861 में निर्मित केन्द्रीय प्रांत की राजधानी:

(A) संबलपुर (B) रायपुर

(C) नागपुर (D) बिलासपुर

(E) जबलपुर

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ भागों को मिलाकर 1861 में निर्मित केंद्रीय प्रांत की राजधानी नागपुर थी।

30 छत्तीसगढ़ के प्रथम साहित्यिक व्यक्ति जिन्होंने सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ शब्द का प्रयोग किया, वे हैं:

(A) सुंदरलाल शर्मा (B) धनी धरमदास

(C) दलपत राम राव (D) वीर नारायण सिंह

(E) माधवराव सप्रे

*PSC Mining 2014*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग संभवतः खैरागढ़ राज्य के राजा लक्ष्मी निधि के चारण कवि दलराम राव ने 1487 में किया था।

31 छत्तीसगढ़ का निर्माण किसे काटकर हुआ–
(A) उत्तरप्रदेश (B) मध्यप्रदेश
(C) आन्ध्रप्रदेश (D) अरूणाचल प्रदेश
(E) हिमाचल प्रदेश

*PSC RDA 2014*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ का निर्माण मध्यप्रदेश को काटकर किया गया है।

32 छत्तीसगढ़ भारत का ...... राज्य है–
(A) 23वां (B) 24वां
(C) 25वां (D) 26वां
(E) 27वां

*PSC RDA 2014, PSC ACF 2007, Vya. S.I. Pre 2012, Mandal Sanyojak 2008*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ भारत का 26 वां राज्य है।

33 स्वतंत्रता के पूर्व छत्तीसगढ़ निम्न में से किस प्रान्त का भाग था–
(A) मध्यप्रान्त (B) मध्यप्रदेश
(C) मध्य भारत (D) मध्य देश

*PSC Naap Taul 2013*

उत्तर–(A)

व्याख्या– स्वतंत्रता के पहले छत्तीसगढ़ राज्य मध्य प्रांत का भाग था।

34 इस राज्य के गठन के समय कौन सी पंचवर्षीय योजना लागू थी–
(A) 7वीं (B) 8वीं
(C) 9वीं (D) 10वीं

*Vya. AM Industry 2013*

उत्तर–(C)

व्याख्या– राज्य के गठन के समय 9वीं पंचवर्षीय योजना लागू थी।

35 इस राज्य में बने मंत्रालय भवन को निम्नलिखित नाम दिया गया है–
(A) सतपुड़ा (B) विन्ध्याचल
(C) इन्द्रावती (D) महानदी

*Vya. AM Industry 2013*

उत्तर–(D)

व्याख्या– कैपिटल कांपलेक्स का निर्माण अटल नगर में किया गया है। इस कैपिटल कांपलेक्स में स्थित मंत्रालय एवं सचिवालय भवन का नाम महानदी तथा विभागाध्यक्ष भवन का नाम इंद्रावती है।

36 छत्तीसगढ़ का क्षेत्रफल की दृष्टि से कौन सा स्थान है–
(A) 9 (B) 10
(C) 13 (D) 14

*PSC Civil Judge 2003, Vya. Food Ins 2007, S.I. Mains 2012*

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य का क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत के राज्यों में स्थान – 9वां।

37 पृथक छत्तीसगढ़ राज्य के लिए जनवरी 1956 में डॉ. खूबचंद बघेल ने निम्नलि में से कौन सा संगठन स्थापित किया था–
(A) छत्तीसगढ़ पंचायत (B) छत्तीसगढ़ महासभा
(C) छत्तीसगढ़ मोर्चा (D) छत्तीसगढ़ संघर्ष समिति

*PSC Asst Geologist 2011*

उत्तर–(B)

व्याख्या– डॉ खूबचंद बघेल द्वारा जनवरी 1956 में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ महासभा नामक संगठन स्थापित किया गया था।

38 निम्नलिखित कथन पढ़िये–
अ. छत्तीसगढ़ पूर्व में मध्यप्रदेश का दक्षिण पूर्वी भाग था
ब. प्राचीन काल में इसे दक्षिणापथ कहा जाता था
स. छत्तीसगढ़ की अपनी पृथक सांस्कृतिक पहचान है
सही उत्तर चुनिये–
(A) अ, ब एवं स सही है (B) अ एवं ब सही है
(C) ब एवं स सही है (D) अ एवं स सही है

*PSC Mining Ins 2010*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य गठन से पूर्व मध्य प्रदेश का दक्षिण–पूर्वी भाग था। छत्तीसगढ़ राज्य की अपनी पृथक सांस्कृतिक पहचान है। जबकि प्राचीन काल में इसे दक्षिणापथ नहीं बल्कि दक्षिण कोसल कहा जाता था।

39 छत्तीसगढ़ महासभा का गठन हुआ था–
(A) 1952 में (B) 1954 में
(C) 1956 में (D) 1958 में

*Vya. S.Karmi 2009*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ महासभा का गठन 28 जनवरी 1956 को डॉ खूबचंद बघेल की अध्यक्षता में राजनांदगांव में हुआ था। इसके महासचिव दशरथ चौबे थे तथा केयूर भूषण व हरि ठाकुर अन्य प्रमुख नेता थे।

40 छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की धारणा सर्वप्रथम इनके मस्तिष्क में उभरी–
(A) माधव राव सप्रे (B) वामन राव लाखे
(C) पंडित सुंदर लाल शर्मा (D) रामप्रसाद पोटाई

*Vya. S.Karmi 2009*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की धारणा सर्वप्रथम पंडित सुंदरलाल शर्मा के मस्तिष्क में उभरी थी। उन्हें छत्तीसगढ़ का प्रथम संकल्पनाकार भी कहा जाता है। उन्होंने 1918 में छत्तीसगढ़ राज्य का एक स्पष्ट रेखा चित्र खींचा था।

41 1924 में छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की सर्वप्रथम प्रस्तुति की गई थी–
(A) रायपुर जिला कांग्रेस समिति द्वारा
(B) रायगढ़ जिला कांग्रेस समिति द्वारा
(C) दुर्ग जिला कांग्रेस समिति द्वारा
(D) बिलासपुर जिला कांग्रेस समिति द्वारा

*Vya. S.Karmi 2009*

उत्तर–(A)

व्याख्या– 1924 में रायपुर जिला कांग्रेस समिति द्वारा संकल्प पारित कर छत्तीसगढ़ राज्य के गठन की सर्वप्रथम मांग की गई थी।

---

42 निम्न में कौनसा कथन छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण से संबंधित नहीं है?
(A) 18 मार्च, 1994 को म.प्र. विधानसभा में छत्तीसगढ़ पृथक राज्य प्रस्ताव पारित हुआ।
(B) 23 जनवरी 1997 को छत्तीसगढ़ महाबंद का आयोजन हुआ।
(C) 1 सित.1998 को मध्यप्रदेश विधानसभा ने मध्यप्रदेश पुनर्गठन विधेयक पारित किया।
(D) 29 अगस्त, 2000 को राष्ट्रपति ने मध्यप्रदेश राज्य पुनर्गठन विधेयक को स्वीकृति दी।

*PSC A QMains 2008*

उत्तर–(C)

व्याख्या– 1 सितंबर 1998 को मध्यप्रदेश विधानसभा ने राष्ट्रपति द्वारा भेजे गए मध्य प्रदेश पुनर्गठन विधेयक 1998 में लगभग 40 संशोधनों के साथ इसे राष्ट्रपति को वापस भेजा था।

---

43 निम्नलिखित में से कौन सा कथन छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण प्रक्रिया से संबंधित नहीं है–
(A) मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधिनियम को मध्यप्रदेश विधानसभा ने 15 जुलाई 2000 को पारित किया।
(B) मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधि. लोकसभा में 31 जुलाई, 2000 को पारित हुआ।
(C) मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधि. राज्यसभा ने 9 अगस्त, 2000 को पारित किया।
(D) मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधि. पर राष्ट्रपति ने 25 अगस्त, 2000 को हस्ताक्षर किये।

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(A)

व्याख्या– मध्यप्रदेश पुनर्गठन अधि. लोकसभा में 31 जुलाई, 2000 को पारित हुआ, यह राज्यसभा में 9 अगस्त, 2000 को पारित हुआ तथा इस पर राष्ट्रपति ने 25 अगस्त, 2000 को हस्ताक्षर किये।

---

44 डॉ. खूबचंद बघेल, तत्कालीन राज्य सभा के सदस्य ने 1967 में पृथक छत्तीसगढ़ की मांग हेतु निम्न में से कौन सा संगठन स्थापित किया था–

| | |
|---|---|
| (A) छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा | (B) छत्तीसगढ़ भ्रातृत्व संघ |
| (C) छत्तीसगढ़ जनमोर्चा | (D) छत्तीसगढ़ संघर्ष समिति |

*PSC Food Ins 2008*

उत्तर–(B)

व्याख्या– डॉ खूबचंद बघेल ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की मांग करते हुए छत्तीसगढ़ भ्रातृत्व संघ की स्थापना 1967 में की थी। वे पूर्व में राज्यसभा के सदस्य रहे हैं। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की स्थापना शंकर गुहा नियोगी के द्वारा की गई थी।

---

45 छत्तीसगढ़ कितने राज्यों को छूता है–

| | |
|---|---|
| (A) 5 | (B) 6 |
| (C) 7 | (D) 4 |

*Vya. Food Ins 2007, PSC Jail Superintedent 2008*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा कुल 7 राज्यों को छूती है, यह 7 राज्य निम्नलिखित हैं– उत्तरप्रदेश, झारखंड, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलंगाना, महाराष्ट्र तथा मध्यप्रदेश

---

46 छत्तीसगढ़ का सर्वप्रथम सुनियोजित संघर्ष कब आरंभ हुआ–

| | |
|---|---|
| (A) 1955 | (B) 1960 |
| (C) 1945 | (D) 1975 |

*Vya. Mandal Sanyojak 2008*

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य का सुनियोजित संघर्ष 1975 में आरंभ हुआ था।

---

47 छत्तीसगढ़ का मातृ राज्य कौन सा है–

| | |
|---|---|
| (A) उत्तराखण्ड | (B) मध्यप्रदेश |
| (C) बिहार | (D) झारखण्ड |

*Vya. Mandal Sanyojak 2008*

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ का मातृ राज्य मध्यप्रदेश है, जिससे 1 नवंबर 2000 को पृथक होकर छत्तीसगढ़ एक स्वतंत्र राज्य के रूप में स्थापित हुआ।

---

48 छत्तीसगढ़ राज्य गठन के विधेयक पर भारत के राष्ट्रपति ने किस तिथि को हस्ताक्षर किये?

| | |
|---|---|
| (A) 31 जुलाई, 2000 | (B) 9 अगस्त, 2000 |
| (C) 25 अगस्त, 2000 | (D) 28 अगस्त, 2000 |

*PSC ACF 2007*

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य गठन के विधेयक पर भारत के राष्ट्रपति ने 25 अगस्त 2000 को हस्ताक्षर किए।

49 छत्तीसगढ़ शब्द का उल्लेख सर्वप्रथम किस राज्य में हुआ?

(A) खैरागढ़ (B) रतनपुर

(C) बस्तर (D) रायपुर

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ शब्द का सर्वप्रथम उल्लेख खैरागढ़ राज्य में हुआ था।

50 छत्तीसगढ़ के गठन हेतु लोकसभा में विधेयक प्रस्तुत किया गया:

(A) 15 जुलाई, 2000 को (B) 20 जुलाई, 2000 को

(C) 25 जुलाई, 2000 को (D) 30 जुलाई, 2000 को

उत्तर–(C)

व्याख्या– 25 जुलाई 2000 को गृह मंत्री लालकृष्ण आडवाणी ने पृथक छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के लिए लोकसभा में मध्य प्रदेश पुनर्गठन विधेयक 2000 प्रस्तुत किया था जिसे 31 जुलाई को लोकसभा द्वारा पारित कर दिया गया।

51 किस तिथि को मुख्यमंत्री द्वारा राजकीय गमछा घोषित किया गया?

(A) 18 नवंबर, 2021 (B) 14 अक्टूबर, 2021

(C) 15 अगस्त, 2022 (D) 26 जनवरी, 2022

उत्तर–(B)

व्याख्या– 14 अक्टूबर, 2021 को मुख्यमंत्री द्वारा राजकीय गमछा घोषित किया गया।

52 छत्तीसगढ़ कितने वर्ष तक मध्यप्रदेश का अंग रहा?

(A) 44 (B) 45

(C) 46 (D) 47

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ 1956 से लेकर वर्ष 2000 तक 44 वर्षों के लिए मध्यप्रदेश का एक अंग रहा था। ध्यातव्य है कि 1956 से पहले मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र के कुछ हिस्सों को मिलाकर बनाए गए क्षेत्र का नाम मध्य प्रांत था।

53 छत्तीसगढ़ राज्य प्रतीक चिन्ह में शामिल नहीं है?

(A) ऊर्जा के प्रतीक (B) नदियों को रेखांकित करती लहरें

(C) गोलाकार आकृति (D) सादगी के साथ जनसेवा

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतीक चिन्ह में सादगी के साथ जनसेवा उल्लेख से कोई आदर्श वाक्य नहीं है। सिर्फ सत्य मेव जयते अंकित है।

54 छत्तीसगढ़ शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग किसने किया था?

(A) पं. सुंदर लाल शर्मा (B) दलराम राव

(C) गोपाल दास (D) रविशंकर

उत्तर–(B)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग 1487 में दलराम राव ने किया था,वह खैरागढ़ के राजा लक्ष्मीनिधि के चारण कवि थे।

55 नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य की मांग सर्वप्रथम 1939 में त्रिपुरी कांग्रेस अधिवेशन में किसने उठायी थी?

(A) पं. वामन राव लाखे (B) ई. राघवेन्द्र राव

(C) पं. सुंदर लाल शर्मा (D) पं. रविशंकर शुक्ल

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना की मांग 1939 के त्रिपुरी कांग्रेस अधिवेशन में पंडित सुंदरलाल शर्मा के द्वारा उठाई गई थी। कांग्रेस का यह अधिवेशन सुभाष चंद्र बोस तथा महात्मा गांधी के मध्य मतभेदों को लेकर प्रसिद्ध है।

56 छत्तीसगढ़ के राजकीय वृक्ष का वैज्ञानिक नाम है–

(A) साल गैण्डिस (B) सरई रोबुस्टा

(C) शोरिया रोबुस्टा (D) इनमें से कोई नहीं

उत्तर–(C)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य के राजकीय वृक्ष साल का वैज्ञानिक नाम शोरिया रॉबस्टा है।

57 वैबुलस ब्यूबैलिस वैज्ञानिक नाम है–

(A) वनभैंसा का (B) साल वृक्ष का

(C) पहाड़ी मैना का (D) बरगद वृक्ष का

उत्तर–(A)

व्याख्या– वैबुलस ब्यूबेलिस वन भैंसा का वैज्ञानिक नाम है जो कि छत्तीसगढ़ का राजकीय पशु है।

58 छत्तीसगढ़ का राजकीय पक्षी बस्तर हिल मैना का प्राणिशास्त्रीय नाम है–

(A) ग्रेकुला रिलिजियोसा पेनिन्सुलेरिस

(B) ग्रेकुला इंटरमीजिया

(C) ग्रेटि अंडमानेन्सिस

(D) पावो क्रिस्टेसस

उत्तर–(A)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ के राजकीय पक्षी हिल मैना या पहाड़ी मैना का प्राणी शास्त्रीय नाम ग्रेकुला रिलिजियोसा पेनिनसुलेरिस है।

59 राज्य के राजकीय प्रतीक के संबंध में सुमेलित नहीं है–

(A) लहरें – नदी

(B) वज्र – ऊर्जा

(C) बालियां – प्रमुख फसल धान

(D) गोल आकृति – भू–आवेष्ठित राज्य का

उत्तर–(D)

व्याख्या– छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतीक चिन्ह में गोलाकार चिन्ह राज्य में विकास की अदम्य आकांक्षाओं को दर्शाता है।